seemasandeshsgr@gmail.com ☎ 0154-2466402, 2466403 ■ जयपुर ■ श्रीगंगानगर ■ हनुमानगढ़ ■ बीकानेर ■ बठिण्डा से एक साथ प्रसारित

श्रीगंगानगर, सोमवार, 26 अक्टूबर, 2026

seema-sandesh.com


वर्ष 1951 से निरन्तर प्रकाशित

सीमा सन्देश

संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

ताकत किसान की, जवान की

■ वर्ष : 56 ■ अंक : 293 ■ मूल्य : रु. 4.00 ■ पृष्ठ : 12



आज श्रीगंगानगर स्थापना दिवस

भारतीय वायुसेना का 94वां स्थापना दिवस

वायुसेना के शो में 100 विमानों ने हिस्सा लिया



गंगा के ऊपर गरजे लड़ाकू विमान

मोदी ने देखा 'विंग्स ओवर गंगा' एयर शो

'हर हर महादेव' और 'भारत माता की जय' के जयघोष से प्रधानमंत्री का स्वागत

वाराणसी।

भारतीय वायुसेना के 94वें स्थापना दिवस पर रविवार को नमो घाट पर आयोजित 'विंग्स ओवर गंगा' एयर शो में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शिरकत की। गंगा के ऊपर करीब सौ विमानों के रोमांचक हवाई करतबों ने काशीवासियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



इस दौरान लोगों ने 'हर हर महादेव' और 'भारत माता की जय' के जयघोष से प्रधानमंत्री का स्वागत किया। एयर शो में राफेल, सुखोई-30 एमकेआई, सूर्य किरण सहित वायुसेना के लड़ाकू विमानों और हेलीकॉप्टरों ने अपनी क्षमता और कौशल का प्रदर्शन किया। 'काशी' फॉर्मेशन में सूर्य किरण विमानों ने तिरंगे के रंगों की छटा बिखेरी, जबकि राफेल और सुखोई ने शानदार करतब दिखाए। कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल भी मौजूद रहे। इससे पहले प्रधानमंत्री ने वाराणसी में गारमेंट एवं अपैरल मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का उद्घाटन किया। वायुसेना के शो में 100 विमानों ने हिस्सा लिया

रिकॉर्ड स्तरों से नीचे आए भाव, खरीदारी से पहले बाजार पर नजर जरूरी

धरतेरस से पहले सोना-चांदी सस्ते, 24 दिन में चांदी 26 हजार रुपए तक टूटी

नई दिल्ली।

धनतेरस, दीपावली और शादी-ब्याह के सीजन से पहले सोना-चांदी खरीदने की तैयारी कर रहे लोगों के लिए राहत की खबर है। हाल के दिनों में दोनों कीमती धातुओं के दामों में गिरावट आई है। चांदी का भाव 2 लाख रुपए प्रति किलो से नीचे आ गया है, जबकि सोना भी अपने रिकॉर्ड स्तर से काफी सस्ता हो चुका है।

सोने में 6000 से ज्यादा गिरावट

इंडियन बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के आंकड़ों के अनुसार, 30 सितंबर से 23 अक्टूबर 2026 के बीच 24 कैरेट सोना 6,258 रुपए प्रति 10 ग्राम सस्ता हुआ। 30 सितंबर को 24 कैरेट सोने का भाव 1,47,888 रुपए प्रति 10 ग्राम था, जो 23 अक्टूबर को घटकर 1,41,630 रुपए रह गया। वहीं 22 कैरेट सोने की कीमत में भी 6,349 रुपए प्रति 10 ग्राम की गिरावट दर्ज की गई।



चांदी में ज्यादा गिरावट देखने को मिली

सोने के मुकाबले चांदी की कीमत में ज्यादा गिरावट देखने को मिली है। आईबीजेए के अनुसार, 30 सितंबर को चांदी का भाव 2,20,435 रुपए प्रति किलो था, जो 23 अक्टूबर तक घटकर 1,94,415 रुपए रह गया। यानी करीब 24 दिनों में चांदी 26,020 रुपए प्रति किलो सस्ती हुई है। त्योहारों में चांदी के सिक्के, बर्तन और अन्य सामान खरीदने वालों के लिए यह गिरावट महत्वपूर्ण है।

वैश्विक कारणों से प्रभावित हो रहे भाव

सोने-चांदी की कीमतों पर अमेरिकी ब्याज दरों, महंगाई की चिंता, वैश्विक तनाव और निवेशकों की मुनाफावसूली का असर पड़ रहा है। रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बाद बाजार में बिकवाली बढ़ने से कीमतों में दबाव देखा गया है। आने वाले दिनों में अमेरिकी फेडरल रिजर्व के फैसलों पर भी बाजार की नजर रहेगी।

निवेश के विकल्प भी समझें

सोने में निवेश के लिए फिजिकल गोल्ड, गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) और पुराने सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड जैसे विकल्प मौजूद हैं। गहने खरीदते समय मेकिंग चार्ज, जीएसटी, शुद्धता प्रमाण और बिल जरूर जांचना चाहिए। विशेषज्ञों का कहना है कि केवल कीमत गिरने के आधार पर निवेश का फैसला नहीं करना चाहिए, बल्कि अपनी जरूरत और जोखिम क्षमता को ध्यान में रखकर खरीदारी करनी चाहिए।

राहुल अराजकता फैलाना चाहते हैं

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और इंडिया गठबंधन पर देश में अराजकता फैलाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल लगातार आंदोलन कर राजनीतिक अस्थिरता पैदा करने का प्रयास कर रहे हैं। मल्होत्रा ने दिवाली से पहले 1 नवंबर को दिल्ली में प्रस्तावित कांग्रेस रैली का विरोध करते हुए इसे व्यापारिक गतिविधियों के लिए नुकसान दायक बताया। उन्होंने राहुल गांधी से कैट, सीआईटी और दिल्ली व्यापार महासंघ की अपील स्वीकार करते हुए भाईदूज तक सभी राजनीतिक कार्यक्रम स्थगित करने का आग्रह किया।

पहाड़ों की अनदेखी हो रही : रावत

द्वाराहाट (अल्मोड़ा)। परिवर्तन शंखनाद यात्रा में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पलायन से पहाड़ों में खेती प्रभावित हुई है और जंगली जानवर फसलें नष्ट कर रहे हैं, लेकिन सरकार के पास ठोस नीति नहीं है। रावत ने आरोप लगाया कि रोजगार, पेंशन और जनहित के मुद्दों की अनदेखी हो रही है।

गाँव-गाँव विकास का संदेश पहुंचाएं कार्यकर्ता : सीएम भजनलाल शर्मा



सीकर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पंचायत चुनाव के बीच भाजपा कार्यकर्ताओं से गांव-गांव और ढाणी-ढाणी तक सरकार के विकास कार्यों का संदेश पहुंचाने का आह्वान किया। रविवार को खाटूश्यामजी में पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकताओं से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा केवल चुनाव के समय सक्रिय होने वाली पार्टी नहीं, बल्कि 365 दिन जनता के बीच रहने वाला संगठन है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार का लक्ष्य राजस्थान को समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कार्यकताओं से जनता से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं समझने और अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए काम करने की अपील की। उन्होंने बताया कि पंचायत चुनाव के लिए जारी ग्राम विकास संकल्प पत्र में सभी वर्गों के विकास को प्राथमिकता दी गई है। शर्मा ने कहा कि सरकार ने शेखावाटी के विकास के लिए वर्षों से लंबित योजनाओं को गति दी है। यमुना और किशाऊ जल समझौते से क्षेत्र को बड़ा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की मजबूती और अनुशासन के साथ चुनाव में जुटें तथा हर बूथ पर भाजपा की जीत सुनिश्चित करें। उन्होंने निकाय चुनावों में भाजपा की सफलता को जनता के विश्वास का प्रमाण बताया।



सॉफ्टवेयर की जानकारी नहीं देने पर सवाल

नई दिल्ली। कांग्रेस ने चुनाव आयोग पर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर पारदर्शिता नहीं बरतने का आरोप लगाया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि आयोग एसआईआर प्रक्रिया में इस्तेमाल सॉफ्टवेयर की जानकारी देने से इनकार कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सॉफ्टवेयर से जुड़ी जानकारी छिपाने का उद्देश्य कथित हेराफेरी को दबाना है। आयोग ने जानकारी नहीं देने के पीछे गोपनीयता और बौद्धिक संपदा का हवाला दिया है।

राजस्थान को एक लाख की भीड़ का लक्ष्य : वेणुगोपाल

जयपुर। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने सरेंडर नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को लेकर कांग्रेस का विरोध तब तक जारी रहेगा, जब तक निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित नहीं होते। वेणुगोपाल रविवार को जयपुर में कांग्रेस की प्रस्तावित 'वोट बचाओ देश बचाओ' महारैली की तैयारियों को लेकर प्रदेश नेताओं की बैठक लेने पहुंचे थे। कांस्टीट्यूशन क्लब में हुई बैठक में उन्होंने राजस्थान कांग्रेस को रैली में एक लाख लोगों की भागीदारी का लक्ष्य दिया। मीडिया से बातचीत में वेणुगोपाल ने कहा कि रैली से व्यापारियों को नुकसान नहीं, बल्कि फायदा होगा, क्योंकि अधिक लोगों के आने से खरीदारी भी बढ़ेगी। भाजपा द्वारा राहुल गांधी की विदेश यात्राओं पर सवाल उठाने पर उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा को पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश यात्राओं पर ध्यान देना चाहिए। बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।



भाजपा ने पलटवार करते हुए कहा- गुंडे-मवालियों की भाषा बोल रहे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन

खड़गे के बयान पर विवाद, भाजपा ने कांग्रेस पर साधा निशाना

पटना।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बिहार दौरे के दौरान उनके एक बयान को लेकर विवाद खड़ा हो गया। डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की जयंती कार्यक्रम में भाषण के दौरान एक व्यक्ति ने कहा



कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नहीं जाने वाले हैं। इस पर खड़गे ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए विवादित टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि 'मोदी क्या, मोदी का बाप भी जाएगा'। इसके बाद कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने उक्त व्यक्ति के साथ मारपीट की। भाजपा ने खड़गे के बयान का वीडियो साझा कर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी की भाषा और कार्यशैली माफिया प्रवृत्ति जैसी हो गई है। वहीं खड़गे ने अपने संबोधन में नीतीश कुमार पर निशाना साधा और कहा कि उन्होंने समाजवादी विचारधारा छोड़कर भाजपा का साथ दिया है। खड़गे ने श्रीकृष्ण सिंह को आधुनिक बिहार में लोकतंत्र और विकास का नायक बताते हुए भूमि सुधार जैसे कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने चुनाव आयोग और केंद्र सरकार पर भी आरोप लगाए तथा कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए जनता को जागरूक होना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की टिप्पणी को लेकर भाजपा ने पलटवार किया है। भाजपा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस अध्यक्ष ने अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल किया है। भाजपा ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष गुंडे-मवालियों की भाषा बोल रहे हैं। पार्टी ने कहा कि कांग्रेस की राजनीति में माफिया प्रवृत्ति दिखाई देती है। भाजपा ने दावा किया कि कांग्रेस सत्ता में वापसी का सपना देख रही है, लेकिन देश की जनता उसे कभी पूरा नहीं होने देगी।

सारी मर्यादाएं तार-तार कर दीं : अमित शाह



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर की गई टिप्पणी की निंदा की है। शाह ने कहा कि इस बयान ने राजनीतिक मर्यादाओं को तार-तार कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के पास अब कोई मुद्दा नहीं बचा है और वह केवल गाली-गलौज की राजनीति कर रही है। शाह ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस लगातार अभद्र भाषा की सीमा पार कर रही है। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी पर पहले भी किए गए हमलों का जनता ने चुनावों में जवाब दिया है और आगे भी देगी।

ईवीएम हटाओ, बैलेट पेपर लाओ : खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भाजपा पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि देश में कई भाजपा सरकारें चोरी से बनी हैं। डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की जयंती समारोह में खड़गे ने चुनाव ईवीएम की बजाय बैलेट पेपर से कराने की मांग की। उन्होंने कहा, ह्लईवीएम हटाओ, बैलेट पेपर लाओ।ह्व खड़गे ने आरएसएस और भाजपा पर भी हमला बोला तथा चुनाव प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाए।

यह माफिया गैंग: भाजपा

खड़गे की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर की गई टिप्पणी पर भाजपा ने हमला बोला है। डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की जयंती कार्यक्रम में खड़गे ने एक कार्यकर्ता की टिप्पणी पर जवाब देते हुए विवादित बयान दिया था। भाजपा ने इसे अमर्यादित भाषा बताते हुए कहा कि देश की जनता कांग्रेस का यह सपना कभी पूरा नहीं होने देगी और पार्टी की कार्यशैली पर सवाल उठाए। भाजपा ने कहा कि कांग्रेस एक राजनैतिक दल नहीं, बल्कि माफिया गैंग है।

आंदोलन अपने बोझ से खत्म हुआ: शर्मा

बहरोड़। नोएडा सांसद महेश शर्मा ने रविवार को बहरोड़ में जंतर-मंतर आंदोलन और आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आंदोलन अपने ही बोझ से खत्म हो गया और आरोप लगाया कि कुछ लोगों को लालच देकर इससे जोड़ा गया था। शर्मा ने कहा कि भाजपा 2027 के विधानसभा चुनाव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केंद्र सरकार की योजनाओं के आधार पर लड़ेगी। उन्होंने गरीब कल्याण योजनाओं को सरकार की बड़ी उपलब्धि बताया।

तो पंचायत चुनाव क्यों लड़ रहे : भाटिया

जयपुर। भाजपा प्रदेश प्रभारी संजय भाटिया ने कांग्रेस और इंडिया गठबंधन की 1 नवंबर को प्रस्तावित महारैली को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चुनाव जीतने पर वोट चोरी का मुद्दा नहीं उठाती, लेकिन हार के बाद चुनाव प्रक्रिया पर सवाल खड़े करती है। यदि चुनाव आयोग पर भरोसा नहीं तो पंचायत चुनाव क्यों लड़ रहे हैं। भाटिया ने कहा कि विपक्ष को आरोप लगाने के बजाय आत्मचिंतन करना चाहिए। उन्होंने अनुच्छेद 370, सर्जिकल स्ट्राइक, एयरस्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर पर विपक्ष की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों पर राजनीति नहीं होनी चाहिए।

मरुधरा का मुकुटमणिः छह दशकों के इतिहास, शौर्य और विकास के आईने में श्रीगंगानगर

आमुखः रेत के धोरों से लहलहाती फसलों तक की विकास-यात्रा

श्रीगंगानगर। उत्तरी राजस्थान के छोर पर स्थित श्रीगंगानगर केवल एक भौगोलिक सीमा या प्रशासनिक जिला मात्र नहीं है; यह मानवीय इच्छाशक्ति, दूरदर्शिता और अथक परिश्रम से रचा गया एक जीवंत आधुनिक तीर्थ है। बीकानेर रियासत के आधुनिक निर्माता महाराजा गंगासिंह जी के स्वप्न, गंगनहर के अमृतमय प्रवाह और सीमांत किसानों के पसीने ने जिस मरुभूमि को 'राजस्थान का अन्न का कटोरा' बनाया, आज वह अपनी स्थापना के ऐतिहासिक पड़ाव पर आत्मगौरव से मुस्कुरा रहा है। 26 अक्टूबर को श्रीगंगानगर के स्थापना दिवस पर जब हम अतीत की ओर मुड़कर देखते हैं, तो बीकानेर संभाग के सबसे पुराने और विश्वसनीय प्रहरी—दैनिक 'सीमा सन्देश'— के पन्नों में इस समूचे अंचल का स्पंदन, उसकी चुनौतियां, युद्धों की ज्वाला और विकास की स्वर्णिम गाथाएं जीवंत हो उठती हैं। छह दशकों से अधिक समय का यह संकलन केवल अखबार की स्याही नहीं, बल्कि सीमांत गंगानगर के रग-रग में बहती जीवटता का प्रामाणिक दस्तावेज है।

आज श्रीगंगानगर स्थापना दिवस...



महाराजा गंगा सिंह किसान की भूमिका में, साथ में है पंडित मदन मोहन मालवीय। यह तस्वीर गंगनहर में पहली बार जब पानी आया, तब महाराजा ने इस धरा पर बैलों की सहायता से हल चलाकर बीज का रोपण किया, तब की है।

सीमांत का संबल और सामरिक संवेदनशीलता

पंजाब, हरियाणा और पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय सरहद से घिरे होने के कारण श्रीगंगानगर का सामरिक और राष्ट्रीय महत्व अद्वितीय रहा है। यह मात्र एक कृषि प्रधान जिला नहीं, बल्कि देश की उत्तरी-पश्चिमी सीमा की अभेद्य ढाल भी है।

सीमाई चुनौतियां और युद्ध की विभीषिकाः पाकिस्तान से सटी लंबी सीमा के कारण आरंभिक दौर में कमजोर पहरेदारी, मादक पदार्थों और अवैध हथियारों की तस्करी जैसी चुनौतियां इस क्षेत्र ने निरंतर झेलीं। 1965 और 1971 के भारत-पाक युद्धों की तोपों की गूंज और हलचल को सीमांत वासियों ने सीने पर सहा, वहीं करगिल संघर्ष के दौर में भी सीमा पर उपजे तनाव में इस अंचल ने अटूट धैर्य दिखाया।



*सीमा सन्देश के **डायरेक्टर डॉ. श्रीधर** द्वारा लिखित पुस्तक '**सीमा सन्देश के आईने में गंगानगर**'। इस आलेख की पूरी जानकारी इसी पुस्तक से ली गई है।*

अतुलनीय देशभक्ति और जन-समर्पणः 1962 में भारत-चीन युद्ध के संकट के समय गंगानगर के नागरिकों ने अपनी गाढ़ी कमाई से 2 लाख रुपये राष्ट्रीय सुरक्षा कोष में समर्पित किए थे। चिड़ावा (झुंझुनूं) की एक समृद्ध महिला द्वारा गुप्तदान में दी गई बड़ी सोने की ईंट से लेकर गंगानगर के नागरिकों द्वारा देश के प्रधानमंत्रियों—पंडित जवाहरलाल नेहरू, मोरारजी देसाई और श्रीमती इंदिरा गांधी—को उनके वजन के बराबर सोने के आभूषणों से तोलकर राष्ट्र रक्षा हेतु भेंट करना यहां की दानवीरता और अगाध राष्ट्रभक्ति का स्वर्णिम उदाहरण है।

विश्व पटल पर गौरवः इसी धरा के खालसा कॉलेज के पूर्व छात्र रहे कर्नल अवतार सिंह चीमा ने विश्व की सर्वोच्च पर्वत चोटी माउंट एवरेस्ट पर तिरंगा फहराकर गंगानगर का नाम विश्व इतिहास में स्वर्णाक्षरों में दर्ज कराया।

हरित क्रांति की जन्मभूमिः सूरतगढ़ से फैली कृषि यांत्रिकी की रोशनी

श्रीगंगानगर की पहचान उसकी उपजाऊ मिट्टी और कृषि क्रांति से है, लेकिन इसे आधुनिक यांत्रिकी का स्वरूप दिलाने में वैश्विक मैत्री का बड़ा योगदान रहा।

- **रूस से सूरतगढ़ तक की ऐतिहासिक यात्राः** 1955 में प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने सोवियत संघ (रूस) का दौरा कर भारत में आधुनिक कृषि की नींव रखने का संकल्प लिया था। इसके फलस्वरूप 1956 के आरंभ में सोवियत संघ के शीर्ष नेता निकिता खुश्चेव और प्रधानमंत्री निकोलाई बुलगानिन स्वयं पंडित नेहरू के साथ सूरतगढ़ पहुंचे।
- **देश का पहला केंद्रीय राज्य फार्मः** रूस द्वारा 75 लाख रुपये के आधुनिक कृषि उपकरण उपहार स्वरूप दिए गए और सूरतगढ़ में भारत के प्रथम सरकारी 'केंद्रीय राज्य फार्म' की ऐतिहासिक शुरूआत हुई।
- **देश का अनूठा जिलाः** श्रीगंगानगर पूरे देश का एकमात्र ऐसा जिला बना जहां कालांतर में तीन विशाल केंद्रीय राज्य फार्म—सूरतगढ़, जैतसर और सरदारगढ़—एक साथ स्थापित हुए, जिन्होंने समूचे देश को उन्नत बीज और आधुनिक कृषि तकनीक उपलब्ध कराई।

जीवनदायिनी नहरेंः प्यासी धरती का भागीरथी कायाकल्प

रेगिस्तान को नखलिस्तान में तब्दील करने का जो सपना 1927 में गंगनहर के रूप में साकार हुआ था, आजादी के बाद उसे विशाल पंख लगे।

- **भाखड़ा नांगल प्रणालीः** आजादी के बाद गंगानगर में दूसरी बड़ी सिंचाई प्रणाली भाखड़ा नांगल डैम से जुड़ी, जिसका लोकार्पण 1954 के मध्य में प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने किया। उस समय 7 करोड़ मानव दिवसों के श्रम से निर्मित यह देश का दूसरा सबसे ऊंचा बांध था, जिससे हनुमानगढ़ और गंगानगर के खेतों को पानी और बिजली की नई ऊर्जा मिली।
- **इंदिरा गांधी नहर (राजस्थान नहर):** मरुभूमि के कायाकल्प की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजना 'राजस्थान नहर' (जो बाद में इंदिरा गांधी नहर परियोजना कहलाई) ने इस अंचल से गुजरते हुए लूनकरणसर, बीकानेर, जैसलमेर और जोधपुर तक की प्यास बुझाई। यह दुनिया की सबसे बड़ी सिंचाई परियोजनाओं में से एक सिद्ध हुई, जिसने अकाल और भुखमरी को हमेशा के लिए इस सीमांत से खदेड़ दिया।

बुनियादी ढांचे का सफरः रेल, सड़क और ऊर्जा की नई किरणें

विभाजन के समय आधारभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे इस सीमावर्ती जिले ने यातायात और ऊर्जा के क्षेत्र में लंबा और संघर्षपूर्ण सफर तय किया है।

हमारी जीवनदायिनी



रेल व सड़क संपर्क

- **विभाजन की मार और नई लाइनें:** कभी लाहौर-अमृतसर-कराची रेल मार्ग से जुड़ा हिन्दूमलकोट आजादी के बाद भारतीय सीमा का अंतिम छोर बनकर सिमट गया। दिल्ली जाने के लिए पहले बस से हिन्दूमलकोट जाकर बड़ी लाइन पकड़नी पड़ती थी।
- **11 जनवरी 1970 का ऐतिहासिक दिनः** 1.70 करोड़ रुपये की लागत से बनी 17 मील लंबी ब्रॉडगेज लाइन पर गंगानगर से मोहनपुरा, खाटलबाना और फतूही होते हुए हिन्दूमलकोट के लिए पहली बड़ी रेलगाड़ी दौड़ी और गंगानगर देश के ब्रॉडगेज नक्शे पर दर्ज हुआ।
- **राजधानी से जुड़ावः** 1958 में पहली बार लोहारू होकर और बाद में चूरू-सीकर मार्ग से मीटरगेज के जरिए गंगानगर को राज्य की राजधानी जयपुर से जोड़ा गया। स्वरूपसर, सूरतगढ़ और हनुमानगढ़ के ब्रॉडगेज आमान परिवर्तन के लंबे उतार-चढ़ावों के बाद आज यह शहर देश के प्रमुख महानगरों से तीव्रगामी रेलों से सीधे जुड़ चुका है।

विद्युत और पेयजल

- **सूरतगढ़ सुपर थर्मल पावर स्टेशनः** पहले पंजाब के भाखड़ा डैम और कोटा थर्मल पर निर्भर रहने के कारण गंगानगर लंबे बिजली कटों से जूझता था। मई 1998 में सूरतगढ़ में स्थापित थर्मल पावर स्टेशन ने इस अंचल की तकदीर बदल दी। वर्तमान में सुपर क्रिटिकल इकाइयों सहित हजारों मेगावाट बिजली पैदा कर यह 'थर्मल हब' पूरे राजस्थान को रोशन कर रहा है।
- **शहरी पेयजल व सीवरेजः** 1952 में जगजीवन राम के दौरे के बाद वाटरवर्क्स की नींव पड़ी, और दशकों के इंतजार के बाद शहर को आधुनिक सीवरेज व ड्रेनेज प्रणाली प्राप्त हुई।

शिक्षा और चिकित्साः संभाग का उभरता हब

शिक्षा और स्वास्थ्य के अभाव से जूझने वाले इस अंचल को स्थानीय दानवीरों और प्रबुद्ध समाजसेवियों ने अपने श्रम व दान से संवारा।

शिक्षा का आलोक

- **संस्थापकों का योगदानः** आर्य समाज, सनातन धर्म और खालसा शिक्षण संस्थाओं ने प्राथमिक विद्यालयों से कॉलेज स्तर तक की शिक्षा का जाल बिछाया। संगरिया में शिक्षा संत स्वामी केशवानन्द जी द्वारा स्थापित 'ग्रामोत्थान विद्यापीठ' और चौधरी हरीशचंद्र नैन के प्रयास ऐतिहासिक रहे। इसके बाद सेठ गिरधारीलाल बिहाणी, पंडित त्रिलोचन दत्त भारद्वाज, आत्माराम वर्मा, डॉ. मदन गोपाल और पंडित ताराचंद शर्मा जैसे मनीषियों ने इसे गति दी।
- **उच्च शिक्षा का विस्तारः** 1958 में पंडित गोविंद वल्लभ पंत द्वारा शिलान्यास और 1963 में मुख्यमंत्री मोहनलाल सुखाड़िया द्वारा उद्घाटित 'चौधरी बल्लूराम गोदारा राजकीय कन्या महाविद्यालय' ने नारी शिक्षा में क्रांति ला दी। कला के लिए राजकीय कॉलेज, विज्ञान के लिए खालसा कॉलेज और वाणिज्य के लिए एसडी व एमडी कॉलेज ने अपनी धाक जमाई। आज इंजीनियरिंग, डेंटल, विधि, नर्सिंग महाविद्यालयों से लेकर निजी क्षेत्र के विश्वविद्यालयों तक, गंगानगर शिक्षा का सिरमौर बन चुका है।

स्वास्थ्य सेवाएं

- **अस्पताल से मेडिकल कॉलेज तकः** रियासतकालीन कलेक्ट्रेट परिसर के छोटे अस्पताल के स्थान पर सूरतगढ़ मार्ग पर 40 बीघा भूमि खरीदकर और जनता पर स्वैच्छिक सेस लगाकर 1987 में नए जिला चिकित्सालय की नींव रखी गई। दानवीर उद्योगपति बीडी अग्रवाल के सहयोग और राजकीय प्रयासों से मेडिकल कॉलेज का मार्ग प्रशस्त हुआ, जिससे आज सीमांत के नागरिकों को उच्चस्तरीय विशेषज्ञ चिकित्सा सुलभ हो रही है।

सामाजिक समरसताः नफरत की आंधी में भी अडिग भाईचारा

1980 के दशक में जब पड़ोसी राज्य पंजाब आतंकवाद की भीषण ज्वाला में झुलस रहा था—रेलवे स्टेशन फूंके जा रहे थे, बसें रोकी जा रही थीं और कर्फ्यू का साया था—उस कठिन दौर में भी श्रीगंगानगर ने अपनी साझी तहजीब और भाईचारे की मिसाल कायम रखी। सीमा से मात्र 5 किलोमीटर दूर पंजाब की सीमा होने और भारी तनाव के बावजूद गंगानगर के हिंदू और सिख समुदाय ने एक-दूसरे का हाथ थामे रखा। मई 1984 में पाथल थिएटर में हुए कायराना बम विस्फोट और अप्रैल 1984 में सादुलशहर एसबीआई शाखा पर हुए हमले के गहरे घावों के बावजूद यहां के नागरिकों ने आपसी सद्भाव और शांति को कभी टूटने नहीं दिया। साझी संस्कृति और नहरी किसानी के रिश्तों ने नफरत की हर साजिश को नाकाम कर दिया।

अपराध पर नकेलः 'कनपटी मार' शंकरिया का अंत

गंगानगर के 1970 के दशक के इतिहास में अपराध जगत की एक खौफनाक दास्तान 'कनपटी मार' शंकरिया से जुड़ी है। रात को सोते हुए निर्दोष नागरिकों की कनपटी पर हथौड़े या लोहे की रॉड से वार कर मार डालने वाले इस क्रूर अपराधी ने गंगानगर, पंजाब और हरियाणा में दहशत फैला रखी थी और उस पर 70 हत्याओं का आरोप था। तत्कालीन जांबाज एसपी श्याम प्रताप सिंह राठौड़ और डीएसपी शंकर सुरोलिया की अगुवाई में पुलिस टीम ने बिना किसी सुराग के 1 जून 1973 को उसे दबोचने में सफलता पाई। जून 1975 में उसे मृत्युदंड सुनाया गया और बाद में जयपुर सेंट्रल जेल में फांसी दी गई। इस जटिल केस की केस-डायरी और खबरों को राष्ट्रीय फलक पर लाने में स्थानीय प्रेस की भूमिका उल्लेखनीय रही।

राजनीतिक व प्रशासनिक मील के पत्थर

- **द्वि-सदस्यीय लोकसभा व व्यय सीमाः** देश के पहले आम चुनाव (1951-52) के दौर में गंगानगर-झुंझुनूं एक संयुक्त द्वि-सदस्यीय संसदीय सीट हुआ करती थी, जहां एक सीट सामान्य और एक सुरक्षित थी। 1957 के दौर में संसदीय चुनाव खर्च की अधिकतम सीमा मात्र 25 से 35 हजार रुपये हुआ करती थी।
- **दशमलव प्रणाली की शुरूआतः** 1 अप्रैल 1957 को जब देश में आना-पाई प्रणाली समाप्त होकर 'नया पैसा' लागू हुआ, तब पोस्टकार्ड 3 नए पैसे, जवाबी पोस्टकार्ड 6 नए पैसे और अंतरदेशीय पत्र मात्र 10 नए पैसे में मिला करता था।
- **जनसंख्या विस्फोटः** 1961 की जनगणना में श्रीगंगानगर जिले ने पूरे राज्य में सर्वाधिक 64.14 प्रतिशत की दशकीय जनसंख्या वृद्धि दर्ज की थी, जो नहरी पानी आने के बाद देश-भर से आकर बसने वाले मेहनतकश प्रवासियों के आकर्षण को सिद्ध करती है।
- **महापुरुषों के चरणः** देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन, पंडित नेहरू, विनोबा भावे, ज्ञानी जैल सिंह, लालकृष्ण आडवाणी, अटल बिहारी वाजपेयी से लेकर वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक देश के शीर्ष नेतृत्व ने इस सीमांत धरा पर जनसभाओं और परियोजनाओं के जरिए अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है।

बदलते दौर में स्थानीय मीडिया का दायित्व

सूचना क्रांति और इंटरनेट के विस्तार ने जब महानगरों के भारी-भरकम राष्ट्रीय समाचार पत्रों के अस्तित्व और प्रसार पर सवाल खड़े किए, तब स्थानीय (हाइपर-लोकल) पत्रकारिता की प्रासंगिकता और अधिक निखरकर सामने आई। क्लीवलैंड स्टेट यूनिवर्सिटी के शोध बताते हैं कि डिजिटल युग में बड़े अखबार घटे हैं, परंतु स्थानीय माटी, तहसील, गांव और कस्बे की धड़कन बनने वाले छोटे व प्रादेशिक समाचार पत्रों का महत्व आज भी अक्षुण्ण है। 64 वर्षों से अधिक समय से ट्रेडल मशीन से लेकर आधुनिक डिजिटल युग तक की यात्रा तय करने वाला स्थानीय प्रेस इस क्षेत्र के इतिहास, किसान आंदोलनों (जैसे 1954 का ऐतिहासिक आबियाना आंदोलन) और सामाजिक उत्थान का सच्चा साक्षी रहा है।

संकल्प और भविष्य का क्षितिज

स्थापना दिवस केवल अतीत के पन्ने पलटने का अवसर नहीं, बल्कि भावी पीढ़ी के लिए एक समृद्ध संकल्प का दिन है। महाराजा गंगासिंह जी की दूरदृष्टि और सीमावर्ती किसानों-मजदूरों के पसीने से सींची गई यह धरा आज कृषि से आगे बढ़कर एग्रो-इंडस्ट्रीज, आधुनिक शिक्षा, सौर ऊर्जा और चिकित्सा के नए क्षितिज छू रही है। रेत के धोरों को चुनौती देकर हरित क्रांति का परचम लहराने वाले श्रीगंगानगर का यह इतिहास हमें स्मरण कराता है कि संसाधन भले सीमित हों, पर यदि संकल्प दृढ़ हो तो मरुभूमि में भी खुशहाली के फूल खिलाए जा सकते हैं। स्थापना दिवस के इस पावन पर्व पर गंगानगर के अमर शहीदों, जागरूक नागरिकों, अन्नदाताओं और कर्मठ पुरोधाओं को कोटि-कोटि नमन!



■ **डॉ. श्रीधर शर्मा, मो. 94140-89289**

शिवपुर हैड पर पूजा-अर्चना व स्वागत-सत्कार कार्यक्रम आज

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। गंगानगर स्थापना दिवस-2026 के तहत जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन जारी है। स्थापना दिवस कार्यक्रमों की कड़ी में 26 अक्टूबर को सुबह शिवपुर हैड पर पूजा-अर्चना कार्यक्रम और शाम को सूरतगढ में एक शाम धोरों के नाम कार्यक्रम सायं 4 बजे से आरम्भ होगा। जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने बताया कि गंगानगर स्थापना दिवस के तहत 22 अक्टूबर से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन जारी है। 26 अक्टूबर को प्रातः 7 बजे महाराजा गंगासिंह स्टेच्यू सर्किल पर माल्यार्पण होगा। लोक कलाकारों द्वारा अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से अतिथियों का स्वागत-सत्कार किया जाएगा। सुबह सवा 8 बजे शिवपुर हैड पर पूजा-अर्चना के बाद सवा 9 बजे पौधारोपण कार्यक्रम होगा। इस दौरान लोक कला संस्कृति से संबधित कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां भी दी जायेंगी।

मैराथन में हजारों प्रतिभागियों ने की शिरकत, युवाओं के साथ बुजुर्गों ने भी दिखाया जोश, प्रतिभागियों को दिलाई नशामुक्ति और मतदान की शपथ

नशामुक्ति और बेहतर स्वास्थ्य के लिए मैराथन में उत्साह से दौड़ा गंगानगर

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। श्रीगंगानगर के 100वें स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को फिट गंगानगर सोसायटी श्रीगंगानगर की ओर से आयोजित 'गंगानगर मैराथन 2026' में नशामुक्ति और बेहतर स्वास्थ्य के लिए हजारों प्रतिभागी उत्साह से दौड़े। मैराथन की 21, 10, 5 किलोमीटर सहित सभी श्रेणियों में हजारों प्रतिभागियों ने शिरकत कर स्थापना दिवस को यादगार बना दिया। दौड़ में युवाओं के साथ बुजुर्गों का जोश देखने लायक रहा। आमजन और जिला प्रशासन की सहभागिता के अलावा स्पॉन्सर्स के सहयोग से आयोजन ऐतिहासिक बन पड़ा।

पुलिस लाइन श्रीगंगानगर में अलसुबह पहुंचे प्रतिभागियों ने अपनी-अपनी श्रेणियों में दौड़ने के लिए रिपोर्टिंग की। संगीत और अभ्यास के बीच सभी प्रतिभागियों को वार्मअप करवाया गया। इसके बाद पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट चंडीगढ़ के माननीय न्यायाधिपति हरमीत सिंह देओल, मेजर जनरल अनुज कालिया (वीएसएम जीओसी), आईजी बीकानेर ओमप्रकाश, जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव, हनुमानगढ़ जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव, एसपी हरिशंकर, जिला परिषद सीईओ अभिषेक जैन सहित अन्य ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन को रवाना किया।

ये रहे उपस्थित : मैराथन में 21 किलोमीटर की दौड़ पूरी करने वाले 75 वर्षीय सुभाष गोदारा सहित अन्य विजेताओं और सहयोगियों को



अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। आयोजन में सादुलशहर विधायक गुरवीर बराड़, एडीएम प्रशासन सुभाष कुमार, कदम सतर्कता अधिवेन के. पवार, एसडीएम नयन गौतम, एएसपी दीपक शर्मा, फिट गंगानगर सोसायटी के सभी पदाधिकारी, आयोजन के स्पॉन्सर्स, दीपक कुक्कड़, वीरेंद्रपाल सिंह, परमजीत सिंह, अरविंदर सिंह, राजेश रानी, श्रीमती श्वेता छाबड़ा सहित समस्त जिला प्रशासन की सहभागिता रही। उद्यान विभाग की उपनिदेशक प्रीति गर्ग और अधिकारिता विभाग के विक्रम ज्याणी ने मंच संचालन किया।

हजारों प्रतिभागियों ने शिरकत की

सबसे पहले 21 किलोमीटर, फिर 10 और 5 किलोमीटर के लिए दौड़ करवाई गई। इसके बाद फन रन का आयोजन किया गया, जिसमें अतिथियों के साथ-साथ हजारों प्रतिभागियों ने शिरकत की। उत्साहपूर्वक दौड़ते हुए सभी प्रतिभागी पुलिस लाइन से रवाना होकर निर्धारित स्थल तक पहुंचे। फिनिश लाइन पर पहुंचने के पश्चात सभी प्रतिभागियों को रिफ्रेशमेंट दिया गया। मैराथन के तहत यातायात व्यवस्था और जगह-जगह पानी, चिकित्सा सहित अन्य आवश्यक इंतजाम भी किए गए। इसके बाद समस्त प्रतिभागियों को विक्रम ज्याणी ने नशामुक्ति और स्वीप समन्वयक रमन कुमार असीजा एवं निर्वाचन आइकॉन शीशपाल लिम्बा द्वारा मतदान की शपथ दिलाई गई। निर्वाचन विभाग के हस्ताक्षर अभियान में भी प्रतिभागियों ने सहभागिता निभाई।

यह उपलब्धि उनके लिए बेहद खास

श्रीगंगानगर। फिटनेस प्रेमी अभिषेक गुप्ता ने मात्र 58 मिनट में 10 किलोमीटर लंबी मैराथन सफलतापूर्वक पूरी की है। अपनी इस सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए अभिषेक ने बताया कि यह उपलब्धि उनके लिए बेहद खास है, क्योंकि दो साल पहले तक उनके लिए कुछ किलोमीटर दौड़ पाना भी बेहद मुश्किल था। मैराथन दौड़ने से न सिर्फ जबरदस्त आत्मविश्वास मिलता है, बल्कि यह व्यक्ति को अपनी सीमाओं से आगे बढ़कर खुद को साबित करने के लिए प्रेरित करती है। अभिषेक की इस शानदार कामयाबी से फिटनेस के प्रति जागरूक युवाओं में भी नया जोश भरा।



मौसम

अधिकतम 31.2° | न्यूनतम 16.3°

आर्द्रता

सुबह 68% | शाम 48%

विंड स्पीड

2-10KM/h

आज का सूर्यास्त

05:53PM

कल का सूर्योदय

06:44AM

आंशिक बादल रहेंगे।

न्यूज इन ब्रीफ

अनुराधा शर्मा को पीएचडी

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। सनातन धर्म महिला बीएड महाविद्यालय की व्याख्याता अनुराधा शर्मा को टांटिया विवि से पीएचडी की उपाधि प्राप्त हुई है।



अनुराधा ने आवासीय एवं गैर-आवासीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के सामाजिक व्यवहार, अध्ययन आदत, शैक्षिक उपलब्धि एवं अभिभावक संबंध का अध्ययन विषय पर अपना शोध कार्य डॉ. आरती के निर्देशन में संपन्न किया। उनकी इस उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं।

गणेशगढ़ में आज माता का जागरण

सीमा सन्देश # गणेशगढ़। गुरुनानक नगर स्थित संस्कृत विद्यालय के पीछे ग्राउंड में 26 अक्टूबर को माता रानी का चौथा विशाल जागरण आयोजित किया जाएगा। भक्तिमय कार्यक्रम में महावीर राजेंद्र एंड पार्टी द्वारा माता रानी के भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। जागरण में गणेशगढ़ यूथ क्लब सेवा कार्यों में सहयोग करेगा। विजय कुमार बघोधलिया, गुरजंट सिंह गिल, रामेश्वर कड़वा और साहिल वर्मा ने बताया कि ग्रामीण आयोजन की तैयारियों में जुटे हैं।

श्रीगंगानगर-दिल्ली एक घंटे देरी से रवाना

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। लिंक रैक में देरी के कारण श्रीगंगानगर से दिल्ली जाने वाली रेलसेवा रविवार को अपने निर्धारित समय से एक घंटे की देरी से रवाना हुई। रेलवे से जानकारी अनुसार गाड़ी संख्या 14029 गंगानगर-दिल्ली रेलसेवा को गंगानगर रेलवे स्टेशन से निर्धारित समय रात 1:40 बजे के स्थान पर एक घंटे की देरी से रात 2:40 बजे रवाना किया गया। रेलवे प्रशासन के अनुसार, रेलसेवा के प्रस्थान में देरी का कारण लिंक रैक का समय पर उपलब्ध नहीं होना था।

पीओ व एपीओ को दिया प्रशिक्षण

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। राज्य निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जिले में पंचायती राज आम चुनाव के तहत रविवार को चौथे दिन भी डीएवी उमा विद्यालय में पीओ व एपीओ प्रथम के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इससे पूर्व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अमित यादव के निदेर्शानुसार कार्मिकों को पंचायती राज आम चुनाव के तहत निर्वाचन कार्यों एवं गतिविधियों की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए आवश्यक प्रशिक्षण दिया गया। ईवीएम और मतपेटी से संबंधित प्रायोगिक प्रशिक्षण भी दिया गया। इस दौरान प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के सहायक प्रभारी अधिकारी सुरेंद्र कुमार सोनी और राजन शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

जिंदगी जोखिम में, कागजी जंजाल में उलझा 10 हजार बिजलीकर्मियों का हक

बाइक के दौर में फाल्ट दूर करने वाले तकनीकी कर्मचारियों को जोधपुर डिस्कॉम साइकल भत्ते के एवज में दे रहा 150 रुपए

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

चिलचिलाती धूप, कड़ाके की ठंड और आंधी-तूफान के बीच बिजली व्यवस्था सुचारू रखने वाले जोधपुर डिस्कॉम के 13 सर्किलों और 48 डिवीजनों के अंतर्गत आने वाले 210 सब-डिवीजनों में कार्यरत करीब 10,000 तकनीकी और मैदानी बिजलीकर्मी आज प्रबंधन की जटिल कागजी प्रक्रियाओं और हठधर्मिता के कारण अपने हक से वंचित हो रहे हैं। प्रतिदिन 15 किलोमीटर से अधिक के कठिन रास्तों पर फील्ड ड्यूटी करने वाले इन कर्मचारियों को मात्र 150 रुपए का 'साइकिल भत्ता' देने के नाम पर ऐसे नियम और शर्तें थोप दी गई हैं, जो व्यवस्था का मखौल उड़ाती नजर आती हैं। भत्ते के नाम पर जीएसटी पक्का बिल, साइकिल के चेसिस नंबर का वेरिफिकेशन और महीनों की चक्करदार प्रक्रिया ने कर्मचारियों को इस हद तक तंग कर दिया है कि वे अपना अधिकार छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं। 10,000 कर्मचारियों के हिसाब से यह मामूली दिखने वाली 150 रुपए की राशि प्रतिमाह 15 लाख रुपए और सालाना 1.80 करोड़ रुपए बैठती है, जो सामूहिक रूप से एक बड़ा वित्तीय मामला बन जाती है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जोधपुर विद्युत वितरण निगम श्रमिक संघ के नेता



करणसिंह राजपुरोहित और विनोद सोनी के अनुसार यदि डिस्कॉम प्रबंधन ने इस विसंगति को दूर कर बकाया भत्ता जारी नहीं किया और दोपहिया भत्ते की नई नीति लागू नहीं की, तो आंदोलन किया जाएगा। इस व्यवस्थागत उदासीनता और जटिल कागजी प्रक्रिया का सबसे बड़ा दर्द जमीन पर काम करने वाले कर्मचारी झेल रहे हैं।

लगता है भत्ता छोड़ ही दें : साहब, रोज कई किलोमीटर का सफर तय कर 11 केवी लाइन के फॉल्ट ठीक करते हैं। जब इस 150 रुपए के साइकिल भत्ते की अर्जी लगाओ, तो दफ्तर वाले जीएसटी पक्का बिल और चेसिस नंबर वेरीफाई कराने को कहते हैं। पुरानी साइकिल पर भत्ता चाहिए तो उसके कागज लाओ। महीनेभर की सैलरी से पैसे खर्च कर बिल बनवाओ, तो बाबू कहते हैं कि दस्तखत कम हैं। तंग आकर अब लगता है कि यह 150 रुपए का भत्ता छोड़ ही दें। - **सोहनलाल,** तकनीकी कर्मचारी

ऊंट के मुंह में जीरा : एक तरफ जान जोखिम में डालकर लाइन मेंटेनेंस का काम करो, दूसरी तरफ पेट्रोल के दाम आसमान छू रहे हैं। जूनियर इंजीनियर को मिलने वाला 135 रु. का पेट्रोल भत्ता आज के समय में ऊंट के मुंह में जीरे जैसा है। जब हम भत्ते हेतु आवेदन करते हैं, तो कागजों के इतने चक्कर कटवाए जाते हैं कि जूते घिस जाते हैं लेकिन राहत नहीं मिलती।-**रमेशकुमार** लाइनमैन

20-22 साल पुरानी व्यवस्था : 20-22 साल पहले की व्यवस्था के तहत डिस्कॉम भुगतान कर रहा है। आजकल लोग बाइक पर जाते हैं, साइकल पर नहीं। वर्तमान हालात को देखते हुए 150 रुपए के पुराने साइकिल भत्ते को खत्म कर तकनीकि कर्मचारियों को पेट्रोल के एवज में दोपहिया भत्ता स्वीकृत किया जाए। इसके अलावा हार्ड ड्यूटी अलाउंस की भी मांग है। कर्मचारी की ड्यूटी 8 घंटे की होती है लेकिन कर्मचारी कई बार 12-12 घंटे काम करते हैं। इसके एवज में मिलता कुछ नहीं। पिछले दिनों आयोजित जेएमसी की 78वीं बैठक के दौरान इन दोनों मुद्दों पर सरकार स्तर पर चर्चा हुई थी। इसके बाद सभी डिस्कॉम को इस मामले पर उनके प्रबंधन स्तर पर निर्णय लेने के लिए सभी विद्युत निगमों को एक संदर्भ (प्रस्ताव) भेजा गया है।

- लालचंद मेहरड़ा
जिला प्रभारी गंगानगर-हनुमानगढ़

वीरों की गाथा लिखेंगे नौनिहाल, 100 को मिलेगा नेशनल अवॉर्ड, आवेदन 31 तक

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

हर विद्यार्थी के मन में कोई न कोई सपना होता है। कोई अपनी कलम से दुनिया बदलना चाहता है, तो कोई रंगों के जरिए अपने विचारों को जीवंत करना। कुछ विद्यार्थी देश के वीर सैनिकों की कहानियों से प्रेरित होकर उनके साहस और बलिदान को शब्दों में पिरोना चाहते हैं।

ऐसे ही सपनों को पहचान देने और विद्यार्थियों के भीतर छिपे देशभक्ति के जज्बे को मंच प्रदान करने के लिए वीर गाथा प्रोजेक्ट 6.0 एक खास अवसर लेकर आया है। इस पहल के तहत विद्यार्थी कविता, कहानी, निबंध, पेंटिंग और वीडियो के माध्यम से देश के वीरता पुरस्कार विजेताओं की शौर्य गाथाओं को प्रस्तुत कर सकेंगे। वीर गाथा परियोजना के इस संस्करण में प्रविष्टियां जमा करने के लिए 31 अक्टूबर तक पोर्टल खुला रहेगा।



जबकि इस प्रोजेक्ट का आयोजन 28 दिसंबर तक किया जाएगा।

3 स्तर पर होगा मूल्यांकन : प्रोजेक्ट वीरगाथा संस्करण-6 में कक्षा 3-12 के विद्यार्थी भाग लेकर अपना प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं। इसमें कला-एकीकृत गतिविधियां जैसे कविता, निबंध, कहानी, पैराग्राफ, पेंटिंग, ड्राइंग, वीडियो छात्रों के लिए परियोजना गतिविधियों के रूप में माना जा सकता है। प्रतिभागियों का मूल्यांकन 3 स्तर पर किया जाएगा।

प्रतियोगिताओं हेतु यूं रहेंगी 3 श्रेणियां : * कक्षा तीसरी से 5 वीं = 150 शब्द की कविता या कहानी

कक्षा छठी से 8वीं= 300 शब्द की कविता या कहानी/पेंटिंग/विडियो

कक्षा 9 वीं से 12वीं= 750 शब्द की कविता या निबंध/पेंटिंग/विडियो

प्रश्नः क्या इस प्रोजेक्ट में केवल केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के विद्यार्थी हिस्सा ले सकतें हैं?

उत्तरः नहीं, सीबीएसई के साथ-साथ आरबीएसई और अन्य राज्य बोर्ड के विद्यार्थी भी भागीदारी कर सकतें हैं। इसमें जिला स्तर पर 4, राज्य स्तर पर 8 तथा राष्ट्रीय स्तर पर 100 सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियों का चयन किया जाएगा।

प्रश्नः वीर गाथा प्रोजेक्ट में विद्यार्थियों के लिए सुझावात्मक टॉपिक क्या हैं?

उत्तरः इसमें मुख्यतः वीरता पुरस्कार विजेताओं से साहस,शौर्य और निस्वार्थता के मूल्यों का संचार, दैनिक जीवन में शामिल करने का संकल्प,मानक जीवन जीने का अवसर तथा भारत के सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रेरणा से जुड़े टॉपिक रहेंगे।

प्रश्नः इसमें भाग लेने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए आवेदन की प्रक्रिया क्या रहेगी?

उत्तरः स्कूलों के सभी भाग लेने वाले छात्रों अधिकृत पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण करवाना होगा। पंजीकृत छात्रों को एक यूनिक आइडी दी जाएगी जिसके तहत प्रविष्टियां जमा की जा सकेंगी।

प्रश्नः चयनित विद्यार्थियों को इस प्रोजेक्ट के क्या विशेष फायदे रहेंगे।

उत्तरः सर्वश्रेष्ठ चयनित प्रविष्टियों को रक्षा मंत्रालय की ओर से 10 हजार रुपए के नकद पुरस्कार से सम्मानित किए जाने के अलावा पोर्टल पर प्रोजेक्ट अपलोड करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र दिया जाएगा।



विशेषज्ञ वार्ता
भूपेश शर्मा,
जिला समन्वयक, विद्यार्थी सेवा केंद्र, श्रीगंगानगर

स्टेशन, ट्रेनों एवं सर्कुलेटिंग एरिया में स्वच्छता बनाए रखने पर भी जोर



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। उत्तर पश्चिम रेलवे के बीकानेर मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक वीरेन्द्र जोशी रविवार को रेलवे स्टेशन पहुंचे। यहां उन्होने स्टेशन का निरीक्षण कर यात्रियों से सीधा संवाद कर उनके यात्रा अनुभवों, सुझावों, अपेक्षाओं एवं समस्याओं की जानकारी ली। वीरेन्द्र जोशी ने यात्रियों से बातचीत कर रेलवे स्टेशन एवं यात्रा के दौरान उपलब्ध यात्री सुविधाओं के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया। उन्होंने यात्रियों की समस्याओं को सुना और यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए उनके सुझावों को महत्वपूर्ण बताया। इस पहल का उद्देश्य यात्रियों को अपनी बात सीधे रेल प्रशासन तक पहुंचाने का अवसर प्रदान करना तथा प्राप्त फीडबैक के आधार पर सुविधाओं में निरंतर सुधार करना है।वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने यात्रियों को अपनी शिकायतों एवं समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए रेल मदद पोर्टल, हेल्पलाइन नंबर 139 तथा रेलवे द्वारा उपलब्ध अन्य माध्यमों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि यात्रियों की समस्याओं को रेल प्रशासन तक पहुंचाने और उनके समाधान की प्रक्रिया में इन माध्यमों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस अवसर पर रेलवे स्टेशन, ट्रेनों एवं सकुर्लेटिंग एरिया में स्वच्छता बनाए रखने पर भी जोर दिया गया। साथ ही रेलवे स्टेशन नए प्लेटफार्म , लिफ्ट, यात्रियों के लिए बन रहे पैदल पुल सहित अन्य व्यवस्थाओं पर भी मंथन हुआ। उन्होंने स्वच्छ रेल परिसर के निर्माण में सभी यात्रियों से सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। इस दौरान शहर के विभिन्न संगठनों के सदस्यों ने सीनियर डीसीएम से मुलाकात कर यहां से नए रेल के संचालन और व्यापारियों के लिए रेलवे द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं में विस्तार की मांग करने के साथ प्रस्ताव भी दिए।

उत्तर पश्चिम रेलवे ने सुरक्षा बढ़ाई, ट्रेनों के एसी कोचों में लगाई अग्नि पहचान प्रणाली

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। रेल यात्रियों की सुरक्षा मजबूत करने के लिए उत्तर पश्चिम रेलवे ने 10 प्राथमिक ट्रेनों के 25 रेकों के 221 एलएचबी वातानुकूलित कोचों में अग्नि एवं धुआं पहचान प्रणाली लगाई है। एफएसडीएस कोचों में धुएं की शुरूआती पहचान कर निर्धारित परिस्थितियों में ऑडियो-विजुअल चेतावनी देती है। इससे ट्रेन स्टाफ को स्थिति की जांच करने और समय रहते आवश्यक सुरक्षा कार्रवाई करने में मदद मिलती है। प्रणाली की प्रभावशीलता बनाए रखने के लिए डिटेक्टरों, अलार्म और बिजली कनेक्शनों की नियमित जांच तथा तकनीकी खामियों का समय पर निवारण आवश्यक है। रेलवे से मिली जानकारी अनुसार यह इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली ऑप्टिकल स्मोक डिटेक्टरों से धुएं के कणों की पहचान करती है। सेंसर संकेत कंट्रोल पैनल तक पहुंचाता है। इससे रेलकर्मियों को सतर्क होने का अवसर मिलता है। यह प्रणाली आग बुझाती नहीं है; इसके लिए अग्निशमन उपकरण और निर्धारित आपातकालीन प्रक्रियाएं जरूरी हैं।

सीमावर्ती क्षेत्र में ऑपरेशन सीमा संकल्प के तहत एक किलो हेरोइन बरामद

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सीमवार्ती क्षेत्र में एक किलो अवैध हेरोइन बरामद की है। हेरोइन के दो पैकेट भारतीय सीमा में खेत से बरामद किए गए।

मामले में अज्ञात तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस अधीक्षक हरि शंकर के अनुसार, जिले को नशामुक्त बनाने और मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन एवं जिला पुलिस की ओर से विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इसी अभियान के तहत ऑपरेशन सीमा संकल्प के अंतर्गत यह कार्रवाई की गई।

जानकारी अनुसार 25 अक्टूबर को रोही 23 ओ क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सीमा से करीब दो किलोमीटर अंदर भारतीय क्षेत्र में संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। खेत से ड्रोन के जरिए गिराए गए दो पैकेट बरामद हुए, जिनमें कुल एक किलो हेरोइन मिली।

कार्रवाई में श्रीकरणपुर थाना पुलिस, सीआईडी और बीएसएफ के जवान शामिल रहे। पुलिस ने बरामद मादक पदार्थ को जब्त कर अज्ञात तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की आगे की जांच संजय कुमार, थाना प्रभारी पुलिस थाना चुनावढ़ को सौंपी गई है। पुलिस के अनुसार, प्रकरण में अनुसंधान जारी है। 12 शब्दों में हैडिंग

हाथी वाले गणेश मंदिर में शरद पूर्णिमा पर पूजन, श्री हनुमान चालीसा पाठ हुआ

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। सेतिया कॉलोनी गली नंबर 3 स्थित हाथी वाले श्री सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में शरद पूर्णिमा एवं श्री गणेश महोत्सव के समापन पर विशेष पूजा-अर्चना की गई। श्री गणपति महाराज का विधि-विधान से पूजन कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। मंदिर में श्री गणपति महाराज, श्री बालाजी महाराज और खाटू वाले श्री श्याम बाबा का सुंदर दरबार सजाया गया। श्री दादाजी संकीर्तन मंडल एवं श्री गणेश महिला संकीर्तन मंडल ने भजन-कीर्तन कर देवी-देवताओं की महिमा का गुणगान किया। आरती के बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। भक्तों ने परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए आशीर्वाद लिया।

हल्दी, जीरा, चना और रिफाइंड तेल में जबरदस्त तेजी से रसोई का बजट बुरी तरह प्रभावित हुआ, नवंबर में नया उत्पादन आने पर राहत संभव

श्रीगंगानगर थोक बाजार में त्योहारी मांग के चलते मसाले, तेल और चीनी के दाम बढ़े

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

स्थानीय थोक बाजार में त्योहारी मांग और आवक के समीकरणों के चलते खाद्य पदार्थों के रुख में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। श्रीगंगानगर के थोक किराना बाजार में पिछले कुछ हफ्तों के दौरान मसालों से लेकर मिष्ठान्न सामग्री तक के दामों में उल्लेखनीय फेरबदल दर्ज की गई है। त्योहारी सीजन के नजदीक आते ही मसालों की रानी हल्दी, जीरा और अजवाइन के तेवर कड़े हो गए हैं, वहीं दाल-दलहन और चीनी के बाजारों में भी ग्राहकी का असर साफ नजर आने लगा है।

किराना और दाल-दलहन बाजार की मुख्य विशेषताएं

मसालों में उबालः हल्दी के भावों में प्रति क्विंटल लगभग 3,000 रुपये तक की जोरदार तेजी आई है। इसी प्रकार जीरा (28,000-30,000) और सौंफ के उच्चे दामों में भी विस्तार देखा गया है, जो शादी-ब्याह व त्योहारी सीजन की अग्रिम मांग को दर्शाता है।

दालों और चने का रुख : दाल-दलहन में काला चना 7,000 रुपये से उछलकर सीधे 8,500 से 9,000 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंच गया है। इसके अलावा डबल डालर चना भी 10,000 से ऊपर ट्रेड कर रहा है, जिससे आम उपभोक्ता की थाली पर हल्का असर पड़ना तय है।

मीठा बाजारः गुड़ लड्डू के दामों में गिरावट (6,400 से घटकर 5,600) आई है, जबकि चीनी महाराष्ट्र व एल और स्थानीय श्रीगंगानगर चीनी (5,700) के दामों में तेजी दर्ज की गई है।

तेल, तिलहन और घी बाजार का हाल

श्रीगंगानगर थोक बाजार में 23 सितंबर और 23 अक्टूबर) के बीच खाद्य तेलों और देशी-वनस्पति घी के



मोर्चे पर बड़ा बदलाव आया है। त्योहारों के मद्देनजर खाद्य तेलों और शुद्ध घी की कीमतों में ग्राहकों की जेब पर अतिरिक्त बोझ बढ़ा है।

रिफाइंड ऑयल की चाल : जहां सरसों तेल एक्सपेलर 185-195 रु. और कच्ची घाणी 190-195 रु. प्रति लीटर अपने पुराने स्तर पर स्थिर बना हुआ है, वहीं तेल रिफाइंड के दामों में बड़ा उछाल आया है, जो 125-130 रुपये से बढ़कर सीधे 148-160 रु. प्रति लीटर तक पहुंच गया है।

देशी घी व ब्रांडेड उत्पादों में उछाल : सितंबर में 9,800-10,300 रुपये बिकने वाला देशी घी का 15 किग्रा. का टिन अब बढ़कर 10,300-11,000 रुपये हो गया है। खुदरा में यह 580 से 650 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। सरस घी 15 किलो टिन का भाव 9,800 रुपये से बढ़कर 10,500 रुपये हो गया है जबकि लीटर भाव 590 रु. है। पंजाब किंग घी 15 किलो टिन 9,400 रुपये से बढ़कर 11,000 रुपये पर पहुंच चुका है। ब्रांडेड पैकेज्ड घी में अमूल व एवरीडे व अमूल घी 650 से बढ़कर 690 रुपये प्रति लीटर तथा एवरीडे घी 590 से बढ़कर 690 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया है।

त्योहारी सीजन और शादियों के सीजन के आगमन के साथ ही खाद्य तेलों (विशेषकर रिफाइंड) और ब्रांडेड शुद्ध घी की बढ़ती कीमतों की बाजार में तेजी पूरी तरह से बरकरार है।

मुख्य जिंसों का तुलनात्मक विश्लेषण

जिंस (प्रति क्वि.)	08 अक्टूबर (रु.)	23 अक्टूबर (रु.)
हल्दी	17000-21000/-	22000-24000/-
जीरा	26000-27000/-	28000-30000/-
अजवाइन	19000-19500/-	20000-21000/-
बेसन	9300/-	9100-9200/-
चावल टुकड़ी	3400-3600/-	3500-4200/-
काला चना	7000/-	8500-9000/-
चीनी महाराष्ट्र	4950/-	5500-5600/-

नए उत्पादन के बाद ही सुधार की गुंजाइश

गुड़ चीनी के मार्केट में चीनी के भाव में फिर से बदलाव आया है। चीनी में एम और एस तीनों के भागों में ढाई सौ रुपए तक की बढ़ोतरी इन्हीं दो-चार दिनों में हुई है। इसका प्रमुख कारण यह है कि तिवारी सीजन के चलते मार्केट में चीनी की खपत बढ़ी है। वर्तमान में मार्केट में जो चीनी आ रही है वह मिलो की शेष बची चीनी आ रही है अभी नया उत्पादन शुरू नहीं हुआ है। नवंबर माह से मिलो में चीनी का नया उत्पादन होना शुरू हो जाएगा उसके बाद गुड चीनी के दामों में कुछ सुधार होने की गुंजाइश बनेगी। - **ललित कुमार गौड़**



बड़ी महंगाई से महिलाएं चिंतित

अभी त्योहारी सीजन चल रहा है। बाजार में दालें, चना, मसाले, तेल, घी,दूध सभी चीजों के दामों में बढ़ोतरी हुई है। इससे महिलाओं का रसोई का खर्च बढा है।

- सुमन शर्मा, गांधीनगर





क्या उपयोग है इस धन का? जो खा लिया, जो पी लिया वही मेरा है। - यशपाल

संपादकीय

क्या हम महाराजा गंगासिंह के सपनों का शहर बना पाए?

गंगानगर स्थापना दिवस को लेकर वर्षों से एक परंपरा चली आ रही है। गंगनहर के जलावतरण दिवस को ही श्रीगंगानगर के स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता है। हालांकि दोनों तिथियों में अंतर होने की बात कही जाती है, लेकिन प्रमाणिक दस्तावेजों के अभाव में गंगनहर के आगमन के दिन को ही स्थापना दिवस के रूप में स्वीकार कर लिया गया। यह परंपरा कम से कम इस दृष्टि से महत्वपूर्ण है कि इसके माध्यम से हर वर्ष हम उस महान व्यक्तित्व को याद करते हैं, जिसने इस रेगिस्तानी क्षेत्र को खुशहाल कृषि भूमि में बदलने का सपना देखा और उसे साकार किया-महाराजा गंगासिंह। करीब तीन दशक पहले तत्कालीन जिला कलक्टर कर्णीसिंह राठौड़ ने स्थापना दिवस मनाने की यह परंपरा शुरू की थी। अब हम गंगनहर के जलावतरण के शताब्दी वर्ष की ओर बढ़ रहे हैं। यह केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं, बल्कि आत्ममंथन का समय भी है। हमें यह विचार करना होगा कि पिछले 99 वर्षों में हमने क्या पाया और क्या खोया? क्या हम उस दृष्टि और उद्देश्य के अनुरूप आगे बढ़ पाए हैं, जिसके लिए महाराजा गंगासिंह ने गंगनहर का निर्माण करवाया और इस क्षेत्र को राजस्थान की पहली योजनाबद्ध कॉलोनियों में शामिल करते हुए श्रीगंगानगर को बसाया था?

विकास के साथ धूमिल होती शहर की पहचान : स्थापना के शुरूआती दौर में श्रीगंगानगर अपनी सुंदरता, खुलेपन और सुव्यवस्थित बसावट के लिए जाना जाता था। समय के साथ शहर ने विकास किया। कच्चे मकानों की जगह बहुमंजिला इमारतों ने ले ली, बाजार आधुनिक हो गए, व्यापार बढ़ा और जीवनशैली बदली। यह बदलाव समय की आवश्यकता थी और इसे रोका भी नहीं जा सकता था। लेकिन इस विकास यात्रा में हमने कुछ महत्वपूर्ण चीजें खो दीं। शहर की खुली सड़कें और व्यवस्थित गलियां धीरे-धीरे अतिक्रमण की चपेट में आती गईं। प्रभावशाली लोगों द्वारा शुरू किए गए कब्जे आम नागरिकों तक पहुंचे और देखते ही देखते सड़कों का विस्तार घटता चला गया। आज स्थिति यह है कि कई स्थानों पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। सड़कों की खराब स्थिति, नालों-नालियों की अव्यवस्था और अधूरे विकास कार्य शहर की पहचान पर सवाल खड़े कर रहे हैं। सड़क निर्माण हो या नाली निर्माण, गुणवत्ता को लेकर बार-बार शिकायतें सामने आती हैं। कुछ ही समय बाद सड़कें अपनी खराब हालत से यह बताने लगती हैं कि निर्माण में कहीं न कहीं कमी रही है।

सीवरेज और मूलभूत सुविधाओं की चुनौती : श्रीगंगानगर में सीवरेज व्यवस्था का सपना दो दशक पहले दिखाया गया था। वर्षों बीत जाने के बावजूद यह परियोजना पूरी तरह धरातल पर नहीं उतर सकी। शहर के लोगों ने अपने घरों और दुकानों को आधुनिक बना लिया, लेकिन सार्वजनिक सुविधाओं के स्तर पर अपेक्षित सुधार नहीं हो पाया। एक आधुनिक शहर केवल ऊंची इमारतों और चमकते बाजारों से नहीं बनता। अच्छी सड़कें, सुचारु जल निकासी व्यवस्था, स्वच्छ वातावरण, विकसित पार्क और बेहतर यातायात व्यवस्था भी उसकी पहचान होते हैं। इन क्षेत्रों में अभी लंबा रास्ता तय करना बाकी है। यह भी सच है कि समय-समय पर कुछ अधिकारियों ने बदलाव के प्रयास किए, लेकिन या तो उन्हें पर्याप्त समय नहीं मिला या परिस्थितियां उनके अनुकूल नहीं रहीं। वर्तमान जिला प्रशासन से लोगों को उम्मीदें हैं कि वह दूरदृष्टि के साथ शहर के विकास को गति देगा। सुनने में आया है कि वर्तमान जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव किसी भी कार्य में आगे की सोच लेकर चलने वाले अधिकारी हैं, किन्तु देखने वाली यह बात है कि ऐसा मुखिया होने के बावजूद कार्य की रफ्तार धीमी क्यों है? इसके लिए जरूरी है कि पूरी प्रशासनिक मशीनरी और जनप्रतिनिधि एक दिशा में काम करें।

नशे की चुनौती और बदलता अपराध : श्रीगंगानगर क्षेत्र ने अपराध के स्वरूप में भी बड़ा बदलाव देखा है। एक समय किसान विवादों और आपसी रंजिशों के कारण होने वाली घटनाएं चर्चा में रहती थीं। शिक्षा के प्रसार और कानूनी प्रक्रियाओं के अनुभव ने समाज को काफी हद तक बदला है। लेकिन अब एक नई चुनौती सामने है-नशे का बढ़ता प्रभाव। सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण पाकिस्तान से आने वाले नशीले पदार्थों ने युवाओं के भविष्य को गंभीर खतरा पैदा किया है। नशे ने अपराध की प्रकृति भी बदल दी है। कई अपराधों के पीछे नशे की भूमिका सामने आती है। करीब तीन दशक पहले तत्कालीन जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर प्रताप सिंह ने इस समस्या को भांपते हुए जीवन ज्योति नशामुक्ति ट्रस्ट की स्थापना कर एक सराहनीय पहल की थी। उस समय क्षेत्र में नशामुक्ति केंद्रों की संख्या लगभग नहीं के बराबर थी। यह अभियान वर्षों तक चला और कई युवाओं को नई दिशा मिली। यह ट्रस्ट एक दशक तक तो चला, लेकिन उसके बाद कुछ चिकित्सकों ने साजिशपूर्ण ढंग से जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में इसकी फाइल ही दबवा दी। उसके बाद आने वाले जिला पुलिस अधीक्षक को यह पता ही नहीं होता कि वे पद के हिसाब से एक ऐसे ट्रस्ट के ट्रस्टी हैं, जिसने इस इलाके में बहुत अच्छा कार्य किया था। अधीनस्थ अधिकारियों को भी पुरानी फाइलों को देखने और पहले से चल रहे अच्छे कार्य को करने का अवसर कहां होता है? 'नशामुक्त भारत' योजना में क्यों नहीं उस ट्रस्ट को पुनर्जीवित कर उस पर कार्य नहीं किया जाता? आज जरूरत है कि ऐसी पुरानी और प्रभावी पहलों को फिर से जीवित किया जाए। यदि नशे पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हो जाए तो अपराधों में भी कमी लाई जा सकती है। इसके लिए पुलिस, प्रशासन, सामाजिक संस्थाओं और आम जनता को मिलकर काम करना होगा।

राजनीतिक संरक्षण पर उठते सवाल : नशे के कारोबार को रोकना केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है। समाज को भी यह तय करना होगा कि वह नशे के सौदागरों के खिलाफ कितना मजबूती से खड़ा होता है। यह सवाल भी महत्वपूर्ण है कि आखिर नशा बेचने वालों को संरक्षण कौन देता है? यदि कोई जनप्रतिनिधि ऐसे लोगों के पक्ष में खड़ा होता है तो समाज को इसकी पहचान करनी होगी। राजनीतिक प्रभाव से अपराधियों को बचाने की प्रवृत्ति किसी भी क्षेत्र के भविष्य के लिए घातक होती है। जनता को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। अपने बच्चों को नशे की गिरफ्त में जाते देख चुप रहना समस्या का समाधान नहीं है। समाज की जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार बन सकती है।

सिंचाई पानी का सवाल और भविष्य की जिम्मेदारी : महाराजा गंगासिंह ने जिस क्षेत्र को नहरों के माध्यम से समृद्ध बनाया, उसी क्षेत्र के किसानों को आज भी सिंचाई पानी के लिए आंदोलन करना पड़ता है तो यह गंभीर आत्मचिंतन का विषय है। गंगनहर केवल पानी की धारा नहीं थी, बल्कि यह इस क्षेत्र की जीवनरेखा थी। किसानों की समस्याओं का स्थायी समाधान निकालना जरूरी है। कृषि आधारित इस जिले की आर्थिक मजबूती तभी बनी रह सकती है, जब किसानों को पर्याप्त और समय पर पानी मिले।

शताब्दी वर्ष बने नई शुरूआत का अवसर : गंगनहर के सौवें वर्ष में प्रवेश का अवसर केवल समारोह और कार्यक्रमों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। यह श्रीगंगानगर के भविष्य की नई योजना बनाने का समय होना चाहिए। हमें तय करना होगा कि आने वाले वर्षों में हम कैसा शहर चाहते हैं। ऐसा शहर जहां सड़कें सुगम हों, सफाई व्यवस्था बेहतर हो, युवा नशे से दूर हों, किसानों को पानी मिले और विकास योजनाएं केवल कागजों तक सीमित न रहें। श्रीगंगानगर केवल यहां रहने वालों का शहर नहीं है। यह उन लोगों का भी है जो रोजगार, शिक्षा या अन्य कारणों से देश-विदेश में बसे हुए हैं, लेकिन जिनके दिल में आज भी अपने शहर के प्रति अपनापन है। यदि स्थापना दिवस के अगले आयोजन में बाहर बसे लोग भी यह महसूस करें कि उन्हें अपने शहर लौटना चाहिए, यहां की प्रगति का हिस्सा बनना चाहिए, तो यही सबसे बड़ी सफलता होगी। महाराजा गंगासिंह ने जिस सपने के साथ इस क्षेत्र को बसाया था, उसे पूरा करना केवल सरकार या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है। यह हर नागरिक का दायित्व है। श्रीगंगानगर का भविष्य तभी उज्ज्वल होगा, जब हम सभी मिलकर इसके वर्तमान को सुधारने का संकल्प लें।

मरुभूमि से हरियाली-समृद्धि का सफर; गंगानगर की विकास यात्रा, चुनौतियां और भविष्य की राह

राजस्थान के उत्तर-पश्चिमी छोर पर स्थित थार के मरुस्थल की रेत में जीवन और हरियाली की नई इबारत लिखने का श्रेय यदि किसी एक दूरदर्शी शासक को जाता है, तो वह बीकानेर रियासत के महाराजा गंगासिंह थे। एक कुशल प्रशासक, दूरदर्शी रणनीतिकार और अपनी प्रजा के प्रति असीम संवेदना रखने वाले महाराजा गंगासिंह ने अकल्पनीय को संभव कर दिखाया। जिस क्षेत्र में कभी गर्म हवाएं चलती थीं और रेत के धोरे दूर-दूर तक वीरान नजर आते थे, वहां नहर के जरिए पानी लाकर उन्होंने एक भगीरथी प्रयास को सफलता में बदला। उनकी प्रशासनिक योग्यता, तकनीकी सूझबूझ और सटीक प्रबंधन ने इस बंजर इलाके को न केवल हरा-भरा बनाया, बल्कि इसे राजस्थान का 'अन्न का कटोरा' के रूप में स्थापित कर दिया। इस विकास यात्रा के सौ वर्षों का इतिहास उपलब्धियों, संघर्षों और कई अनसुने अध्यायों का एक अनूठा दस्तावेज है।

गंगासिंह जी का विजन और गंगानगर की स्थापना

रेत के धोरों से आच्छादित इस बंजर भूमि में नहर का निर्माण करना अपने आप में एक एतिहासिक चुनौती थी। इसके लिए एक ओर जहां अत्याधुनिक तकनीक और भारी मानव श्रम की आवश्यकता थी, वहीं दूसरी ओर इसके लिए विशाल धनराशि जुटाना भी एक बड़ी समस्या थी। महाराजा गंगासिंह ने इस विकट परिस्थिति में पीछे हटने के बजाय योग्य इंजीनियरों, कुशल ठेकेदारों और उन्नत मशीनरी का एक मजबूत नेटवर्क तैयार किया। नहर के निर्माण के बाद सबसे बड़ी चुनौती इस क्षेत्र को आबाद करने की थी। इसके लिए उन्होंने संपन्न पंजाब के किसानों को आकर्षक और रियायती दरों पर भूमि आवंटित कर उन्हें इस नए क्षेत्र में आकर बसने के लिए प्रेरित किया। इस दूरदर्शी कदम का दोहरा लाभ मिला। एक तरफ जहां बंजर भूमि पर खेती की शुरूआत हुई, वहीं स्थानीय और बाहरी किसानों को नहरी खेती की आधुनिक तकनीक सीखने का अभूतपूर्व अवसर मिला। उन्नत खेती और बागवानी के इस समावेश से क्षेत्र में खाद्यान्न, दाल, तिलहन, गुड़, चीनी और विभिन्न कृषि आधारित उद्योगों के लिए कच्चे माल की प्रचुरता होने लगी।

सिंचाई और कृषि विकास: रेगिस्तान में उपजी हरियाली

गंगानगर के कृषि विकास की रीढ़ इसकी नहर प्रणालियां रही हैं, जिनका क्रमिक विकास इस प्रकार हुआ है:

- **गंगनहर (1927):** महाराजा गंगासिंह के प्रयासों से वर्ष 1927 में क्षेत्र की प्रथम नहर यानी 'गंगनहर' का निर्माण हुआ, जिसने इस मरुस्थलीय भूभाग की काया पलट दी।
- **भाखड़ा सिंचाई प्रणाली (1954):** भाखड़ा-नंगल बांध से प्राप्त पानी और तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा 1954 में इस बांध के उद्घाटन के साथ गंगानगर को नहरी पानी के साथ-साथ विद्युत आपूर्ति का भी बड़ा संबल मिला।
- **इंदिरा गांधी नहर परियोजना:** आगे चलकर राजस्थान नहर परियोजना (जिसे बाद में इंदिरा गांधी नहर परियोजना नाम दिया गया) देश की सबसे बड़ी सिंचाई परियोजना के रूप में उभरी, जिससे श्रीगंगानगर के अलावा हनुमानगढ़, बीकानेर, जैसलमेर और जोधपुर जिलों के विशाल भूभाग को पानी मिला।



मंडी विकास व कृषि ज्ञान

कृषि के इस अभूतपूर्व विकास के परिणामस्वरूप गंगानगर ने देश की कृषि मंडियों में विशिष्ट स्थान बना लिया। उत्तर भारत के प्रमुख कपास उत्पादक क्षेत्र के रूप में इसे राष्ट्रीय मान्यता मिली। कृषि और बागवानी के क्षेत्र में यहां के किसानों ने राष्ट्रीय गौरव प्राप्त किया; जैसे-गेहूं उत्पादन के लिए सरदार बलवंत सिंह को 'कृषि पंडित' और बागवानी के लिए सरदार करतार सिंह नरूला को 'उद्यान पंडित' की उपाधि से सम्मानित किया गया। कृषि अनुसंधान केन्द्र की स्थापना के बाद वैज्ञानिकों के कार्यों से इसे और भी बढ़ावा मिला। इसके अलावा, कृषि यांत्रिकीकरण के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय तब जुड़ा जब सूरतगढ़ तहसील में सोवियत संघ (रूस) के सहयोग से देश के प्रथम 'केन्द्रीय कृषि फार्म' की स्थापना हुई। इस ऐतिहासिक अवसर पर रूस के शीर्ष नेता बुल्गानिन और निकिता ख्रुश्चेव ने इस क्षेत्र का दौरा किया और तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने विदेशी मेहमानों व कृषि विशेषज्ञों का स्वागत किया। सूरतगढ़ के बाद जैतसर और सरदारगढ़ में भी केन्द्रीय यांत्रिक कृषि फार्मों की स्थापना हुई, जिसके बाद यहां केन्द्रीय पशु प्रजनन केन्द्र भी स्थापित किया गया।

गम्भीर चुनौतियों पर दिया जाए ध्यान

श्रीगंगानगर की विकास यात्रा इस बात का जीवंत प्रमाण है कि मानवीय दृढ़ इच्छाशक्ति और दूरदर्शिता कठिन से कठिन प्राकृतिक बाधाओं को भी हरा-भरा और समृद्ध उपवन में बदल सकती है। महाराजा गंगासिंह द्वारा बोया गया हरियाली का बीज आज एक विशाल वृक्ष बन चुका है, जिसने देश को खाद्यान्न सुरक्षा और आर्थिक संपन्नता दी है। हालांकि, वर्तमान समय में इस क्षेत्र के सामने कई गंभीर चुनौतियां भी मुंह बाए खड़ी हैं। कृषि आधारित उद्योगों का बंद होना, नौकरशाही की उदासीनता, जल वितरण प्रणालियों को लेकर असंतोष और ग्रामीण इलाकों में बुनियादी सुविधाओं की कमी ऐसे प्रश्न हैं जिन पर गंभीर मंथन की आवश्यकता है। आवश्यकता इस बात की है कि सरकार और स्थानीय प्रशासन आपसी समन्वय से बंद पड़ी औद्योगिक इकाइयों को पुनर्जीवित करने के लिए ठोस नीतियां बनाएं, कृषि इनपुट और कीटनाशक उद्योगों को बढ़ावा दें, तथा किसानों की सिंचाई और बिजली से जुड़ी समस्याओं का स्थायी समाधान निकालें। यदि समय रहते इन मुद्दों पर ध्यान दिया गया, तो श्रीगंगानगर न केवल देश का 'अन्न कटोरा' बना रहेगा, बल्कि औद्योगिक और आर्थिक प्रगति के मामले में भी एक बार फिर देश के अग्रणी जिलों में अपनी गौरवशाली स्थिति पुनः प्राप्त कर सकेगा।

चिकित्सा और यातायात सेवाओं का सुदृढ़ीकरण

- **चिकित्सा सेवाएं:** महाराजा बीकानेर की दूरदर्शिता के कारण रियासतकाल में ही यहां चिकित्सा व्यवस्था काफी बेहतर थी और विदेशी डॉक्टरों की नियुक्तियां भी की गई थीं। कलक्टरेट के समीप स्थित पुराना अस्पताल बढ़ती आबादी के कारण नाकाफी साबित हुआ, जिसके बाद सूरतगढ़ मार्ग पर विशेष कर-संग्रह के माध्यम से जुटाई गई राशि से नए अस्पताल का निर्माण किया गया। 15 अगस्त 1987 को तत्कालीन मंत्री हीरालाल इंदौरा द्वारा इस नए भवन का उद्घाटन हुआ। सरकारी स्तर पर मेडिकल कॉलेज खोलने के शुरूआती प्रयास राजनीतिक इच्छाशक्ति के अभाव में परवान नहीं चढ़ सके, जिसके चलते उद्योगपति बीडी अग्रवाल ने पीपीपी मॉडल पर 200 करोड़ की लागत से इसे शुरू करने की घोषणा की, लेकिन वह प्रयास भी राजनीति की भेंट चढ़ गया। अंततः लंबे संघर्ष और प्रयासों के बाद सरकारी मेडिकल कॉलेज की स्थापना हुई, जो आज इस क्षेत्र के स्वास्थ्य ढांचे की रीढ़ बना हुआ है।
- **यातायात और रेलवे का विस्तार:** दूरदर्शी महाराजाओं ने रियासतकाल में ही रेललाइन बिछाकर यातायात को बढ़ावा दिया था। स्वतंत्रता के बाद भी यह क्षेत्र राजधानी दिल्ली और राज्य की राजधानी से सीधे तौर पर नहीं जुड़ा था। दिल्ली जाने के लिए यात्रियों को बस द्वारा पहले हिंदुमलकोट जाना पड़ता था। जनवरी 1970 में हिंदूमलकोट को गंगानगर से जोड़कर इसे देश की ब्रॉडगेज रेल लाइन से जोड़ा गया, जिस पर उस समय 1.70 करोड़ रुपये की लागत आई थी। वर्ष 2009 में संपूर्ण मीटरगेज नेटवर्क को ब्रॉडगेज में बदलने के बाद गंगानगर देश के कई बड़े शहरों से सीधे जुड़ गया। वर्तमान में रेलवे ट्रैक के विद्युतिकरण और नए स्टेशनों के निर्माण से परिवहन सुविधाओं में तेजी से सुधार हो रहा है।

बिजली, पेयजल और बुनियादी ढांचे का विकास

- **विद्युत आपूर्ति का सफर:** रियासत काल में यहां कोयला आधारित एक छोटा ताप बिजली घर (पावर हाउस) स्थापित था। भाखड़ा परियोजना और बाद में कोटा थर्मल स्टेशन से मिलने वाली बिजली ने क्षेत्र को संबल दिया। मई 1998 में सूरतगढ़ में थर्मल पावर स्टेशन की स्थापना से विद्युत आपूर्ति में अभूतपूर्व मजबूती आई। हालांकि, शहरी क्षेत्रों की तुलना में ग्रामीण इलाकों में आज भी बिजली की समस्या बनी हुई है। जहां नहरी पानी नहीं पहुंच पाता, वहां किसानों को सिंचाई के लिए बिजली की मोटरों पर निर्भर रहना पड़ता है, और विद्युत आपूर्ति की अनिश्चितता किसानों के लिए एक बड़ी चिंता का विषय है।
- **पेयजल और ड्रेनेज प्रणाली:** शुरूआती दौर में पीने का पानी पक्के खालों के माध्यम से डिग्गियों में भरा जाता था। पानी में घुली मिट्टी को साफ करने के लिए लोग कपड़ों से छानने और फिटकरी का उपयोग करके पानी को निथारते थे। वर्ष 1952 में यहां वाटरवर्क्स का निर्माण कार्य शुरू हुआ, जिससे लोगों को शुद्ध पेयजल मिलने लगा। वहीं, जल उपयोग बढ़ने के कारण जल निकासी की समस्या उत्पन्न हुई, जिसके समाधान के लिए दिसंबर 1967 में ड्रेनेज निर्माण की घोषणा की गई। प्रशासनिक और तकनीकी देरी के कारण यह कार्य 2013 में पूरा हुआ, फिर भी यह पूरी तरह संतोषजनक नहीं कहा जा सकता।
- **किसान आंदोलन और सिंचाई पानी की मांग:** सिंचाई पानी की उपलब्धता, वितरण प्रणाली और आपूर्ति स्थलों को लेकर किसानों में असंतोष हमेशा से रहा है। पानी के उचित वितरण और नहरी पानी की मांग को लेकर यहां समय-समय पर किसान आंदोलन होते रहे हैं, और घड़साना क्षेत्र इस प्रकार के आंदोलनों का एक प्रमुख गढ़ बन चुका है।

व्यापार, बाजार और औद्योगिक विकास: स्वर्णिम अतीत और वर्तमान चुनौतियां

श्रीगंगानगर की स्थापना के साथ ही रेलवे स्टेशन के पास गोलबाजार और पुरानी धानमंडी का विकास हुआ। शहर के विस्तार के साथ सूरतगढ़ रोड पर 19 अक्टूबर 1978 को 171 बीघा क्षेत्र में लगभग 5 करोड़ रुपये की लागत से नई कृषि उपज मंडी की स्थापना की गई, जो आज देश की प्रमुख और व्यस्त मंडियों में गिनी जाती है। दूसरी ओर, श्रीगंगानगर का औद्योगिक परिदृश्य कई गहरे आघातों और प्रशासनिक उपेक्षा की कहानी कहता है। कभी यह क्षेत्र कृषि आधारित उद्योगों का सिरमौर हुआ करता था :

जेसीटी कपड़ा मिल (थापर बंधुओं की मिल): यह संस्थान हजारों लोगों को रोजगार देने वाला इस क्षेत्र का सबसे बड़ा उद्योग था। आधुनिक आधुनिकीकरण के बावजूद प्रबंधकों और मजदूर नेताओं के बीच आपसी तनातनी और संघर्ष के चलते यह मिल अंततः बंद हो गई। इससे न केवल सूती वस्त्र के बड़े व्यापार को भारी क्षति पहुंची, बल्कि हजारों श्रमिक बेरोजगार हो गए।



सहकारी और निजी मिलों का पतन: कपास और रूई की उपलब्धता के कारण स्थापित जिनिंग और प्रेसिंग मिलें तथा विदेशी इंजीनियरों के तकनीकी सहयोग से बनी सहकारी आधुनिक स्पिनिंग मिल सरकारी लालफीताशाही की भेंट चढ़ गईं। इसी प्रकार, तिलहन उत्पादन करने वाले किसानों के संबल के लिए स्थापित 'तिलम संघ' (सरसों तेल मिल) और शत-प्रतिशत ग्वार गम का निर्यात कर विदेशी मुद्रा कमाने वाली जिंदल बंधुओं की ग्वार गम मिल भी पारिवारिक विवादों, कुप्रबंधन और संस्थापकों के निधन के बाद इतिहास बनकर रह गईं।

शुगर मिल का स्थानांतरण: सरकारी क्षेत्र की शुगर फैक्टरी अपने मूल स्थान से स्थानांतरित होकर केसरीसिंहपुर के समीप कमीनपुरा क्षेत्र में स्थापित तो कर दी गई, लेकिन वह अपने पुराने वैभव और उत्पादन स्तर को हासिल नहीं कर पाई। कभी इसी चीनी मिल से उत्पादित 'केसर कस्तूरी' ब्रांड की शराब देश-विदेश के शौकीनों में अत्यधिक लोकप्रिय थी।



डॉ. श्रीधर शर्मा
मो. 94140-89289

गंगानगर स्थापना दिवस पर पौधों से मानव निर्मित वन की शुरूआत



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।

गंगानगर के 100वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में भारत विकास परिषद प्रताप शाखा, 48वीं बटालियन बीएसएफ और वृक्ष सखा के संयुक्त तत्वावधान में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मियांवाकी पद्धति के तहत फलदार एवं छायादार 1100 पौधे लगाकर मानव निर्मित वन तैयार किया गया। कार्यक्रम प्रभारी विश्वबंधु गुप्ता और शाखा सचिव रवि सोनी ने बताया कि प्रताप शाखा प्रतिवर्ष विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती है।

कार्यक्रम में बीएसएफ के डिप्टी कमांडेंट सत्यनारायण सहित अधिकारी, जवान और परिषद के पदाधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने 'पेड़ लगाएं, जीवन बचाएं' का संदेश दिया।

स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।

श्रीगंगानगर जिले के 100वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत रविवार को स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर पुलिस लाइन में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया।

सांस्कृतिक संध्या में राजस्थान की लोक कला एवं संस्कृति की मनमोहक झलक देखने को मिली। कार्यक्रम के दौरान मांगणियार लोक गायन, कालबेलिया लोक नृत्य, भवई नृत्य, मयूर नृत्य, तराजू, चकरी नृत्य तथा सूफी गायन की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इसके साथ ही गुरुनानक गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं ने 'घूमर-घूमर' मेलोडी सॉन्ग पर प्रस्तुति दी। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय पुलिस लाइन की ओर से कालबेलिया नृत्य एवं 'धरती धोरा री' समूह प्रस्तुति दी गई। नोजगे पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने 'आओ जी पधारो म्हारे देश जी' तथा राजकीय कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने राजस्थानी मेलोडी सॉन्ग पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में कलाकारों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। प्रस्तुतियों के पश्चात प्रतिभागियों एवं विजेताओं को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया।



इस अवसर पर प्रियंका बैलान, चेष्टा सरदाना, जिला शिक्षा अधिकारी अरविंदर सिंह, उप निदेशक उद्यान प्रीति गर्ग, जिला पर्यटन अधिकारी पवनकुमार शर्मा, जितेंद्र बाटला, श्वेता, विक्रम ज्याणी, परमजीत सिंह, सहित अन्य अधिकारी, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। मंच संचालन भारत सिड़ाना, मीनाक्षी अहूजा और गीता धीगड़ा ने किया

श्री गुरु रामदास जी के प्रकाशोत्सव पर आयोजन; गतका पार्टी ने दिखाए करतब, गुरबाणी कीर्तन में बच्चों ने किया संगत को निहाल

पंज प्यारों की अगुवाई में निकले छह किलोमीटर नगर कीर्तन का 25 से अधिक जगहों पर पुष्प वर्षा से स्वागत





सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। हैरतअंगेज युद्ध कला और साहस का प्रदर्शन करते रणजीत नगारा अखाड़ा गतका पार्टी के 50+ योद्धा और पाइप बैंड से फिजा में स्वर लहरियां बिखेरता फौजी बैंड और उनके पीछे रंग बिरंगे फूलों से सजी श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पावन स्वरूप के पालकी वाहन के पीछे गुरबाणी कीर्तन करती समूह संगत। रविवार सुबह कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला सिख धर्म की चौथी पातशाही साहिब श्री गुरु रामदास जी के प्रकाशोत्सव पर सेतिया कालोनी स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु रामदास जी से तीसरी बार निकाले गए नगर कीर्तन में। पंज प्यारों की अगुवाई में निकले इस 6 कि.मी.नगर कीर्तन का 25 से अधिक जगहों पर पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। गुरुद्वारा साहिब से आरंभ हुआ नगर कीर्तन सेतिया कालोनी मेन रोड, बसंती चौक, जस्सासिंह मार्ग, खालसा नगर, गुरुद्वारा मक्खन शाह लबाणा, गुरुद्वारा धन धन बाबा दीप सिंह जी शहीद, उद्धम सिंह चौक, पी ब्लॉक स्थित माई का गुरुद्वारा, गोविन्दम हास्पिटल, रमेश चौक, विनोबा बस्ती स्थित गुरुद्वारा श्री करगीधर साहिब से सेतिया कालोनी मेन रोड व गुरूनानक चौक होते हुए वापस गुरुद्वारा साहिब में पहुंचा। श्रद्धालुओं में फल, बिस्कुट, चाय, शीतल जल, चने की चाट व नमकीन चावल का प्रसाद वितरित किया। इस दौरान शिरोमणि पंथ अकाली दशमेश तरना दल मिसल भाई कन्हैया जी के मुखी जत्थेदार बाबा राज सिंह खालसा भी अपने पूरे जत्थे के साथ नगर कीर्तन में शामिल हुए।

आज शाम होगा फाइनल मुकाबला

प्रकाशोत्सव के कार्यक्रमों की श्रृंखला में बच्चों को गुरबाणी से जोड़ने के उद्देश्य से सोमवार शाम 6:30 बजे बच्चों की गुरबाणी कीर्तन प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला होगा। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को स्मृति चिह्न तथा सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

मुख्य समागम के तहत 27 अक्टूबर, मंगलवार सुबह श्री अखंड पाठ साहिब के भोग के बाद सुबह 10 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक महान कीर्तन दरबार सजाया जाएगा। इसमें रागी जत्था भाई गुरजंट सिंह न्यूजीलैंड वाले सहित हुजूरी कथावाचक गुरचरण सिंह खंडा तथा हुजूरी रागी जत्था भाई रणजीत सिंह लहरी, स्त्री सत्संग सभा की सदस्य गुरबाणी कीर्तन से संगत को निहाल करेंगे।

समागम उपरांत गुरु का अटूट लंगर बरताया जाएगा।

आरएसएस का पथ संचलन सम्पन्न



सीमा सन्देश # सादुलशहर। आरएसएस का पथ संचालन रविववार अपरान्ह निकाला गया। पथ संचलन कृषि उपज मंडी समिति की टिंडा मंडी परिसर से शुरू हुआ, जो मुख्य मार्गों से होता हुआ पुनः टिंडा मंडी पहुंचा। यहां समापन हुआ। इस दौरान स्वयं सेवक अनुशासित होकर कदम दर कदम बढाते हुए सैनिकों की भांति आगे बढे। वंदे मातरम, भारत माता की जय के उद्घोष करते हुए स्वयं सेवकों का बीच मार्ग अनेक स्थानों पर स्वागत हुआ। बैंड-बाजे की धुन पर पूर्ण गणवेश में चलते स्वयं सेवक आकर्षण का केंद्र रहे। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नगर कार्यवाह आकाशदीप शर्मा एवं खंड संघ चालक एडवोकेट केवल अग्रवाल ने बताया कि पथ संचलन की स्थापना 1925 में हुई थी। एक शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। मुख्य वक्ता ने संघ के गौरवमयी इतिहास पर विचार रखे।

कार्यक्रम में ये रहे मौजूद : चेयरमैन प्रतिनिधि प्रदीप खींचड, वाइस चेयरमैन अशोक धमीजा, रामावतार यादव, पार्षद रणजीत सहारण, मोहनलाल सहारण, स्वरूप चौधरी, अशोक वधवा, संजय शर्मा, शिव प्रकाश सहारण, राकेश जांगू, मंगत सहारण, डॉ. पूर्ण सिंह, सोनू यादव आदि मौजूद थे।

रोगियों की हुई जाँच, 34 निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन के लिए चयनित



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। महावीर इंटरनेशनल श्रीगंगानगर एवं महावीर इंटरनेशनल श्रीगंगानगर गौरवी केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को निःशुल्क नेत्र जांच एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. संजीव जिंदल व डॉ. राकेश जैन द्वारा 142 नेत्र रोगियों की निःशुल्क जांच की गई तथा आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। जांच के उपरांत नेत्र दृष्टि दोष पाए जाने पर 41 मरीज नेत्र ऑपरेशन के लिए चयनित किए गए, जिनमें से 34 नेत्र रोगियों के ऑपरेशन किए गए तथा 7 मरीजों की शुगर का स्तर बढ़ा हुआ होने के कारण उनके ऑपरेशन आगामी दिनों में किए जाएंगे। शिविर के दौरान रोगियों को चिकित्सकों के परामशार्नुसार निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। महावीर इंटरनेशनल गौरवी केन्द्र द्वारा रोगियों को लाइफ सेविंग किट भी वितरित की गई।

इस अवसर पर कमल कान्त कोचर, राजेश झुंथरा, अजय बंसल गोल्डी, वीरेन्द्र बैद, अमरचंद बोरड, चाँद रतन गहलोत, मनीष गर्ग, भरत कोचर, प्रतीक बोरड़, राजेश गोयल, राकेश बोरड़, ज्योतिवर्धन सुराणा, रवि गोल्याण, मनोरमा बैद, शर्मिला कोचर, मीना झुन्थरा, राशि लोहिया, जैस्मीन कोचर सहित पदाधिकारी, सदस्य व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

चानणा धाम में अखंड राम नाम कीर्तन का समापन



सीमा सन्देश # पदमपुर। सिद्धपीठ श्री हनुमान चानणा धाम में आयोजित 56वें वार्षिक महोत्सव के तहत 20 अक्टूबर से चल रहे अखंड श्रीराम नाम कीर्तन का विधिवत समापन हुआ। श्री बालाजी महाराज एवं ब्रह्मलीन महंत श्री रामस्वरूप जी बागड़िया के आशीर्वाद तथा महंत श्री गोपीराम जी बागड़िया के सानिध्य में कीर्तन की पूर्णाहुति की गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ धर्मलाभ प्राप्त किया। कीर्तन समापन के बाद रात्रि 8:15 बजे ज्योति प्रज्वलित कर विशाल जागरण का शुभारंभ किया गया। जागरण में संतोष व्यास एंड पार्टी रींगस, कमल आर्ट ग्रुप अबोहर, दास मंडल चानणा धाम, किरण जग्गा एवं हर्ष अग्रवाल ने भजनों की प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। देर रात तक श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते रहे। इस अवसर पर श्री झांकी वाले बालाजी, श्रीगंगानगर से गुरुजी प्रेम जी अग्रवाल अपने मंडल के साथ पहुंचे और दर्शन कर आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष राकेश गोयल, प्रभाती लाल मित्तल, पूर्ण सिंह चौहान, विक्रमजीत वर्मा आदि उपस्थित रहे।

कांग्रेस ने चुनाव प्रभारी नियुक्त किए

सीमा सन्देश # सूरतगढ़। पंचायत आम चुनाव को लेकर कांग्रेस ने चुनावी तैयारियां तेज कर दी हैं। विधायक डूंगरराम गेदर ने विधानसभा क्षेत्र में आने वाले जिला परिषद के जोन 16 से 22 तक हेतु पार्टी पदाधिकारियों को प्रभारी नियुक्त कर चुनावी जिम्मेदारी सौंपी है। जारी सूची के अनुसार जोन 16 में ओबीसी विभाग जिलाध्यक्ष राजाराम गोदारा, जोन 17 में विनोद घोड़ेला, जोन 18 में वरिष्ठ नेता किशोर गाबा, जोन 19 में पूर्व ओबीसी जिलाध्यक्ष बलराम वर्मा, जोन 20 में पूर्व मंत्री परमजीत सिंह संघवा, जोन 21 में प्रदेश सचिव गगन विडिंग और जोन 22 में बंशीधर छाबड़ा को प्रभारी बनाया है। विधायक गेदर ने बताया कि महंगाई, बेरोजगारी, सिंचाई समस्या व सरकारी योजनाओं से जुड़े मुद्दों पर ग्रामीणों से संवाद करेंगे। उन्होंने कहा, कांग्रेस की नीतियों व विकास कार्यों को जनता तक पहुंचाने के साथ चुनावी गतिविधियों का संचालन किया जाएगा। गेदर ने दावा किया कि भाजपा से लोगों का मोहभंग हो चुका है और जनता कांग्रेस की ओर उम्मीद से देख रही है।

लंदन सिटी में फेस्टिवल मेले का शुभारंभ, परिवारों को मिलेगा मनोरंजन का अवसर



सीमा सन्देश# पदमपुर। पदमपुर स्थित लंदन सिटी में फेस्टिवल मेले का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। वरिष्ठ पंडित धनराज शर्मा ने भगवान गणेश की आराधना करवाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद उपस्थित अतिथियों ने ज्योति प्रज्ज्वलित कर मेले का विधिवत उद्घाटन किया।

इस अवसर पर भाजपा नेता सम्मनदीप वडिंग, नगर पालिका अध्यक्ष जितेंद्र नारंग, वाइस चेयरमैन परविंदर सिंह संधू, भाजपा मंडल अध्यक्ष अंशु बुलंदी, थाना प्रभारी सुमन जयपाल, पार्षद संदीप सोनी, राहुल मित्तल, मनोहर सोनी, अग्रवाल सभा अध्यक्ष राजेंद्र सिंगला सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अतिथियों ने मेला प्रभारी संजय खेमचंदानी और मेला कमेटी को स्वच्छ एवं सुरक्षित मनोरंजन की व्यवस्था के लिए शुभकामनाएं दीं। मेले के आयोजकों ने सभी निर्धारित मानकों के अनुरूप आयोजन संचालित करने का भरोसा दिलाया तथा अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया। अतिथियों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन क्षेत्रवासियों को परिवार के साथ मनोरंजन करने का अवसर प्रदान करते हैं।

उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी मोबाइल के अत्यधिक उपयोग के कारण अपनी पारंपरिक संस्कृति और सामाजिक गतिविधियों से दूर होती जा रही है। मेले के आयोजन से क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। आयोजकों को उम्मीद है कि लोग परिवार सहित पहुंचकर मेले का आनंद लेंगे।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का भव्य पथ संचलन, जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत



सीमा सन्देश # रायसिंहनगर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रायसिंहनगर में भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। सिटी पार्क से शुरू हुआ यह पथ संचलन शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरा। कई स्थानों पर पुष्पवर्षा और इत्र वर्षा कर स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में धर्म जागरण गतिविधियों के प्रदेश प्रमुख देवेंद्र प्रकाश कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा भारत को विजयपथ पर आगे बढ़ाना है विश्व में शांति का मार्ग ढूंढने के लिए सभी लोग भारत की ओर देख रहे हैं। मुख्य अतिथि संस्कृत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सज्जन कुमार तिवारी ने कहा कि, धर्म ही हमारी रक्षा करता है। विष्णु पुराण में बताया गया है कि राज्य प्रत्येक व्यक्ति को चाहिए किंतु राज्य राजा को वर्ण करेगा या नहीं यह उसकी पात्रता पर निर्भर है। प्रत्येक व्यक्ति को धर्म मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। विभाग संघचालक चिमनलाल शर्मा खंड संघचालक सत्यनारायण शर्मा सहित संघ के अनेक पदाधिकारी एवं स्वयंसेवक मौजूद रहे। अशोक विजय ने बताया कि संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है। पथ संचलन संघ के अनुशासन, संगठन और सामूहिकता का परिचायक है। पथ संचलन के दौरान शहर के विभिन्न मार्गों पर नागरिकों ने स्वागत द्वार सजाए गए तथा पुष्पवर्षा और इत्र वर्षा के माध्यम से स्वयंसेवकों का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में भगवान सिंह, आयुष, मोहित वर्मा, अशोक चावला, गणेश मोंगा, विनोद सिडाना सहित विभिन्न शाखाओं के कार्यवाह, शारीरिक शिक्षक तथा विभाग एवं खंड स्तर के पदाधिकारी उपस्थित रहे। स्वयंसेवकों की 900 संख्या थी। पद संचलन में श्री संतोषी माता मंदिर के समिति, गुरुद्वारा रशियन सभा समिति ,हनुमान मंदिर के समिति ,नामदेव गुरुद्वारा समिति ,झूलेलाल जी के मंदिर समिति आदि समितियां का सहयोग रहा। आदर्श श्री सत्यनारायण आदर्श विद्या मंदिर की बहनों द्वारा रंगोली बनाई। नगर पालिका प्रशासन पुलिस प्रशासन स्थानीय प्रशासन और मीडिया कर्मियों का विशेष योगदान रहा।

चुनावों के दौरान देखने को मिला कहीं खुशी और कहीं गम

सीमा सन्देश # खाजूवाला। पंचायती राज चुनावों में कहीं खुशी तो कहीं गम की स्थिति देखने को मिली। ग्राम पंचायत 8 केवाईडी सरपंच प्रतिनिधि की हदयगति रूकने से मृत्यु हो गई वहीं 3 अन्य दुर्घटनाओं में मृत्यु होने के सामचार मिले है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में लगभग एक दर्जन हादसे हुए हैं। चुनावी माहौल होने के कारण कुछ लोगों का पता ही नहीं चला। चुनाव से पूर्व 22 केवाईडी और एडीएम फांटा के पास एक-एक व्यक्ति की मृत्यु होने के समाचार आये हैं वहीं ग्राम पंचायत 8 केवाईडी में सरपंच की जीत की खुशी के माहौल में पटाखे चलाने और जश्न मनाने के दौरान राजेंद्र कुमार की मृत्यु हो गई। लगभग 12 घंटे का समय भी नहीं बीता की उसी पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि मलकीत सिंह मान की हदयगति रूकने से मृत्यु हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि 8 केवाईडी सरपंची चुनाव में राजेंद्र कुमार ने खूब बढ़-चढ़ कर भाग लिया और अपने उम्मीदवार को जिताने में कामयाब रहे, लेकिन ईश्वर को कुछ ओर ही मंजूर था। साथ-साथ प्रचार करने और वोट मांगने वाले सरपंच प्रतिनिधि मलकीत सिंह मान इस गम का सहन ही नहीं कर पाये और अगले दिन सुबह हदयगति रूकने से निधन का समाचार क्षेत्र में सोशल मीडिया के माध्यम से फैल गया। एक तरफ खुशी का माहौल और दूसरी तरह चुनाव परिणाम के तुरंत बाद से ही गांव में गमी का माहौल शुरू और अगले दिन दुगुना गम। इस दुःख की घड़ी में ग्राम पंचायत 8 केवाईडी में सरपंच प्रतिनिधि के अंतिम संस्कार में सैंकड़ों लोग शामिल हुए तथा नम आंखों से अंतिम विदाई दी।

29 जीबी पंचायत में ग्रामीणों की बैठक, चुनाव और गांव के विकास पर हुई चर्चा

शिवपुरी में आयोजित बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े लोग और ग्रामीण हुए शामिल



सीमा सन्देश # श्रीविजयनगर। ग्राम पंचायत 29 जीबी में सरपंच चुनाव को लेकर रविवार को शिवपुरी में ग्रामीणों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने भाग लिया। इस दौरान पंचायत चुनाव, गांव के विकास और आपसी भाईचारे सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई।

बैठक में सरपंच पद के प्रत्याशी अमरीक सिंह थिंद बिट्टू के समर्थन में भी कई ग्रामीणों ने अपनी राय रखी। उपस्थित लोगों ने गांव के विकास कार्यों को प्राथमिकता देने और आपसी सहयोग बनाए रखने की बात कही। बैठक में ग्रामीणों के बीच चुनाव को लेकर विचार-विमर्श हुआ और कुछ लोगों ने प्रत्याशी के पक्ष में समर्थन व्यक्त किया।

इस अवसर पर गुरप्रीत सिंह, धूड़ा राम, सुब्बा सिंह, सत्यनारायण शर्मा, करणी शर्मा, करमजीत सिंह, सोहन बावरी, केशु राम, फौजी सिंह, इमि लाल वर्मा, सतपाल, सुभाष गौड़, रमेश गुर्जर, जगदीश गवारिया, काली सिंह और मंजीत गोदारा सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

बैठक के दौरान ग्रामीणों ने पंचायत से जुड़े मुद्दों पर मिलकर काम करने और गांव में आपसी सद्भाव बनाए रखने पर जोर दिया।

भगवती जागरण में भक्ति रस से सराबोर हुए श्रद्धालु



सीमा सन्देश # सूरतगढ़। श्री पुष्करणा भवन प्रबंध समिति की ओर से बीकानेर रोड स्थित श्री पुष्करणा भवन में मां भगवती जागरण का आयोजन किया गया। जागरण में पारंपरिक भजनों, भक्ति संगीत और भैरव अखाड़े की प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को भक्तिरस से भावविभोर कर दिया। सरदारगढ़ से आए अशोक सोनी एंड पार्टी ने मां भगवती और भैरव जी के पारंपरिक भजनों के साथ आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियां दीं। भैरव अखाड़े का प्रदर्शन श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। मुख्य यजमान लक्ष्मीनारायण देरासरी ने परिवार सहित मां भगवती के दरबार में ज्योत प्रज्वलित कर आरती की। इससे पूर्व पुष्करणा समाज की ओर से लंगर प्रसादी का आयोजन किया गया। सर्वसमाज के इस आयोजन में रीमिक्स और डीजे संगीत से अलग पारंपरिक भजन शैली एवं सादगीपूर्ण भक्तिमय वातावरण की श्रद्धालुओं ने सराहना की। कार्यक्रम में विधायक डूंगरराम गेदर, पूर्व विधायक अशोक नागपाल, नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति सुरेंद्र राठौड़, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष परसराम भाटिया, पार्षद किशन स्वामी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और पुष्करणा समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। जागरण देर रात तक चला, जिसमें श्रद्धालुओं ने मां भगवती की आराधना कर धर्मलाभ प्राप्त किया।

कांग्रेस प्रत्याशियों ने एकजुट होकर लड़ने का लिया संकल्प



सीमा सन्देश # सूरतगढ़। पंचायत समिति चुनाव को लेकर कांग्रेस की ओर से पार्टी प्रत्याशियों की कार्यशाला का आयोजन होटल गोल्डन इन में किया गया। विधायक डूंगरराम गेदर सहित पार्टी पदाधिकारियों ने प्रत्याशियों को आपसी तालमेल, संगठन की मजबूती और प्रभावी जनसंपर्क के साथ चुनाव मैदान में उतरने का आह्वान किया। कार्यशाला में पूर्व मंत्री परमजीत सिंह रंधावा, पूर्व विधायक राजेंद्र भादू, ब्लॉक अध्यक्ष परसराम भाटिया, राजियासर ब्लॉक अध्यक्ष गिरधारी स्वामी, प्रदेश सचिव गगन विडिंग, ओबीसी प्रकोष्ठ संभाग अध्यक्ष अमित कड़वासरा, जिलाध्यक्ष राजाराम गोदारा, यूथ कांग्रेस प्रदेश सचिव योगेश मेघवाल और पूर्व प्रधान हरिराम मेघवाल ने प्रत्याशियों को चुनावी रणनीति के संबंध में मार्गदर्शन दिया। वक्ताओं ने कहा कि कार्यकर्ताओं की राय और सभी वर्गों की भावनाओं का सम्मान करते हुए टिकटों का वितरण किया गया है। अब प्रत्याशियों को एकजुट होकर संगठन की मजबूती के लिए कार्य करना होगा। उन्होंने मतदाताओं से निरंतर संपर्क बनाए रखने और चुनावी गतिविधियों में सतर्कता बरतने की बात कही।

कांग्रेस नेताओं ने भाजपा पर निशाना साधते हुए निकाय चुनावों में पुलिस के दुरुपयोग का आरोप लगाया और पंचायत चुनाव में भी सजग रहने का आह्वान किया। कार्यशाला में प्रत्याशियों को चुनावी नियमों की जानकारी देने के साथ प्रचार सामग्री वितरित की गई।

टिकट बुकिंग क्लर्क बीमा विकल्प पूछेंगे, वैध मोबाइल नम्बर होना अनिवार्य

सिर्फ 45 पैसे में 10 लाख का 'सुरक्षा कवच', रेलवे काउंटरों पर कल से लागू होगी बीमा योजना

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

भारतीय रेलवे ने रेल यात्रियों की सुरक्षा की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। अब तक केवल ऑनलाइन (ई-टिकट) बुक करने वाले यात्रियों तक सीमित रहने वाली वैकल्पिक यात्रा बीमा योजना का दायरा अब और बढ़ा दिया गया है। बीकानेर मंडल सहित देश के सभी रेलवे स्टेशनों के आरक्षण काउंटरों से आरक्षित टिकट बुक कराने वाले यात्रियों को भी अब इस बीमा सुविधा का पूरा लाभ मिलेगा। यह योजना 27 अक्टूबर से प्रभावी हो जाएगी। वीरेन्द्र जोशी वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने बताया कि रेलवे बोर्ड के निदेर्शानुसार, आरक्षण काउंटरों पर टिकट बुक कराते समय बुकिंग क्लर्क यात्रियों से बीमा विकल्प के बारे में पूछेंगे। यह सुविधा पूरी तरह वैकल्पिक (स्वैच्छिक) होगी।

इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए यात्रियों के पास वैध मोबाइल नंबर होना अनिवार्य है। बीमा प्रीमियम की राशि (मात्र 45 पैसे) का भुगतान टिकट किराए के साथ डिजिटल माध्यम से ही किया जाएगा। महज 45 पैसे प्रति यात्री के मामूली प्रीमियम पर मिलने वाले इस बीमा के तहत रेल दुर्घटना या किसी अप्रिय घटना की स्थिति में मृत्यु अथवा स्थायी पूर्ण दिव्यांगता पर 10 लाख रुपये स्थायी आंशिक दिव्यांगता पर 7.5 लाख रुपये, चोट लगने पर अस्पताल में भर्ती/इलाज का खर्च 2 लाख रुपये और पार्थिव शरीर (शव) का परिवहन 10,000 रुपये का परिलाभ मिलेगा। सीनियर डीसीएम के अनुसार योजना के सफल और सुचारू क्रियान्वयन के लिए बीकानेर मंडल के सभी आरक्षण कार्यालयों और यूटीएस-कम-पीआरएस केंद्रों पर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। काउंटरों पर यात्रियों की जागरूकता के लिए सूचना बोर्ड और नोटिस चस्पा किए जा रहे हैं।

साथ ही, बुकिंग कर्मचारियों को यात्रियों की सहमति दर्ज करने और प्रीमियम का सही ब्योरा सिस्टम में फीड करने के संबंध में विशेष प्रशिक्षण व निर्देश दिए गए हैं।

जेईई मेन 2027 का नोटिफिकेशन जारी, 22 तक कर सकेंगे आवेदन

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा 'जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम मेन 2027' (जेईई मेन 2027) का नोटिफिकेशन नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने जारी कर दिया है। परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन शनिवार रात से शुरू हो गए हैं, जो 22 नवंबर 2026 तक चलेंगे। लेट फीस के साथ उम्मीदवार 26 नवंबर तक आवेदन कर सकेंगे। एनटीए के अनुसार जेईई मेन 2027 का पहला सत्र 20, 21, 22, 23, 24 और 28 जनवरी को आयोजित होगा। परीक्षा दो पालियों में कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) मोड में होगी। 27 से 29 नवंबर तक आवेदन में सुधार का अवसर मिलेगा। परीक्षा शहर की सूचना 30 दिसंबर और प्रवेश पत्र 13 जनवरी को जारी होंगे। दूसरे सत्र की परीक्षा 2 से 7 अप्रैल 2027 तक होगी। इसके लिए रजिस्ट्रेशन 5 जनवरी से 3 फरवरी तक होंगे। लेट फीस के साथ 7 फरवरी तक आवेदन किया जा सकेगा। प्रवेश पत्र 25 मार्च को जारी होंगे।

फीस में बदलाव नहीं : सामान्य वर्ग के छात्रों के लिए आवेदन शुल्क 1000 रुपये, जबकि ईडब्ल्यूएस और ओबीसी के लिए 900 रुपये निर्धारित है। छात्राओं के लिए सामान्य, ईडब्ल्यूएस और ओबीसी वर्ग में शुल्क 800 रुपये तथा एससी, एसटी, दिव्यांग और थर्ड जेंडर अभ्यर्थियों के लिए 500 रुपये है। लेट फीस के रूप में सभी उम्मीदवारों को 500 रुपये अतिरिक्त देने होंगे।

वर्ग पहली क्रमांक 7960



बायें से दायें:- 2) लगाम, 13) वस्त्रखंड, 15) अविराम, 4) चुभना, 7) अनुकंपी; सहानुभूतिकर्ता, 18) परिश्रम, 9) अलिखित; इच्छा, 20) एक मेवा, 24) मौखिक, 11) कुपुत्र, 12) असंगत, 25) एक फल, 27) महक, 14) लंकादाही का आयुध, 15) प्रत्येक, 16) रेहन, 28) *लिमिटेड कंपनी*, छोटे क़द का घोड़ा, 17) महापालिका, 29) गहरा दुख. नमस्कार, 19) दोज़ख़ी; (उत्तर: अगले अंक में)

पातकी, 21) एक राशि, 22) अकड़, 23) विस्तार-पूर्वक, 26) चेला, 30) आसपास, 31) अंतिम तीर्थ-कर, 32) महसूल चोरी.

ऊपर से नीचे:- 1) गद्दारी, 2) साथ, 3) जलन, 4) समाप्त, 5) अहंकार, 6) तेजस्वी, 8) शहर, 10)

पिछली पहेली का उत्तर

अ	■	बो	रि	या	■	ग	हा	री	■
ह्रि	■	ग	■	म	र	ण	■	झ	ट
का	र	दा	त	■	ट	प	क	ना	■
ह्रि	■	■	र	द्री	■	ति	ल	■	आ
त	न	ख़ा	ह	■	घू	■	क	मी	ना
■	ग	ला	■	अ	ट	क	ल	■	का
पु	ष्प	■	पा	जी	■	बी	■	रा	नी
■	■	त	ल	ब	गा	र	■	ष्ट्री	■
नी	ला	प	न	■	ढ़ा	■	भा	य	का

आज का इतिहास

नयी दिल्ली (वार्ता) 26 अक्टूबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ-

1943 - कलकत्ता में हैजे की महामारी से अक्टूबर के तीसरे सप्ताह में 2155 लोगों की मौत।

1947 - राजा हरि सिंह जम्मू-कश्मीर को भारत में विलय करने पर सहमत हुए।

1951 - विंस्टन चर्चिल ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बने।

1969 - चांद पर कदम रखने वाले पहले अंतरिक्ष यात्री नील आर्मस्ट्रांग और एडविन एल्ड्रिन मुंबई आये।

1976 - त्रिनिदाद एंड टोबैगो गणराज्य को ब्रिटेन से आजादी मिली।

1980 - इजरायल के राष्ट्रपति यित्झाक नावोन मिस्र की यात्रा करने वाले पहले इजरायली राष्ट्रपति बने।

1994 - इस्त्रायल और जार्डन के बीच अरावा क्रासिंग पर बहुप्रतीक्षित शांति संधि सम्पन्न।

1999 - उच्चतम न्यायालय ने आजीवन कारावास की अवधि 14 वर्ष तय की।

2000- प्रमुख क्रान्तिकारी तथा लेखक मन्मथनाथ गुप्त का निधन।

2001 - जापान ने भारत और पाकिस्तान के खिलाफ लगे प्रतिबंधों को हटाने की घोषणा की।

2002 - भारत के भारोत्तोलक खिलाड़ी जेरेमी लालरिनुंगा का जन्म।

2005 - वर्ष 2006 को भारत-चीन मैत्री वर्ष के रूप में मनाने का फैसला।

2006 - इस्त्रायल में एक मंत्री ने भारत से बराक सौदे पर जांच की मांग की।

2007 - अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का महत्त्वपूर्ण यान डिस्कवरी अंतर्राष्ट्रीय स्पेश स्टेशन पर सफलतापूर्वक उतरा।

कल क्या होगा

नई दिल्ली, 27 अक्टूबर (एनएनएस) मंगलवार कार्तिक बदी प्रतिपदा तथा द्वितीया का क्षय है। बारीक चावल, जौ, जई, मक्की, बाजरा, काबुली चना, लोबिया, तुअर, ग्वार, चना, मोठ, उड़द, मसूर, मेथी, कालीमिर्च, अजवायन, साबुदाना, धनिया, आंवला, लौंग, काजू, बादाम, हींग, सौंफ, लोहा इस्पात में लाभ एवं गेहूं, राजमा चित्रा, काजू, पिस्ता, असगंध, मूंग, बेलगिरी, सितावर, आबजोश, अंजीर, पोस्तदाना, छुहारा, जीरा, सरसों, सोयाबीन तेल, सोया एवं डीओसी, सोना, चांदी में हानि की संभावना है। **भाग्यांक 1-5-7-9 है। यात्रा विचार- दक्षिण दिशा की ओर 7.53 बजे प्रातः के बाद यात्रा करना लाभप्रद होगा।**

आज का राशिफल

26 अक्टूबर सोमवार

श्रीचन्द शर्मा शास्त्री, श्री स.ध. गायत्री संस्कृत महाविद्यालय, जवाहरनगर, श्रीगंगानगर, मो.: 9772765993

आश्विन पूर्णिमा, नक्षत्र-अश्विनी, योग-वज्र, करण-बव, दिशाशूल-पूर्व, सूर्योदय 6.25 बजे, सूर्यास्त 6.25

ग्रह स्थिति : सूर्य, बुध, शुक्र - तुला राशि में, मंगल, गुरु - कर्क राशि में, चंद्रमा-मेष, राहु-कुंभ, केतु-सिंह, शनि-मीन राशि में संचार कर रहे हैं।

मेष: आज का दिन बेहद शानदार और आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। नए काम की शुरूआत कर सकते हैं।

वृषभ : क्रिएटिविटी और नए अवसरों का फायदा मिलेगा। आर्थिक मामलों में खुद पर भरोसा रखें।

मिथुन : दूसरों की मदद और अपनी जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाएं। वाणी में प्रभाव रहेगा, शब्दों का चुनाव सोच-समझकर करें।

कर्क : मानसिक स्वास्थ्य और सेहत को प्राथमिकता दें। भागदौड़ से बचकर खुद के लिए समय निकालें।

सिंह : काम के सिलसिले में भागदौड़ बढ़ सकती है। दिन में थोड़े उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकते हैं।

कन्या : अपने काम पर पूरा फोकस रखें और सेल्फ-केयर पर ध्यान दें। नौकरी-व्यवसाय में लाभ के योग हैं।

तुला : स्वास्थ्य पर ध्यान देकर जीवन में संतुलन बनाने की जरूरत है। धन प्राप्ति के नए अवसर मिल सकते हैं।

वृश्चिक : पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के बीच तालमेल बनाकर चलें। पार्टनर के साथ वक्त बिताएं।

धनु : आर्थिक मामलों में पार्टनर की सलाह लेना फायदेमंद रहेगा। नकारात्मक विचारों से दूर रहें।

मकर : धन-लाभ के योग बन रहे हैं, लेकिन दिन थोड़ा हलचल भरा हो सकता है।

कुंभ : जीवनसाथी या पार्टनर से कोई सरप्राइज मिल सकता है। अप्रत्याशित बदलावों के बीच संतुलन बनाए रखें।

मीन : आज का दिन बेहद शुभ रहने वाला है। पुरानी निराशा से उबरकर आगे बढ़ने के नए रास्ते मिलेंगे।

सितंबर में कंपनी ने बेचीं 8,018 गाड़ियां, नई एसयूवी को मिला शानदार रिस्पॉन्स

एमजी की बिक्री में 19 प्रतिशत की बढ़ोतरी टोमाहॉक बनी दूसरी ज्यादा बिकने वाली कार

नई दिल्ली।

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर ने सितंबर 2026 में बिक्री के मोर्चे पर बेहतर प्रदर्शन किया है। कंपनी ने इस महीने कुल 8,018 गाड़ियों की बिक्री दर्ज की, जबकि पिछले साल सितंबर में कंपनी ने 6,728 यूनिट्स बेची थीं। इस तरह सालाना आधार पर बिक्री में 19 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। अगस्त में लॉन्च हुई कंपनी की नई टोमाहॉक एसयूवी को ग्राहकों का शानदार रिस्पॉन्स मिला और यह सितंबर में कंपनी की दूसरी सबसे ज्यादा बिकने वाली कार रही।

विंडसर बिक्री में आगे

कंपनी की बिक्री सूची में विंडसर पहले स्थान पर रही। सितंबर 2026 में इसकी 3,300 यूनिट्स बिकीं। हालांकि पिछले साल सितंबर में इसकी 4,741 यूनिट्स की बिक्री हुई थी। वहीं एमजी कॉमेट 978 यूनिट्स की बिक्री के साथ तीसरे स्थान पर रही। इसकी बिक्री में सालाना आधार पर 19 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।



टोमाहॉक की 1,933 यूनिट्स बिकीं

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर ने टोमाहॉक को पहले इलेक्ट्रिक ईवी वेरिएंट में पेश किया और इसके बाद इसका प्लग-इन हाइब्रिड पीएचईवी मॉडल लॉन्च किया। सितंबर में टोमाहॉक की कुल 1,933 यूनिट्स की बिक्री हुई। नई एसयूवी की यह बिक्री कंपनी के लिए उत्साहजनक मानी जा रही है।

हेक्टर और अन्य मॉडलों का प्रदर्शन

एमजी हेक्टर ने सितंबर में 726 ग्राहकों को आकर्षित किया और यह कंपनी की चौथी सबसे ज्यादा बिकने वाली कार बनी। इसकी बिक्री में पिछले साल की तुलना में 78 प्रतिशत की वृद्धि हुई। मेजेस्टर की 517 यूनिट्स बिकीं और यह पांचवें स्थान पर रही। एमजी एस्टर को सितंबर में 284 ग्राहक मिले। पिछले साल की 90 यूनिट्स की बिक्री के मुकाबले इसमें 216 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज हुई। जेडएस ईवी की 280 यूनिट्स बिकीं, जो पिछले साल की 250 यूनिट्स से 12 प्रतिशत अधिक है। कंपनी की प्रीमियम एसयूवी ग्लॉस्टर को सितंबर में कोई ग्राहक नहीं मिला और यह बिक्री सूची में आठवें स्थान पर रही।

घरेलू कंपनियों की हिस्सेदारी बढ़कर 7 प्रतिशत हुई

मेमोरी चिप संकट से भारतीय स्मार्ट कम्पनियों को बड़ा मौका



चीनी ब्रांड्स की हिस्सेदारी 8 साल के निचले स्तर पर

नई दिल्ली।

मेमोरी चिप की बढ़ती कीमतों ने भारतीय स्मार्टफोन कंपनियों के लिए नया अवसर पैदा कर दिया है। जुलाई-सितंबर तिमाही में घरेलू कंपनियों की बाजार हिस्सेदारी बढ़कर 7 प्रतिशत हो गई, जबकि पिछले साल यह केवल 2 प्रतिशत थी। वर्ष 2018 के बाद यह भारतीय कंपनियों की सबसे मजबूत स्थिति मानी जा रही है।

चीनी कंपनियों पर बढ़ा दबाव : एक समय भारतीय बाजार में दबदबा रखने वाली चीनी स्मार्टफोन कंपनियों की हिस्सेदारी अब घटकर 67-68 प्रतिशत रह गई है, जो पिछले आठ वर्षों का सबसे निचला स्तर है। शाओमी, वीवो और ओप्पो जैसी कंपनियां बजट स्मार्टफोन सेगमेंट में दबाव महसूस कर रही हैं। मेमोरी चिप की कीमतों में वैश्विक स्तर पर बढ़ोतरी से कम मार्जिन वाले सस्ते स्मार्टफोन की लागत बढ़ गई है। मुनाफा बचाने के लिए चीनी कंपनियां बजट मॉडल्स की संख्या घटाकर मिड और प्रीमियम सेगमेंट पर ध्यान दे रही हैं।

भारतीय कंपनियों को मिला फायदा : चीनी कंपनियों के बजट बाजार से पीछे हटने का लाभ भारतीय ब्रांड्स को मिल रहा है। मीवी और बोल्ट जैसे नए नाम भी इस क्षेत्र में अपनी जगह बना रहे हैं। घरेलू कंपनियां कम कीमत वाले स्मार्टफोन चाहने वाले ग्राहकों को विकल्प उपलब्ध करा रही हैं। हालांकि स्मार्टफोन बाजार में कुल मांग कमजोर बनी हुई है।

जुलाई-सितंबर तिमाही में देश में स्मार्टफोन शिपमेंट सालाना आधार पर करीब 20 से 26 प्रतिशत घटकर 3.58 करोड़ यूनिट्स रह गया।

बढ़त बनाए रखना चुनौती : विशेषज्ञों का मानना है कि भारतीय कंपनियों के लिए यह अवसर लंबे समय तक बनाए रखना आसान नहीं होगा। उन्हें मजबूत वितरण नेटवर्क, बेहतर बिक्री बाद सेवा, उन्नत सॉफ्टवेयर और अनुसंधान एवं विकास में बड़ा निवेश करना होगा। केवल प्रतिस्पर्धियों की कमजोरी से मिली बढ़त को स्थायी सफलता में बदलना उनकी सबसे बड़ी चुनौती होगी।

पुष्कर में 200 साल पुराना चंद्रदेव मंदिर, एक प्रतिमा में दिखते हैं अर्ध-पूर्ण चन्द्र

अजमेर।

तीर्थराज पुष्कर केवल जगतपिता ब्रह्मा मंदिर के लिए ही प्रसिद्ध नहीं है, बल्कि यहां के घाट और धार्मिक धरोहरें भी सनातन संस्कृति की समृद्ध विरासत को संजोए हुए हैं। पुष्कर सरोवर के 52 घाटों में से एक चंद्र घाट पर भगवान चंद्र देव का करीब 200 वर्ष पुराना दुर्लभ मंदिर स्थित है। मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता यहां स्थापित धातु की प्रतिमा है, जिसमें एक साथ अर्धचंद्र और पूर्ण चंद्र के दर्शन होते हैं। राजस्थान में भगवान चंद्र देव का यह स्वतंत्र और प्राचीन मंदिर विशेष महत्व रखता है।

जयपुर के सेठ ने करवाया था निर्माण



: मुख्य पुजारी पंडित सौरभ शास्त्री के अनुसार, इस मंदिर का निर्माण करीब दो शताब्दी पहले जयपुर के सेठ श्यामलाल ने करवाया था। चंद्र घाट के निर्माण के साथ ही मंदिर को भी विकसित किया गया। यहां प्रतिदिन सुबह-शाम वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना होती है।

पूर्णिमा पर विशेष पूजा का महत्व : ज्योतिष मान्यताओं के अनुसार चंद्रमा मन और भावनाओं से जुड़ा ग्रह है। चंद्र दोष, मानसिक अशांति और अन्य समस्याओं से मुक्ति के लिए श्रद्धालु यहां पूर्णिमा, सोमवार और चंद्र ग्रहण के अवसर पर विशेष अनुष्ठान करवाते हैं। शरद पूर्णिमा और करवा चौथ पर मंदिर में विशेष भीड़ रहती है। धार्मिक मान्यता है कि शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा की किरणों से अमृत रस की वर्षा होती है। इस अवसर पर मंदिर में खीर को चंद्रमा की रोशनी में रखकर प्रसाद के रूप में ग्रहण करने की परंपरा भी है।

टांटिया मेडिकल कॉलेज में राष्ट्रीय सीएमई 'हिप्नोसिस-2026' आयोजित

एनेस्थीसिया विशेषज्ञ मरीज को सुरक्षित और आरामदायक स्थिति में रखते हैं : जैन



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।

इंडियन सोसायटी ऑफ एनेस्थीसियोलॉजिस्ट्स (आईएसए) के सहयोग से डॉ. एसएस टांटिया मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की ओर से शनिवार को मेडिकल कॉलेज सभागार में राष्ट्रीय सीएमई 'हिप्नोसिस-2026' का आयोजन किया गया। 'पेरीऑपरेटिव मेडिसिन-केयर बियॉन्ड ओटी' थीम पर आयोजित कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने ऑपरेशन से पहले, ऑपरेशन के दौरान और सर्जरी के बाद मरीजों की बेहतर देखभाल, सुरक्षित उपचार एवं आधुनिक चिकित्सा तकनीकों पर विचार रखे।

हाई रिस्क मरीजों की देखभाल पर चर्चा

डॉ. ऋचा कच्छवाहा ने एंटीकोएगुलेंट एवं एंटीप्लेटलेट थेरेपी प्रबंधन पर जानकारी दी। डॉ. विक्रम वर्धन ने वृद्ध एवं कमजोर मरीजों की पेरीऑपरेटिव देखभाल और डॉ. सुखमिंदरजीत सिंह बाजवा ने मरीज सुरक्षा व गुणवत्ता सुधार पर विचार रखे। हाई रिस्क सर्जिकल मरीजों के प्रबंधन पर डॉ. राजीव गुप्ता, डॉ. अंकुश सिंगला, डॉ. विक्रम वर्धन और डॉ. सीमा माहेश्वरी ने पैनल चर्चा में भाग लिया। कार्यक्रम में क्विज, पोस्टर प्रस्तुति और पुरस्कार वितरण भी हुआ।

विशेषज्ञों ने आधुनिक उपचार के अनुभव साझा किए

एएएस पेन मैनेजमेंट सेंटर, रोहतक के निदेशक डॉ. नवीन मल्होत्रा ने एनेस्थीसिया विशेषज्ञों को सोनोग्राफी की अनुमति दिए जाने की आवश्यकता बताई। कुलपति प्रो. (डॉ.) एमएम सक्सेना ने एनेस्थीसिया के इतिहास और बदलती चिकित्सा पद्धतियों पर प्रकाश डाला। मुख्य मार्गदर्शक डॉ. विशु टांटिया, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. केएस सुखदेव, डीन डॉ. विजय के. सहगल, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. एचएस बिंद्रा और एमजीएस खेलगांव सचिव सुनील सिहाग उपस्थित रहे। आयोजन सचिव डॉ. आनंदिनी राजपूत ने बताया कि सीएमई में केस आधारित अनुभव भी साझा किए गए। डॉ. दया राम ने ईआरएएस के क्रियान्वयन की चुनौतियों, डॉ. ऋचा मिश्रा ने बड़ी सर्जरी में रक्त चढ़ाने की रणनीतियों और डॉ. गीता सिंघरिया ने प्रीऑपरेटिव रिस्क असेसमेंट पर जानकारी दी। डॉ. जीतेन्द्र शर्मा ने गोल-डायरेक्टेड फ्लूइड थेरेपी, डॉ. पायल गहलोत ने पेरीऑपरेटिव पीओसीयूएस, डॉ. नवीन मल्होत्रा ने मल्टीमॉडल एनाल्जीसिया एवं ओपिओइड के उपयोग पर व्याख्यान दिया।

एनेस्थीसिया विभाग की भूमिका अहम : डॉ. मोहित

आयोजन समिति अध्यक्ष डॉ. दीपक मोंगा ने बताया कि सीएमई में पेरीऑपरेटिव केयर से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञ व्याख्यान हुए। मुख्य अतिथि जिला परिषद सीईओ अभिषेक जैन, टांटिया यूनिवर्सिटी के वाइस चेयरपर्सन डॉ. मोहित टांटिया सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ. मोहित टांटिया ने कहा कि एनेस्थीसिया चिकित्सा का अत्यंत महत्वपूर्ण विभाग है। एनेस्थीसिया विशेषज्ञों में तुरंत निर्णय लेने की क्षमता होती है। आधुनिक चिकित्सा में एनेस्थिजियोलॉजिस्ट ऑपरेशन से पहले, दौरान और बाद में मरीज की सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले प्रमुख चिकित्सक हैं। जिला परिषद सीईओ अभिषेक जैन ने कहा कि एनेस्थीसिया विशेषज्ञ मरीज को सुरक्षित और आरामदायक स्थिति में रखते हैं। स्वस्थ होकर मरीज का घर लौटना उनकी सतर्क देखभाल का परिणाम होता है।

गंगनहर का वरीयताक्रम

26 अक्टूबर 2026, सोमवार [सम्भावित]



पेयजल व छीजत 250		खुलने का समय	बंद होने का समय
आरबी	520 (8)	18 अक्टूबर रात्रि 12 बजे	26 अक्टूबर सायं 3 बजे
एचएच	555 (7)	19 अक्टूबर दोपहर 12 बजे	26 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
रिड़मलसर	566 (7)	19 अक्टूबर दोपहर 12 बजे	26 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
फार्म	627 (7)	19 अक्टूबर सायं 3 बजे	26 अक्टूबर रात्रि 12 बजे
जीजी	828 (4)	22 अक्टूबर प्रातः 3 बजे	29 अक्टूबर सायं 6 बजे
हिरणावाली	850 (4)	22 अक्टूबर दोपहर 12 बजे	29 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
नेतेवाला	871 (4)	22 अक्टूबर दोपहर 12 बजे	29 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
एमएल	931 (3)	23 अक्टूबर दोपहर 12 बजे	30 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
एमएलए	972 (3)	23 अक्टूबर दोपहर 12 बजे	30 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
करणीजी	1302 (2)	24 अक्टूबर दोपहर 12 बजे	01 नवम्बर प्रातः 6 बजे
एफ	1805		
केके	1818		
एलएनपी	2095		
ईईए	2155		
समेजा	2357		24 अक्टूबर दोपहर 12 बजे
पीएस	2517		22 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
बीआईएफ+जे	2558		22 अक्टूबर प्रातः 6 बजे
डी-भागसर	2576		22 अक्टूबर प्रातः 6 बजे
जैड	2731		22 अक्टूबर प्रातः 3 बजे
वाई	2762		22 अक्टूबर प्रातः 3 बजे
एच	3069		21 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
एमके	3167		21 अक्टूबर प्रातः 9 बजे
बीबी	3365		20 अक्टूबर प्रातः 3 बजे

नोट : गंगनहर में रविवार सायं 6 बजे तक पानी की मात्रा 1360 क्यूसेक।

इन्दिरा गांधी नहर

इंदिरा गांधी नहर की आरडी 243 तक चल रही नहरों की स्थिति

मसीतांवाली	5530	साहवा	451
आरडी-496	एनएम	अनूपगढ़	निल
एनडी	460	कंवरसैन	540
रावतसर	673	बिरधवाल हैड से नीचे	4262
सूरतगढ़	निल		
जोरावरपुरा	निल		
खेतेवाली	निल		

रविवार सायं 6 बजे हरिके बैराज से इंदिरा गांधी नहर में ..... क्यूसेक पानी।

बांधों में जलस्तर, पानी की आवक व निकासी 25.10.2026 को सायं 6 बजे की स्थिति

भाखड़ा बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1680) : 1632.63
पानी की आवक - 9939 क्यूसेक, निकासी- 8506 क्यूसेक।

पौंग बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1390) : 1360.73
पानी की आवक- 3543 क्यू., निकासी- 10023 क्यू., बीकानेर - 2083

सार्दुल ब्रांच 785, करणीसिंह ब्रांच- 415, पानी की कुल मात्रा- 1200

भाखड़ा वरीयताक्रम

20 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक रहेगा प्रभावी

भाखरांवाली	50	प्रतापपुरा	1344
करनीसिंह	405	हरिपुरा	1357
मम्मड़खेड़ा	660	दीनगढ़	1370
जोड़कियां	780	सूरतपुरा	1379
सूरतगढ़	900	मोडिया	1539
भगतपुरा	938	पीलीबंगा	1774
संगरिया	944	लोंगवाला	1889
नगराना	952	अमरपुरा	1982
लीलांवाली	1200	रोड़ांवाली	1995
रतनपुरा	1211	नवां-सतीपुरा	2006
नाथवाना	1239	मोरजण्डा	2216

भारत-बांग्लादेश सीमा पर तनाव

कूचबिहार। पश्चिम बंगाल के कूचबिहार जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर रेत और पत्थरों के अवैध खनन को लेकर तनाव पैदा हो गया। मेखलीगंज क्षेत्र में सानियाजन नदी से रेत निकाल रहे कथित बांग्लादेशी नागरिकों को रोकने पर बीएसएफ जवानों पर पत्थर और डंडों से हमला किया गया। स्थिति नियंत्रित करने के लिए जवानों ने आत्मरक्षा में ग्रेनेड का इस्तेमाल किया, जिसके बाद लोग मौके से भाग गए। पुलिस के अनुसार स्थिति अब नियंत्रण में है और सीमा पर निगरानी बढ़ा दी गई है।

ठगी में दो पकड़े

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने 2.10 करोड़ रुपये की 'डिजिटल अरेस्ट' ठगी से जुड़े बैंक खाते का संचालन करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। रकम को आगे भेजने के लिए इस्तेमाल किए गए एक 'म्यूल' बैंक खाते का संचालन करने के आरोप में इन दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनके पास से चार मोबाइल फोन, छह डेबिट कार्ड और 10 चेकबुक बरामद की हैं।

हत्या आरोप में 4 काबू

यमुनानगर। दशहरे के मेले से लौटे युवक की पीट-पीटकर हत्या करने के मामले में हरियाणा के यमुनानगर में अपराध शाखा ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

न्यूज इन ब्रीफ

बहन को ब्लैकमेल करने वाले युवक की हत्या

पटियाला। बहन को फोटो-वीडियो के जरिए ब्लैकमेल किए जाने से नाराज युवक ने दोस्तों के साथ मिलकर नवाब खान की हत्या कर दी। पुलिस ने मामले में सहजवीर सिंह सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, नवाब खान छह महीने से सहजवीर की विदेश में रह रही बहन को परेशान कर रहा था। आरोपियों ने स्कॉर्पियो से टक्कर मारकर उसे अगवा किया और चाकू से हमला कर हत्या कर दी। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त वाहन बरामद कर जांच आगे बढ़ा रही है।

चाचा के घर से सोना चुराकर खरीदी थार

मुंबई। महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले में एक युवक ने चाचा के घर से 150 ग्राम सोना चुराकर उसे बेच दिया और मिली रकम से महिंद्रा थार कार खरीद ली। इसके बाद उसने उसी चाचा को कार की पूजा में शामिल होने के लिए बुला लिया। पुलिस के अनुसार, 19 वर्षीय समर चव्हाण ने उमेश मारुति चव्हाण के घर से गहने चुराए थे, जिन्हें उसने करीब 10 लाख रुपए में बेचा। तिजोरी से गहने गायब मिलने पर परिवार ने शिकायत दर्ज कराई। जांच में पुलिस ने आरोपी को पकड़ा और उसके कबूलनामे के बाद सोना खरीदने वाले सुनार को भी गिरफ्तार किया।

बाइक-ट्रैक्टर भिड़ंत में तीन की मौत

महोबा। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर रविवार शाम तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दो महिलाओं सहित युवक की मौत हो गई। हादसा पुन्नियां-गहरौली मोड़ के पास हुआ। हमीरपुर निवासी विमला (45), उनकी बहन कमला (40) और विमला का पुत्र कपिल (18) बाइक से लौट रहे थे, तभी तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। खरेला पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर ट्रैक्टर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

चूरू के भाजपा कार्यकर्ताओं से संवाद, ग्राम पंचायत चुनाव की रणनीति और संगठनात्मक मजबूती पर हुआ मंथन

सालासर बालाजी धाम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किए दर्शन

सालासर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर सालासर बालाजी धाम पहुंचकर बालाजी महाराज के दर्शन-पूजन किए और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। उन्होंने प्रार्थना की कि बालाजी महाराज की कृपा से राजस्थान निरंतर विकास के नए आयाम स्थापित करे तथा प्रत्येक परिवार के जीवन में समृद्धि और सुख बना रहे।

बालाजी के दरबार में प्रदेश की उन्नति की कामना

मुख्यमंत्री ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर राज्य की उन्नति, सामाजिक सौहार्द और जनकल्याण की मंगलकामना की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आमजन के कल्याण और विकास के लिए प्रतिबद्ध है तथा सभी वर्गों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।



भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक संवाद

दर्शन-पूजन के बाद मुख्यमंत्री ने चूरू जिले के भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। बैठक में ग्राम पंचायत चुनावों की तैयारियों, संगठन की आगामी गतिविधियों, बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने तथा जनसंपर्क अभियान को अधिक प्रभावी बनाने पर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने कार्यकताओं से गांव-गांव जाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने और उनकी समस्याओं को प्राथमिकता से सुनने का आह्वान किया।

ग्रामीण विकास और जनहित पर विशेष जोर: मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता संगठन की सबसे बड़ी ताकत हैं। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देने, स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाओं के क्रियान्वयन तथा पात्र लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने पर बल दिया। साथ ही पंचायत चुनावों में संगठनात्मक समन्वय, अनुशासन और जनविश्वास को बनाए रखने का संदेश दिया।



इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता राजेंद्र राठौड़, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा सहित पार्टी के अनेक जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। धार्मिक आस्था और संगठनात्मक गतिविधियों से जुड़े इस कार्यक्रम को पंचायत चुनावों की तैयारियों के दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मुख्यमंत्री के दौरे से कार्यकताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

कार चालक को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर मांग रहा था घूस

एसीबी की बड़ी कार्रवाई: रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया बड़गांव चौकी में नियुक्त कांस्टेबल



जयपुर/कोटा। राजस्थान भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने रविवार को कोटा शहर के नांता थाने की बड़गांव चौकी पर तैनात कांस्टेबल अभय सिंह को 2,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोपी पर एक सड़क दुर्घटना से जुड़े मामले में परिवादी को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर रिश्वत मांगने का आरोप है।

सड़क हादसे के बाद शुरू हुई रिश्वतखोरी

एसीबी के अनुसार, मामला 21 अक्टूबर को हुई एक सड़क दुर्घटना से जुड़ा है। एक डंपर की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार आगे चल रही कार से जा भिड़ा, जिसके बाद कार चालक और डंपर चालक के बीच विवाद हो गया। बाद में डंपर चालक ने कार चालक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, जिसकी जांच कांस्टेबल अभय सिंह को सौंपी गई। आरोप है कि जांच के दौरान कांस्टेबल ने कार चालक को झूठे मामले में फंसाने और गंभीर धाराओं में कार्रवाई करने की धमकी देकर रिश्वत की मांग की। शिकायत मिलने पर एसीबी ने मामले का सत्यापन कराया। जांच में सामने आया कि आरोपी पहले ही 700 रुपये ले चुका था और शेष 2,000 रुपये बाद में लेने पर सहमत हुआ।

योजनानुसार परिवादी ने करवाया ट्रेप

शिकायत सत्यापित होने के बाद एसीबी की कोटा इकाई ने मुख्यालय के निर्देश पर ट्रैप कार्रवाई की। योजना के अनुसार परिवादी 2,000 रुपये लेकर बड़गांव चौकी पहुंचा। जैसे ही कांस्टेबल अभय सिंह ने रिश्वत की राशि स्वीकार की, एसीबी टीम ने उसे मौके पर ही रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

आगे की जांच जारी

एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय स्वर्णकार के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। आरोपी से पूछताछ की जा रही है तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच जारी है। ब्यूरो यह भी जांच कर रहा है कि आरोपी ने इसी प्रकार अन्य मामलों में भी अवैध वसूली की है या नहीं।

श्रीगंगानगर : विकसित करेंगे वैज्ञानिक सोच और तकनीकी कौशल

नोजगे पब्लिक स्कूल में अत्याधुनिक रोबोटिक्स शिक्षा शुरू विद्यार्थी स्वयं बनाएंगे रोबोट

श्रीगंगानगर। नोजगे पब्लिक स्कूल ने आधुनिक शिक्षा की दिशा में अहम पहल करते हुए विद्यार्थियों के लिए रोबोट निर्माण एवं स्वचालित तकनीक की विशेष कक्षाओं का शुभारंभ किया है। इसके लिए विद्यालय परिसर में अत्याधुनिक रोबोटिक्स प्रयोगशाला स्थापित की गई है, जहाँ विद्यार्थी व्यावहारिक प्रशिक्षण के जरिए विज्ञान व तकनीक की बारीकियां सीखेंगे। यह विशेष पाठ्यक्रम कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों की रुचि और बौद्धिक क्षमता को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इसके माध्यम से छात्र रोबोट की कार्यप्रणाली, कंप्यूटर प्रोग्रामिंग, सेंसर्स, इलेक्ट्रिक सर्किट और ड्रोन तकनीक का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करेंगे। प्रशिक्षित तकनीकी विशेषज्ञ विद्यार्थियों को रोबोट असेंबलिंग और कोडिंग का प्रत्यक्ष प्रशिक्षण देंगे, जिससे उनमें तार्किक सोच और समस्या-समाधान की क्षमता विकसित हो सके।



विद्यार्थियों को चुनौतियों के लिए तैयार करें

उत्कृष्ट प्रोजेक्ट्स तैयार करने वाले विद्यार्थियों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर की रोबोटिक्स प्रतियोगिताओं के लिए भी तैयार किया जाएगा। विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ. पी.एस. सूदन ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा पास करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकी चुनौतियों के लिए तैयार करना है। यह पहल बच्चों को तकनीक के केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि निर्माता बनने में सक्षम बनाएगी।

डॉ. आनंद छाबड़ा की पुण्यतिथि पर लगे शिविर में 42 यूनिट रक्तदान



***सूरतगढ़।** वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ स्व. डॉ. आनंद छाबड़ा की 14वीं पुण्यतिथि पर आईएमए, एपेक्स क्लब, इनर व्हील क्लब और मारवाड़ी युवा मंच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 42 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। आनंद नर्सिंग होम में आयोजित शिविर का शुभारंभ नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति सुरेंद्र राठौड़ और शिक्षाविद् प्रवीण भाटिया ने फीता काटकर किया। इससे पूर्व अतिथियों ने स्व. डॉ. आनंद छाबड़ा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। शिविर की शुरूआत मयंक कामरा, प्रीति नायक और अशोक धमीजा के रक्तदान से हुई। डॉ. राहुल छाबड़ा एवं डॉ. साक्षी छाबड़ा ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। शिविर प्रभारी मनोहर शर्मा ने बताया कि आयोजन में राहुल शर्मा और डॉ. सुशील जेटली का विशेष सहयोग रहा। मैत्री ब्लड बैंक के निदेशक सुनील योगी एवं बृजेंद्र बिश्नोई के नेतृत्व में मोबाइल टीम ने रक्त संग्रह किया। आयोजन में डॉ. अरविंद बंसल, डॉ. केएल बंसल, डॉ. विशाल छाबड़ा, डॉ. विजय अरोड़ा, डॉ. अमित चौधरी, डॉ. मनोज अग्रवाल सहित अनेक चिकित्सकों, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने सहयोग दिया। आनंद नर्सिंग होम के ईश्वर, रवि, धीरज, राजन, रेनू और संगीता ने व्यवस्थाओं का सफल संचालन किया। रक्तदाताओं के उत्साह और सामाजिक सहभागिता ने शिविर को सफल बनाया।

निःशुल्क दीपक बांटे

सरदारशहर। दीपावली के पावन पर्व पर रोटरी क्लब की ओर से गांधी चौक में स्व. श्यामलाल कंदोई की पुण्य स्मृति में निःशुल्क दीपक वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन उनके सुपुत्र नौरतन कंदोई एवं शिवरतन कंदोई के सौजन्य से हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को दीपोत्सव की खुशियों में सहभागी बनाते हुए सेवा और सामाजिक सद्भाव का संदेश देना रहा। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, नगरपरिषद सभापति अनिता टाक तथा पूर्व सभापति सुषमा पींचा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सहयोग, सेवा और भाईचारे की भावना को सुदृढ़ करते हैं।

कृषि वैज्ञानिकों से अनुसंधान केन्द्र की कार्य प्रणाली जानी

छात्राओं ने कृषि अनुसंधान केंद्र का भ्रमण किया

मिर्जेवाला। पीएमश्री राबाउमावि मिर्जेवाला की छात्राओं ने श्रीगंगानगर स्थित कृषि अनुसंधान केंद्र का भ्रमण किया। संस्था प्रधान कुमार लव पुंज ने बताया कि इस विद्यालय की कक्षा 6 से 12 की छात्राओं को किरण नागपाल, मोनिका सुखीजा, कंचन बिश्नोई, भगवंत सिंह, मंजू कटारिया के निर्देशन में कृषि अनुसंधान केंद्र श्रीगंगानगर का शैक्षिक भ्रमण करवाया गया। इस भ्रमण में कृषि अनुसंधान केंद्र श्रीगंगानगर के वैज्ञानिक कमलेश कुमार गौरा ने छात्राओं को कपास की विभिन्न किस्मों के विकास, उपज, रोग प्रतिरोधकता आदि की जानकारी देते हुए संबंधित इकाई का फील्ड विजिट करवाया। इसके बाद कृषि विज्ञान में काम आने वाले विभिन्न उपकरणों व गतिविधियों का अवलोकन करवाया गया तथा किसानों के लिए मौसम विज्ञान से संबंधित प्रतिदिन जारी होने वाले बुलेटिन, मेघदूत ऐप आदि की जानकारी साझा की गई। इसके बाद विद्यार्थियों को बीज ग्रेडिंग इकाई में ले जाकर बीजों के आकार, तेल, गुणवत्ता आदि के आधार पर ग्रेडिंग प्रक्रिया दिखाई गई। विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की सिंचाई विधियों से संबंधित इकाइयों का भ्रमण करवाते हुए इनकी कार्य प्रणाली को समझाया गया। इस कार्यक्रम में कृषि अनुसंधान केंद्र में किसानों के लिए उपलब्ध प्रमाणित बीजों की किस्मों तथा अन्य सुविधाओं की जानकारी भी इस भ्रमण दल को दी गई। संस्था प्रधान कुमार लव पुंज द्वारा इस लाभप्रद जानकारी हेतु कृषि अनुसंधान केंद्र श्रीगंगानगर प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



संगठन शक्ति को मजबूत बनाएं, जिम्मेदारियों का करें निर्वहन: चंपत राय

मीरजापुर। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंपत राय ने रविवार को विंध्यधाम पहुंचकर मां विंध्यवासिनी के दर्शन-पूजन किए। उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर विश्व कल्याण और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान उन्होंने हिंदू समाज की एकजुटता का संकल्प भी दोहराया। चंपत राय ने विंध्यधाम में करीब 40 मिनट बिताए। इसके बाद प्रशासनिक अतिथि गृह में संगठन पदाधिकारियों और अन्य लोगों से मुलाकात कर संवाद किया। उन्होंने कार्यकताओं को संगठन को मजबूत बनाने तथा अपनी जिम्मेदारियों का सक्रियता से निर्वहन करने का आह्वान किया। इससे पहले चंपत राय शनिवार को अयोध्या से मीरजापुर पहुंचे थे। उन्होंने मड़िहान के बसही में आयोजित श्रीराम कथा में भाग लिया और महुवारी कला स्थित देवरहा बाबा आश्रम पहुंचकर उनका आशीर्वाद लिया। चंपत राय और देवरहा बाबा का संबंध राम जन्मभूमि आंदोलन के समय से रहा है। देवरहा बाबा को श्रीराम मंदिर आंदोलन का आध्यात्मिक प्रेरणास्रोत माना जाता है। बाबा ने मंदिर निर्माण के लिए अपना आशीर्वाद दिया था।

'ऑपरेशन ट्राइडेंट' से ड्रग नेटवर्क पर प्रहार, 1424 बैंक खाते फ्रीज

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भारत मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोहों को पूरी तरह खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने 'ऑपरेशन ट्राइडेंट' की सफलता की जानकारी देते हुए बताया कि असम, मिजोरम और मणिपुर में एक साथ की गई कार्रवाई में 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया तथा 1424 बैंक खातों को फ्रीज किया गया। शाह ने बताया कि इस अभियान में करीब 100 करोड़ रुपए के हवाला लेनदेन का खुलासा हुआ, 17.82 करोड़ रुपए की संपत्तियां जब्त की गईं और 500 डेटोनेटर सहित 12 लाख रुपए नकद बरामद किए गए। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई भारत, म्यांमा और बांग्लादेश में सक्रिय अंतरराष्ट्रीय ड्रग नेटवर्क के खिलाफ की गई। स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के नेतृत्व में 23 अक्टूबर को चलाए गए इस अभियान में 38 स्थानों पर एक साथ छापेमारी की गई। कार्रवाई का उद्देश्य मादक पदार्थ तस्करी गिरोह के वित्तीय और परिचालन तंत्र को ध्वस्त करना था। गृह मंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य 31 दिसंबर 2029 तक देश से नशे के नेटवर्क का पूरी तरह सफाया करना है। उन्होंने एनसीबी, राज्य पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों की संयुक्त कार्रवाई की सराहना की।



मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



सरदारशहर। क्षेत्र के गांव मेलूसर बीकान स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) में नो बैग डे के अवसर पर इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब (ईएलसी) के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को मतदान प्रक्रिया की व्यावहारिक जानकारी दी गई। गतिविधि के दौरान पोस्टल बैलेट से मतदान, मतपेटी प्रबंधन और मतगणना तक की पूरी प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। कक्षा 12 की छात्राओं ने चुनाव अधिकारियों की भूमिका निभाई, जबकि कक्षा 4 से 7 तक के विद्यार्थियों ने मतदान कर अपने प्रतिनिधियों का चुनाव किया। इससे विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक व्यवस्था और चुनाव प्रक्रिया को व्यवहारिक रूप से समझने का अवसर मिला। कार्यवाहक प्रधानाचार्य बृजलाल मीणा ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों, मतदान के महत्व और नागरिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूकता विकसित करते हैं।

फ्रांस से पुर्तगाल तक बेरोजगारी, आवास संकट, पेंशन कटौती और भ्रष्टाचार के मुद्दों पर सरकारों के खिलाफ बढ़ा जनआक्रोश

महंगाई के खिलाफ यूरोप में सड़कों पर उतरे लोग, कई देशों में उग्र प्रदर्शन

नई दिल्ली। यूरोप के कई देशों में शनिवार और रविवार को महंगाई, आवास संकट, पेंशन कटौती, शिक्षा व्यवस्था में गिरावट, भ्रष्टाचार और युद्ध जैसे मुद्दों को लेकर बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए। फ्रांस, अल्बानिया, इटली, स्पेन और पुर्तगाल में हजारों लोग सड़कों पर उतरे। कई स्थानों पर प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़पें हुईं, जिसके बाद सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करनी पड़ी।

फ्रांस में चार लाख से अधिक लोग सड़कों पर: फ्रांस में हुए प्रदर्शनों के दौरान भारी तनाव देखने को मिला। गृह मंत्री लॉरेंट नुनेज के अनुसार देशभर में करीब एक हजार लोगों को हिरासत में लिया गया। सरकार के अनुमान के मुताबिक लगभग 4.10 लाख लोगों ने रैलियों में भाग लिया, जबकि आयोजकों ने यह संख्या करीब 8 लाख बताई। राजधानी पेरिस में प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों के बीच झड़प के बाद पुलिस ने वाटर कैनन और आंसू गैस का इस्तेमाल किया। उपद्रवियों पर नजर रखने के लिए हेलीकॉप्टर भी तैनात किए गए। वामपंथी नेता ज्यां-लुक मेलेंशों ने पुलिस कार्रवाई की आलोचना की, वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फ्रांस की स्थिति के लिए वहां की इमिग्रेशन नीतियों को जिम्मेदार ठहराया।

इटली में सेना की अतिरिक्त तैनाती: इटली के मिलान, रोम, ट्यूरिन, नेपल्स और फ्लोरेंस जैसे शहरों में युवाओं ने सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों को लेकर मार्च निकाला। हिंसा की आशंका को देखते हुए सरकार ने सुरक्षा बढ़ा दी। प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने मिलान में 500 अतिरिक्त सैनिकों की तैनाती की घोषणा करते हुए कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन का अधिकार सुरक्षित है, लेकिन नागरिकों की सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता।



अल्बानिया में भ्रष्टाचार व शिक्षा व्यवस्था के खिलाफ प्रदर्शन

अल्बानिया की राजधानी तिराना सहित कई शहरों में छात्रों के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन हुए। प्रदर्शनकारी भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और खराब शिक्षा व्यवस्था के खिलाफ आक्रोशित थे। उन्होंने ट्यूशन फीस कम करने, शिक्षा बजट बढ़ाने और प्रधानमंत्री एडी रामा के इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कुछ स्थानों पर हिंसा हुई। प्रदर्शनकारियों ने सरकारी इमारतों और बैंकों को निशाना बनाया, जिसके बाद पुलिस ने आंसू गैस, वाटर कैनन और रबर की गोलियों का इस्तेमाल कर भीड़ को नियंत्रित किया।

स्पेन व पुर्तगाल में आवास-पेंशन संकट बड़ा मुद्दा

स्पेन की राजधानी मैड्रिड में हजारों पेंशनभोगियों और आम नागरिकों ने पेंशन सुरक्षा और महंगाई के अनुसार पेंशन बढ़ाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। लोगों ने न्यूनतम पेंशन बढ़ाने और पेंशन असमानता खत्म करने की मांग उठाई। बढ़ते किराये और महंगे मकानों ने भी लोगों की नाराजगी बढ़ाई है। वहीं, पुर्तगाल की राजधानी लिस्बन में हजारों लोगों ने आवास संकट और महंगाई के खिलाफ मार्च किया। प्रदर्शनकारियों ने रॉसियो स्क्वायर में 100 से अधिक टेंट लगाकर विरोध जताया। उनका कहना था कि युवाओं के लिए घर खरीदना या किराये पर लेना मुश्किल होता जा रहा है। पुर्तगाल में 2017 के बाद से मकानों की कीमतें दोगुनी से अधिक हो चुकी हैं और देश में करीब तीन लाख घरों की कमी बताई जा रही है।

अवैध नशामुक्ति केन्द्र से 49 मुक्त

अमरगढ़ (मालेरकोटला)। पुलिस ने गांव बिंजोकी कलां (हथोआं) में संचालित अवैध नशामुक्ति केंद्र पर छापेमारी कर 49 नशा पीड़ित मरीजों को मुक्त कराया। कार्रवाई के दौरान केंद्र संचालक लाइसेंस और जरूरी दस्तावेज पेश नहीं कर पाए। पुलिस ने नशामुक्ति केंद्र संचालक जतिंदर सिंह निवासी नौशहरा को गिरफ्तार कर लिया, जबकि हम्मद शफीक उर्फ शिंकू के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। डीएसपी संजीव कपूर ने बताया कि सेहत विभाग की टीम के साथ जांच के बाद मरीजों को सरकारी नशामुक्ति केंद्रों और उनके परिजनों को सौंपा गया। पुलिस ने अवैध केंद्रों के खिलाफ कार्रवाई जारी रखने की बात कही है।

न्यूज इन ब्रीफ

भजन लाल पंचारिया को मिला समाज रत्न सम्मान 2026



सीमा सन्देश# रावतसर। एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र संचालक भजन लाल पंचारिया को विशेष योग्यजन सहायता एवं जनसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए जयपुर में समाज रत्न सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान राजस्थान जन मंच ट्रस्ट और परमार्थ एवं आध्यात्मिक समिति के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय भैरोंसिंह शेखावत स्मृति सभागार,जयपुर में प्रदान किया गया। सम्मान मिलने पर पंचारिया ने कहा कि जरूरतमंद लोगों की सहायता करना और पात्र परिवारों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही उनके सेवा कार्यों का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने भविष्य में भी इसी समर्पण के साथ समाज सेवा जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

पुष्पवर्षा कर किया पथ संचलन का स्वागत

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। हनुमानगढ़ सेवा समिति (भारत क्लब) की ओर से रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पथ संचलन का ज्ञानदान स्कूल के पास पुष्पवर्षा कर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। समिति पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने स्वयंसेवकों पर फूल बरसाकर उनका अभिनंदन किया तथा राष्ट्रसेवा के प्रति उनके समर्पण की सराहना की। घोष वादन की मधुर धुन और अनुशासित कदमताल के साथ निकले पथ संचलन ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में नागरिकों ने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि पथ संचलन समाज में अनुशासन, संगठन, सेवा और राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करने का प्रेरक माध्यम है। ऐसे आयोजन युवाओं को राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। इस मौके पर समिति अध्यक्ष मदन गोपाल जिंदल, उपाध्यक्ष रामकुमार मंगवाना, विनोद गर्ग, मनीशंकर जलंधरा, शिवजी पुरोहित, बजरंग सिंह, नवीन मिड्ढा, सुरेश अग्रवाल, पीयूष जिंदल, नितिन बंसल, जितेंद्र जिंदल एवं माधव जिंदल सहित समिति के सदस्य मौजूद रहे।

स्पीड ब्रेकर पर ट्रोले से नीचे गिरे खाद के कट्टे, लगा जाम, पहले भी हो चुके हैं बड़े हादसे, प्रशासन को समय रहते करनी होगी कार्रवाई

अनदेखी: प्रतिबंध के बावजूद चूना फाटक से गुजर रहे भारी वाहन, हादसे का इंतजार!

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। शहर में यातायात व्यवस्था की अनदेखी आमजन के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। जंक्शन स्थित सतीपुरा ओवरब्रिज पर आवागमन शुरू होने और अंबेडकर चौक से चूना फाटक तक सुबह 9 से रात 9 बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित होने के बावजूद प्रतिदिन सैकड़ों भारी वाहन इस मार्ग से गुजर रहे हैं। इससे चूना फाटक पर आए दिन जाम की स्थिति बन रही है, लेकिन जिम्मेदारों की ओर से समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा। रविवार सुबह करीब 10 बजे चूना फाटक पर खाद से लदा एक अधिक ऊंचाई वाला ट्रोला गुजर रहा था। स्पीड ब्रेकर से निकलते समय ट्रोले से खाद के कट्टे नीचे गिर गए, जिससे मार्ग पर जाम लग गया। यह घटना दर्शाती है कि भारी वाहनों की आवाजाही से न केवल यातायात बाधित हो रहा है, बल्कि दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है।



पहले हो चुका है बड़ा हादसा, फिर भी समाधान नहीं

स्थानीय लोगों के अनुसार, इस मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही के कारण प्रतिदिन जाम लगता है। कई बार एंबुलेंस भी जाम में फंस चुकी हैं, जिससे आपातकालीन सेवाओं में बाधा उत्पन्न होने की स्थिति बनती है। इसी मार्ग से प्रतिदिन स्कूली छात्र-छात्राएं भी आवागमन करते हैं। ऐसे में भारी वाहनों की आवाजाही उनके लिए भी खतरा बनी हुई है।

पूर्व में नेशनल पब्लिक स्कूल के पास इसी मार्ग पर बड़ा हादसा हो चुका है, जिसमें कई लोगों की जान चली गई थी। इसके बावजूद भारी वाहनों की आवाजाही पर प्रभावी नियंत्रण नहीं होने से स्थानीय दुकानदारों और नागरिकों में चिंता बनी हुई है। सामाजिक कार्यकर्ता सुशील बहल का कहना है कि वे इस समस्या से यातायात शाखा प्रभारी को कई बार अवगत करवा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं हुआ। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि निर्धारित समय में भारी वाहनों के प्रवेश पर सख्ती से रोक लगाई जाए और चूना फाटक पर यातायात व्यवस्था सुचारू करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं, ताकि किसी बड़े हादसे से पहले समस्या का समाधान हो सके।

राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और सामाजिक समरसता का संदेश दिया

घोष की गूंज और पुष्पवर्षा के बीच निकला आरएसएस का पथ संचलन

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, हनुमानगढ़ नगर की ओर से रविवार को विजयादशमी उत्सव, शस्त्र पूजन एवं पथ संचलन का आयोजन किया गया। टाउन स्थित भटनेर किले के सामने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में शस्त्र पूजन, अवतरण एवं काव्यगीत के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ। इसके बाद स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में घोष की धुन पर नगर के प्रमुख मार्गों से अनुशासनबद्ध पथ संचलन किया। नगर में 50 से अधिक सामाजिक, धार्मिक एवं व्यापारिक संगठनों ने स्वागत द्वार लगाकर संचलन का स्वागत किया। इस दौरान लगभग 200 किलोग्राम फूलों से पुष्पवर्षा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रख्यात शिक्षाविद् एवं अर्थशास्त्री डॉ. संतोष राजपुरोहित ने कहा कि पंच परिवर्तन सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वबोध और नागरिक कर्तव्यों के माध्यम से संस्कारित एवं सतत विकसित भारत के निर्माण का मार्ग है। शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार देना नहीं, बल्कि अच्छे नागरिक और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायी पीढ़ी तैयार करना भी है। मुख्य वक्ता जोधपुर प्रांत के धर्म जागरण प्रमुख देवेंद्र प्रकाश ने कहा कि शस्त्र पूजन शक्ति, साहस, आत्मरक्षा और न्याय का प्रतीक है। शक्ति का उद्देश्य अन्याय का प्रतिकार और धर्म की रक्षा करना है।

50 से अधिक संगठनों ने किया स्वागत



इन जगहों पर हुआ पथ संचालन

सच्चे नेतृत्व में शक्ति के साथ विनम्रता, अनुशासन और नैतिकता का होना आवश्यक है। पथ संचलन किले वाले हाई स्कूल से शुरू होकर नगर परिषद, महाराणा प्रताप चौक, पंचायत समिति, पंजाब नेशनल बैंक, जाकिर हुसैन पार्क, सुभाष चौक, इंदिरा चौक, महाराजा अग्रसेन चौक, लालाजी चौक, प्राकृतिक चिकित्सालय, ट्रैफिक थाना मुख्य मार्ग तथा शहीद बाबा सुक्खा सिंह-महताब सिंह गुरुद्वारे के सामने से होते हुए पुनः कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर सम्पन्न हुआ।



'राष्ट्र प्रथम' के साथ कार्य करने का आह्वान

हनुमानगढ़ जिला संघचालक मोमनचंद मित्तल और नगर संघचालक अनिल अग्रवाल की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम के संबंध में जिला प्रचार प्रमुख चेतन जिंदल ने बताया कि नगर के 50 से अधिक सामाजिक, धार्मिक एवं व्यापारिक संगठनों ने संचलन का स्वागत किया। हनुमानगढ़ जिला कार्यवाह नीरज कुमार ने स्वयंसेवकों से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए संगठन, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति को मजबूत करने तथा 'राष्ट्र प्रथम' के संकल्प के साथ कार्य करने का आह्वान किया। नगर कार्यवाह अमित कुमार ने राष्ट्रसेवा में सक्रिय भागीदारी निभाने, सामाजिक समरसता बढ़ाने और भारतीय संस्कृति एवं राष्ट्रभक्ति के संस्कार जन-जन तक पहुंचाने की अपील की।

आस्था : बाबा खेतरपाल मंदिर में चौदस पर सुबह चार बजे से लगी लंबी कतारें

रावतसर में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला बना रहा

सीमा सन्देश #रावतसर। बाबा खेतरपाल मंदिर में चौदस के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह चार बजे से ही मंदिर में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया, जो देर शाम तक जारी रहा। राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, गुजरात और उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से आए महिला, पुरुषों और बच्चों ने बाबा खेतरपाल के दरबार में माथा टेककर अपनी मनोकामनाएं मांगीं। चौदस के अवसर पर मंदिर परिसर में सुबह से ही लंबी-लंबी कतारें देखने को मिलीं। श्रद्धालु घंटों कतार में खड़े रहकर अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। बाबा के प्रति लोगों की गहरी आस्था और विश्वास के चलते मंदिर में दिनभर भक्तिमय माहौल बना रहा। इस दौरान कई परिवारों ने अपने छोटे बच्चों का मुंडन संस्कार करवाया।



सुख समृद्धि की कामना की

वहीं, नवविवाहित वर-वधुओं ने गांठ जोड़कर बाबा खेतरपाल के दरबार में धोक लगाई और सुख-समृद्धि की कामना की। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा। एएसआई सुखविंदर सिंह के नेतृत्व में पुलिस जवानों, महिला कांस्टेबलों और ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने सुबह से शाम तक ड्यूटी निभाई। पुलिसकर्मियों ने व्यवस्था बनाए रखने और श्रद्धालुओं की आवाजाही सुचारू रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

गौशाला के मुख्य द्वार का लोकार्पण



सीमा सन्देश # भादरा। तहसील के गांव मुंसरी स्थित श्री राधा-कृष्ण गौशाला समिति में रविवार को नवनिर्मित मुख्य द्वार का लोकार्पण किया गया। द्वार का निर्माण स्वर्गीय राजेराम दादा एवं स्व. ओमप्रकाश बेनीवाल की स्मृति में उनके पुत्र किशन कुमार व मुकेश कुमार तथा माता इंद्रादेवी द्वारा करवाया गया। इस अवसर पर बताया गया कि स्वर्गीय ओमप्रकाश बेनीवाल गौमाता के अनन्य भक्त थे और गौशाला की स्थापना में उन्होंने हमेशा अग्रणी भूमिका निभाई। गौशाला के मुख्य द्वार का निर्माण करवाने की उनकी लंबे समय से इच्छा थी, जिसे परिवार ने उनकी स्मृति में पूरा किया। मुख्य द्वार का लोकार्पण पूर्व जिला अध्यक्ष बजरंग सिंह शेखावत, तहसील अध्यक्ष जयवीर सरेवा, अमरसिंह बेनीवाल, जगदीश प्रसाद बेनीवाल, रामदेव पूनिया, फौजी मदन सिंह कड़वासरा एवं गौशाला समिति के सदस्यों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान गौशाला समिति एवं सैकड़ों ग्रामीणों ने दानदाता परिवार को गौमाता के प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया तथा गौसेवा के इस पुनीत कार्य के लिए आभार व्यक्त किया।

मतगणना नियमों की जानकारी दी

पीलीबंगा। व्यापार मंडल कार्यकारिणी चुनाव 2026 के तहत रविवार को व्यापार मंडल कार्यालय में तीनो संस्थाओं के सभी प्रत्याशियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार शर्मा द्वारा व्यापार मंडल अध्यक्ष हनुमान प्रसाद जैन की उपस्थिति में किया गया। बैठक में उपस्थित सभी प्रत्याशियों को वैध एवं अवैध मतों की पहचान के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही मतगणना की प्रक्रिया, नियमों तथा मतपत्रों की जाँच के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए निर्धारित नियमों के अनुरूप कार्य करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

पंचायत राज चुनाव : पूर्व विधायक अभिषेक मटोरिया ने संभाला मोर्चा



सीमा सन्देश # नोहर। पंचायत राज चुनाव को लेकर क्षेत्र में चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में पूर्व विधायक अभिषेक मटोरिया ने रविवार को विभिन्न गांवों का दौरा कर जनसंपर्क किया। अभिषेक मटोरिया ने बताया कि निकाय चुनाव में भाजपा को मिली सफलता इस बात का प्रमाण है कि भजनलाल सरकार में जनकल्याणकारी के अनेक काम हुए हैं। मटोरिया ने कहा कि 3 वर्षों में भाजपा सरकार में विकास के नए आयाम स्थापित हुए हैं दशकों से जो काम नहीं हो पाए वे भाजपा के शासन में शुरू हो गए। पूर्व राज्य मंत्री मेहरुन्निशा टाक व प्रभारी डॉ चेतन दास राजपुरोहित ने कहा कि क्षेत्र के विकास और आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे चुनाव में उत्साहपूर्वक भाग लें। उन्होंने कहा कि कड़ी से कड़ी जोड़ने पर विकास कार्यों की रफ्तार तीन गुना बढ़ेगी। महंत गोपाल नाथ ने विभिन्न गांवों में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता की ।

हनुमानगढ़ : स्काउट-गाइड ने सीखे अनुशासन, सेवा और नेतृत्व के गुर

पांच दिवसीय द्वितीय-तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का समापन

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड स्थानीय संघ हनुमानगढ़ टाउन के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय द्वितीय-तृतीय सोपान स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर का समापन रविवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय 31 एसएसडब्ल्यू के परिसर में हुआ। समापन अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कृष्ण भाटिया ने ध्वजावतरण किया। शिविर में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय वार्ड नंबर 4, 31 एसएसडब्ल्यू, उत्तम पब्लिक स्कूल 20 एचएमएच तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय 31 एसएसडब्ल्यू के कुल 59 स्काउट-गाइड ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। पांच दिवसीय शिविर के दौरान शारीरिक, मानसिक, सांस्कृतिक एवं सेवा कार्यों से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। शिविरार्थियों ने उत्साहपूर्वक इन गतिविधियों में हिस्सा लिया तथा स्काउटिंग के उद्देश्यों, मूल्यों और महत्व को समझा। साथ ही, उन्होंने इन मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर उपप्राचार्य हंसराज मोठसरा, विक्रम सहारण, राकेश स्वामी, सुशील कुमार, गुरमीत, संजीव कुमार, गगनदीप कौर, ट्रेनिंग काउंसलर राजपाल सिंह, गाइड ट्रेनर सरोज, सुमन रानी, रेखा एवं अनीता कुमारी मौजूद रहे।



घोषित रेगुलेशन में बदलाव पर जताई आपत्ति

पानी रेगुलेश के अनुसार लेना सिंचाई अधिकारियों का काम : सूढ़ा

सीमा संदेश #रावतसर। भारतीय किसान संघ ने इंदिरा गांधी नहर में जल परामर्शदात्री बैठक में पारित रेगुलेशन में बदलाव पर आपत्ति जताई है। संगठन जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह सूडा ने बताया कि सिंचाई रेगुलेशन सक्षम अधिकारियों की अनुमति से जारी होता है फिर इसमें बार बार बदलाव करना समझ से बाहर है। उन्होंने बताया कि निर्धारित रेगुलेशन अनुसार सिंचाई पानी लेना सिंचाई अधिकारियों का काम है ना कि किसानों का।

अधिकारियों की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए

पंजाब से इंदिरा गांधी नहर के लिए स्विकृत सिंचाई पानी के कम होने पर जल संसाधन विभाग अधिकारियों की जिम्मेदारी तय हो। पानी कम होने के नाम पर जिन किसानों की बारी पिट जाती है उसकी भरपाई केसे होगी। पीछले दिनों रावतसर ब्रांच और नोरंगदेसर वितरिका का रेगुलेशन दो दिन आगे खिसकाने की सुचना विभाग ने दी और फिर पुराने रेगुलेशन अनुसार दोनों नहरे अचानक खोल दी । विभागीय अधिकारी आफिस में बैठकर फेसले ले लेते है लेकिन नहर अध्यक्षो के लिए किसानों को समझाना बहुत मुश्किल हो जाता है। अनूपगढ़ ब्रांच दो दिन लेट खुलेगी फिर सारी नहरे दो दिन लेट खुलेगी। इन दो दिनों की वजह से पीछली बार दो बारियो का लाभ ले चुके किसानों को फिर फायदा मिलने वाला है। सुडा ने कहा कि जब अंदाजे से ही नहरे चलानी है तो फिर रेगुलेशन वाला झमेला क्यों।

राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का सम्मान

गुड डे डिफेंस स्कूल के 135 खिलाड़ियों को 'विक्टर्स ऑनर' स्पोर्ट्स अवॉर्ड

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। गुड डे डिफेंस स्कूल, न्यू सैनिक स्कूल की ओर से रविवार को श्री खुशाल दास विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में 'विक्टर्स ऑनर' स्पोर्ट्स अवॉर्ड समारोह आयोजित किया गया। समारोह में राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालय के करीब 135 खिलाड़ियों को मेडल, ट्रॉफी और स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य खिलाड़ियों की मेहनत, लगन, अनुशासन और खेल भावना को प्रोत्साहित करना रहा। समारोह में मुख्य अतिथि एएसपी अरविंद बिश्नोई, विशिष्ट अतिथि डीएसपी करण सिंह, अर्जुन अवॉर्डी संदीप मान, जिला खेल अधिकारी शमशेर सिंह, जीएसटी डिप्टी कमिश्नर रवि दाधीच, अंतरराष्ट्रीय जूडो कोच अभयजीत तथा सेवानिवृत्त आईजी गिरीश चावला मौजूद रहे।



विद्यालय के खिलाड़ियों ने एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, कुश्ती, जूडो, लॉन टेनिस, क्रिकेट, तैराकी, बास्केटबॉल और घुड़सवारी सहित विभिन्न खेलों में उपलब्धियां हासिल कीं। मयंक ने एथलेटिक्स में राष्ट्रीय स्वर्ण पदक, मीठी ने अंडर-19 बॉक्सिंग में कांस्य और आलोक कुमार ने अंडर-14 आर्म रेसलिंग में राष्ट्रीय कांस्य पदक प्राप्त किया। सूर्यकांत व सूर्यप्रताप ने अंडर-17 लॉन टेनिस, सौरभ कुमार ने अंडर-14 जूडो व कुश्ती, आयुष कुमार ने अंडर-14 जूडो तथा रयना ने अंडर-19 बॉक्सिंग में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए क्वालीफाई किया। राज्य एवं अन्य प्रतियोगिताओं में सौरभ कुमार ने जूडो और कुश्ती में उपलब्धियां हासिल करने के साथ सीबीएसई बेस्ट जोन प्रतियोगिता के अंडर-17 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। आयुष कुमार ने जूडो में रजत, पर्ल जुनेजा ने अंडर-14 लॉन टेनिस में स्वर्ण, साहिल ने अंडर-17 बॉक्सिंग में रजत और पुलकित ने अंडर-17 जूडो में कांस्य पदक हासिल किया। क्रिकेट में कुशाग्र और अनिश कुशवाह ने रजत पदक प्राप्त किया।

देश का नाम रोशन करेंगे

मुख्य अतिथि एएसपी अरविंद बिश्नोई ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि वे भविष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि लक्ष्य के प्रति गंभीरता और निरंतर मेहनत से सफलता मिलती है। खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं के लिए रोजगार और सरकारी सेवाओं के अवसर भी उपलब्ध हैं, इसलिए पढ़ाई के साथ खेलों में भागीदारी जरूरी है। श्री गुरु गोविंद सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष बाबूलाल जुनेजा ने कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और संघर्ष की भावना विकसित करते हैं। संस्था के एमडी दिनेश कुमार जुनेजा ने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण के साथ खेलों में आगे बढ़ने के अवसर देना संस्था का उद्देश्य है। अर्जुन अवॉर्डी संदीप मान ने नियमित अभ्यास, दृढ़ संकल्प और हार से सीख लेकर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। सेवानिवृत्त आईजी गिरीश चावला ने कहा कि खेलों से अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित होती है। जीएसटी डिप्टी कमिश्नर रवि दाधीच ने सफलता के लिए त्याग, कठिन परिश्रम और दिनचर्या में संतुलन को जरूरी बताया। इस मौके पर संस्था के निदेशक विंग कमांडर जीडी शर्मा, प्रशासक अनुराग छाबड़ा, एनडीए निदेशक मनोज कुमार, प्राचार्य अनामिका गौड़, हॉस्टल निदेशक एलपी जैन सहित एनसीसी सदस्य, शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे। मंच संचालन अनुरिका ने किया।

शोभायात्रा का पुष्पवर्षा से स्वागत



सीमा सन्देश# रावतसर। श्री सुंदरकाण्ड मित्र मंडल, रावतसर के पंचम वार्षिक उत्सव के उपलक्ष्य में शनिवार को बालाजी महाराज की भव्य शोभायात्रा एवं ध्वज यात्रा श्रद्धा और उल्लास के साथ निकाली गई। यात्रा में महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरा वातावरण बालाजी महाराज के जयकारों से भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा का शुभारंभ रावतसर के गीता भवन से हुआ। यहां से यात्रा शहर के मुख्य बाजारों से होते हुए श्री श्याम मंदिर पहुंची। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं एवं व्यापारियों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। फूलों की वर्षा और जयकारों से बाजार का माहौल भक्तिमय बन गया। श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। उत्सव के अगले चरण में 25 अक्टूबर को श्री श्याम मंदिर में 151 आसनों पर सामूहिक संगीतमय सुंदरकाण्ड पाठ किया जाएगा। कार्यक्रम दोपहर 2:15 बजे से शुरू होगा। इसके साथ ही संकट मोचन यज्ञ एवं श्री बालाजी महाराज का भव्य दरबार भी आयोजित होगा। शोभायात्रा में नौरंग सोमानी, निर्मल माहेश्वरी, पवन अग्रवाल, श्याम पारीक, अजय खदरिया, अरविंद बिहाणी , रामजी बिहाणी,ललित शर्मा, हंसराज सैनी, गजेंद्र, संजय शर्मा, अजय जांगिड़ ,प्रकाश सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

न्यूज इन ब्रीफ

हनुमानगढ़ में 14 एसी चोरी करने वाले 5 आरोपी पकड़े

हनुमानगढ़। हनुमानगढ़ पुलिस ने पीलीबंगा में एसी चोरी के पांच आरोपियों को पकड़ा है। पुलिस ने उनके पास से चोरी के 14 एसी जब्त किए हैं। बाकी इलेक्ट्रॉनिक सामान की तलाश अभी जारी है। यह मामला कुछ दिन पहले सामने आया था। संजीव कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दीवाली की सफाई के दौरान उनके वार्ड नंबर 23 स्थित गोदाम से एसी और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान चोरी हो गया था। पुलिस अधीक्षक बी आदित्य के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीता चौधरी और वृत्त अधिकारी विक्रम चौहान की निगरानी में एक टीम बनाई गई। थानाधिकारी रायसिंह के नेतृत्व में एएसआई राजेंद्र कुमार की टीम ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी सबूतों और मानवीय जानकारी की मदद से आरोपियों को पकड़ा। पकड़े गए आरोपियों में दीनदयाल, मनोहर, राजेंद्र कुमार उर्फ राजू, रामकुमार और संदीप सिंह उर्फ संदीप कबाड़िया शामिल हैं। ये सभी हनुमानगढ़ जिले के पीलीबंगा और हनुमानगढ़ टाउन के रहने वाले हैं। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

लोन की 2 किस्ते बकाया, घर पर लिखा कंपनी का नाम

हनुमानगढ़। हनुमानगढ़ के वार्ड नंबर 14 में लोगों ने एक फाइनेंस कंपनी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किश। माकपा नेता कामरेड शेर सिंह शाक्य ने आरोप लगाया कि फाइनेंस कंपनी के प्रतिनिधियों ने माया देवी को धमकाया और सार्वजनिक रूप से अपमानित किया। उन्होंने बताया कि महिला के मकान पर यह भी लिख दिया गया कि संपत्ति कंपनी के अधीन है। शाक्य के अनुसार, माया देवी ने कंपनी से 10 साल के लिए लोन लिया था। उनके पति के निधन के बाद परिवार की आर्थिक स्थिति खराब हो गई, जिससे वे लोन की 2 किस्तें जमा नहीं कर पाईं। आरोप है कि इसके बाद कंपनी के लोग उनके घर पहुंचे और महिला के साथ दुर्व्यवहार किया। कंपनी का पक्ष अभी सामने नहीं आया है। कामरेड शेर सिंह शाक्य ने कहा कि किसी संपत्ति पर कब्जे की प्रक्रिया कानून के अनुसार ही होनी चाहिए। उन्होंने फाइनेंस कंपनियों के लाइसेंस और कामकाज की जांच की मांग की।

संडे साइक्लिंग क्लब ने मनाया सातवां स्थापना दिवस, साइक्लिंग, योग और जुंबा से दिया स्वस्थ जीवन का संदेश

भागदौड़ भरी जिंदगी में स्वस्थ रहना हर व्यक्ति की हो प्राथमिकता : डीजे कड़वासरा

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। संडे साइक्लिंग क्लब की ओर से रविवार को सातवां स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर टाउन स्थित सेंट्रल पार्क में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें डॉक्टर्स फॉर सोसायटी के सदस्यों सहित शहर के नागरिकों ने जुंबा, योग और व्यायाम के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीकानेर के जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमित कड़वासरा ने साइक्लिंग समूह को झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमित कड़वासरा ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में स्वस्थ रहना हर व्यक्ति की प्राथमिकता होनी चाहिए।



नियमित व्यायाम को बनाएं जीवन का हिस्सा

संस्था प्रधान पवन सरावगी ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए सुबह जल्दी उठना और नियमित व्यायाम करना बेहद आवश्यक है। अक्सर लोग व्यस्तता और समय की कमी का हवाला देकर अपनी सेहत को नजरअंदाज कर देते हैं, जबकि थोड़ी-सी नियमितता से जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। उन्होंने आमजन से संडे साइक्लिंग क्लब से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि क्लब का उद्देश्य लोगों को साइक्लिंग और अन्य शारीरिक गतिविधियों के प्रति प्रोत्साहित करना है, ताकि शहर में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़े और लोग बीमारियों से बचाव के लिए पहले से सजग रहें। उन्होंने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही स्वस्थ समाज की आधारशिला हैं। कार्यक्रम में एडवोकेट पुष्पेंद्र सिंह, डॉ. नरेश सकलेचा, विक्रम जैन, पवन मिड्ढा, जोधा सिंह, संजय जैन, आनंद जोशी सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

नोहर सेक्टर के थाना क्षेत्रों में पुलिस-प्रशासन का फ्लैग मार्च

अधिकारियों ने मतदान केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण | निर्भिक होकर मतदान को लेकर लोगों को किया जागरूक

सीमा सन्देश # चारणवासी। पंचायती राज चुनाव-2026 के मद्देनजर क्षेत्र में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी मतदान प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए पुलिस और प्रशासनिक अमला पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ रखने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिला पुलिस अधीक्षक बी. आदित्य के निर्देशों पर रविवार को सेक्टर नोहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस बल के साथ संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च निकाला गया तथा गांवों में स्थित मतदान केन्द्रों एवं पोलिंग बूथों का औचक निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया गया। इस व्यापक फ्लैग मार्च और निरीक्षण अभियान का नेतृत्व नोहर सेक्टर की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीता चौधरी ने किया। अभियान में नोहर एसडीएम सुनिता यादव, नोहर सीओ सुभाष पूनिया, नोहर थानाधिकारी जगदीश पांडर, फेफाना थानाधिकारी नरेंद्र कुमार, खुइयां थानाधिकारी सुरेंद्र कुमार, नोहर तहसीलदार और संबंधित उप निरीक्षक सहित नोहर सर्किल का भारी पुलिस जाब्ता तैनात रहा।



सुरक्षा का विश्वास कायम किया

निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की टीम ने पुलिस थाना नोहर और पुलिस थाना फेफाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में बने मतदान केन्द्रों का दौरा किया। अधिकारियों ने बूथों पर पेयजल, बिजली, बैरिकेडिंग, रैंप तथा आवागमन के रास्तों का बारिकी से परीक्षण किया और व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के कड़े दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि निष्पक्ष चुनाव में व्यवधान डालने, शांति भंग करने या किसी भी प्रकार का दबाव बनाने की कोशिश करने वाले असमाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसके उपरांत कस्बों और मुख्य बाजारों में पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च निकालकर आमजन में सुरक्षा का विश्वास कायम किया गया।

नागरिकों से अपील

अधिकारियों ने आम नागरिकों और मतदाताओं से संवाद करते हुए किसी भी प्रलोभन, भय, अफवाह या दबाव में आए बिना स्वतंत्र और निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। हनुमानगढ़ पुलिस और प्रशासन ने निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और भयमुक्त माहौल में चुनाव संपन्न करवाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है।

अमित चाचाण ने गांवों में की चुनावी सभाएं

किसानों को सिंचाई और पेयजल संकट से जूझने का आरोप



सीमा सन्देश # नोहर। पंचायत चुनाव 2026 को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में कांग्रेस पार्टी का जनसम्पर्क अभियान जारी है। नोहर विधायक अमित चाचाण ने कई गांवों में जनसम्पर्क व चुनावी सभाएं की। इसी क्रम में विधायक अमित चाचाण के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ने विभिन्न गांवों में चुनावी सभाएं आयोजित कर अपने प्रत्याशियों के पक्ष में समर्थन मांगा। चुनावी सभाओं की शुरूआत मिलों वाला बास से हुई, जो बड़बिराना, श्योपुरा, नथवानिया, जैतासरी, ढाणी चारणान, ललाना, नेहराना, भंगुली, भोगराणा, सूरपुरा, जोरावरपुरा, दौले वाला बास, आपूवाला और सहारणों वाली ढ़ाणी सहित अनेक गांवों तक पहुंची। चाचाण ने सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मतदाता कांग्रेस सरकार के पांच वर्षों के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों को ध्यान में रखकर मतदान करे। उन्होंने अपने कार्यकाल में करवाए गए विभिन्न विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए वर्तमान सरकार के कार्यों पर भी सवाल उठाए। इस मौके पर श्रवण तंवर, बनवारीलाल सुथार, निहालसिंह कड़वासरा, प्रदीप पुरोहित, संजय मोदी, दलीप तेतरवाल, मोहन सुथार, विजेंद्र, रामकुमार टिडियासर, राधेश्याम जोईया, मुकेश पंडा, नितेश पुरोहित सहित अनेक कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।



लगाये आरोप

अमित चाचाण ने आरोप लगाया कि राजस्थान, हरियाणा व केन्द्र तीनों जगह भाजपा की सरकार होने के बावजूद भी क्षेत्र का किसान पानी की बूंद-बूंद को तरस रहा है। अब तो हालात इस कदर खराब हो गये है कि सिंचाई पानी मिलना तो दूर की बात पीने के पानी के लिये भी हाहाकार मचा है। राज्य में भाजपा की सरकार को बने तीन साल होने को है, मगर क्षेत्र में विकास का एक भी काम नही हुआ है। भाजपा शासन में नये काम होना तो दूर की बात है कांग्रेस शासन में शुरू हुए विकास कार्यों को भी पूरा नही किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता इस बार पंचायत चुनाव में भाजपा को आईना दिखाने का काम करेगी।

जनरल सर्जन डॉ. जयपाल छिम्पा ने पेशाब की थैली से निकाली पथरी, मरीज को मिली राहत

नोहर : 6 सेंटीमीटर से बड़ी पथरी का सफल ऑपरेशन

सीमा सन्देश # नोहर। राजकीय उपजिला चिकित्सालय नोहर में जनरल सर्जन डॉ. जयपाल छिम्पा के नेतृत्व में पेशाब की थैली में मौजूद 6 सेंटीमीटर से बड़ी पथरी का सफल ऑपरेशन किया गया। इस ऑपरेशन के बाद मरीज नीतीश को लंबे समय से चली आ रही परेशानी से राहत मिली। जानकारी के अनुसार, नीतीश कई महीनों से पेशाब की थैली में पथरी की समस्या से परेशान था और उपचार के लिए इधर-उधर भटक रहा था। इसके बाद वह नोहर के राजकीय उपजिला चिकित्सालय पहुंचा, जहां जनरल सर्जन डॉ. जयपाल छिम्पा ने जांच के बाद ऑपरेशन किया।



मरीजों को दी राहत : चिकित्सकीय टीम ने सफलतापूर्वक पथरी निकालकर मरीज का उपचार किया। राजकीय चिकित्सालय नोहर में इस प्रकार की सर्जरी की सुविधा मिलने से क्षेत्र के मरीजों को स्थानीय स्तर पर उपचार का लाभ मिल रहा है। डॉ. जयपाल छिम्पा इससे पहले भी अस्पताल में कई सर्जरी कर चुके हैं। ऑपरेशन के दौरान डॉ. जयपाल छिम्पा के साथ डॉ. राकेश शर्मा, सुरेंद्र फुलवारिया, राकेश तालनिया, संजय, कमल और जयकरण ने सहयोग किया। स्थानीय स्तर पर जटिल सर्जरी की सुविधा उपलब्ध होना क्षेत्र के मरीजों के लिए राहत की बात है।

पीलीबंगा में 2 नवंबर को मनाया जाएगा बिश्नोई पंथ का 542वां स्थापना दिवस

सीमा सन्देश # पीलीबंगा। बिश्नोई समाज की एक बैठक रविवार को आयोजित हुई। बैठक में समाज के विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। समिति प्रवक्ता प्रकाश बिश्नोई ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि 2 नवंबर को गुरु जंभेश्वर भगवान द्वारा स्थापित बिश्नोई पंथ का 542वां स्थापना दिवस श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया जाएगा जिसके अंतर्गत सुबह हवन के पश्चात पाहल दिया जाएगा। इस आयोजन को लेकर समाज के लोगों में उत्साह है। बैठक में एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए पंचायत चुनावों के पश्चात नव निर्वाचित समाज के नगर पालिका उपाध्यक्ष, पार्षदों एवं पंचायत समिति सदस्यों को सामूहिक रूप से सम्मानित करने पर सहमति बनी। इसका उद्देश्य समाज के जनप्रतिनिधियों का उत्साहवर्धन करना तथा सामाजिक एकता को मजबूत करना है। बैठक में उपस्थित समाज के सदस्यों ने सामाजिक एकजुटता, धार्मिक परंपराओं के संरक्षण तथा समाजहित के कार्यों को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। बैठक में जंभेश्वर मंदिर समिति अध्यक्ष हनुमान मांजू, अखिल भारतीय बिश्नोई सेवक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद धारणिया, महासचिव रामस्वरूप गोदारा, कोषाध्यक्ष जगदीश जाखड़, उपाध्यक्ष सुभाष खीचड़, प्रवक्ता प्रकाश बिश्नोई, प्रवीण गोदारा लखासर, महावीर गोदारा, साहबराम खीचड़, रामकुमार गोदारा, सुनील डेलू, हरिराम गोदारा, विष्णु खीचड़, एसपी धारणिया, अरविंद कुमार सहू, अमीलाल सहू, विनोद खिलेरी सहित समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

50 मरीजों की हुई जांच

हनुमानगढ़। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा और बीसीएमओ डॉ. कुलदीप बराड़ के निर्देशन में ग्राम पंचायत किशनपुरा दिखनादा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को एन-सी-डी स्वास्थ्य शिविर एवं दिव्यांग चिह्नीकरण जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 30 वर्ष से अधिक आयु के 50 मरीजों ने बीपी, शुगर, कैंसर की प्रारंभिक जांच (मुख एवं स्तन कैंसर) और अन्य स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया तथा आवश्यक दवाइयां प्राप्त कीं। दिव्यांग एवं जनकल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष हरबंस लाल सहारण ने बताया कि शिविर के दौरान 2 दिव्यांगजनों को यू-डी-आई-डी कार्ड और 4 को रोडवेज रियायती यात्रा स्मार्ट कार्ड का लाभ दिलाया गया। साथ ही, वंचित दिव्यांगजनों के 15 नए आवेदन रोडवेज की पास शाखा, हनुमानगढ़ को भेजे गए।

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता से विद्यार्थियों को किया प्रोत्साहित

सीमा सन्देश # टिब्बी। कस्बे के डॉ. अंबेडकर भवन में रविवार को धम्म भूमि शाखा टिब्बी की ओर से अशोका विजयदशमी के अवसर पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 45 परीक्षार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामान्य ज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना, अध्ययन के लिए प्रेरित करना तथा उनकी प्रतिभा को निखारने के अवसर उपलब्ध करवाना रहा। इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें निरंतर सीखने और आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं।



बिगड़ी सफाई व्यवस्था उपभोक्ता संरक्षण समिति ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

सीमा संदेश# संगरिया। कस्बे में चरमराई सफाई व्यवस्था और आगामी दीपावली के त्योहार को देखते हुए उपभोक्ता संरक्षण समिति ने जिला कलेक्टर को पत्र भेजकर हस्तक्षेप की मांग की है। समिति के अध्यक्ष संजय आर्य द्वारा भेजे गए इस ज्ञापन में आम नागरिकों के स्वास्थ्य और शहर की स्वच्छता को लेकर चिंता जताई गई है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि नगर पालिका अध्यक्ष.सुमन संजीव सोनी ने 24 अक्टूबर को जिला कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में स्वयं स्वीकार किया था कि शहर में सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है। इसके लिए पालिका प्रशासन द्वारा 15 सफाई कर्मचारियों की चुनाव शाखा में की गई प्रतिनियुक्ति को मुख्य कारण बताया गया था।

त्योहार पर सफाई न होना गंभीर बात

बदलते मौसम और त्योहार के बीच बढ़ी चिंता समिति ने कहा कि बदलते मौसम और दीपावली के पावन पर्व के दौरान सफाई व्यवस्था का दुरुस्त न होना नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत गंभीर विषय है। उपभोक्ता संरक्षण समिति ने जिला कलेक्टर से मांग की है कि नगर पालिका द्वारा कर्मचारियों की कमी के कारण सफाई व्यवस्था बिगड़ने के दावे का निष्पक्ष परीक्षण करवाया जाए। यदि पालिका का दावा सही पाया जाता है तो निर्वाचन कार्य में प्रतिनियुक्त सफाई कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति तुरंत समाप्त कर उन्हें वापस संगरिया की सफाई व्यवस्था में लगाया जाए। यदि परीक्षण में पालिका का यह दावा सही नहीं पाया जाता है तो नगर पालिका प्रशासन को शहर में तत्काल समुचित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए जाएंए जिससे आम जनता को राहत मिल सके।

राजकॉप सिटीजन एप के पैनिक बटन सहित सुरक्षा सुविधाओं की दी जानकारी

छात्राओं को महिला सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। टाउन स्थित राजकीय नेहरू मेमोरियल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राजस्थान पुलिस की विशेष पहल के तहत कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की ओर से एक दिवसीय महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य प्रो. रामपाल अहरोदिया की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को सार्वजनिक स्थानों, रास्तों और कॉलेज परिसर में सुरक्षा संबंधी चुनौतियों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें सुरक्षित एवं भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने के उपायों की जानकारी देना था। कार्यक्रम के दौरान कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की टीम ने छात्राओं को आकस्मिक एवं विपरीत परिस्थितियों में सतर्क रहने की सलाह दी।



हैल्पलाइन नंबरों की भी दी जानकारी

साथ ही, किसी भी अवांछनीय गतिविधि या आपात स्थिति में त्वरित सहायता प्राप्त करने के लिए यूनिट के आधिकारिक हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। छात्राओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से उनके मोबाइल फोन में राजकॉप सिटीजन एप इंस्टॉल करवाया गया। पुलिस टीम ने एप के पैनिक बटन सहित अन्य सुरक्षा सुविधाओं की कार्यप्रणाली भी समझाई। इतिहास विभाग की सहायक आचार्य डॉ. भावना ने छात्राओं को अपने संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया।

शिकायत दर्ज करवायें : किसी भी स्तर पर अपराध या उत्पीड़न होने पर पीड़ितों को मुखर होकर आधिकारिक शिकायत दर्ज करवानी चाहिए। साथ ही, अपने आसपास के लोगों को जागरूक बनाने में भी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। डॉ. भावना ने लैंगिक संवेदनशीलता पर जोर देते हुए कहा कि महिलाओं को सहज, सुरक्षित और गरिमामय वातावरण उपलब्ध करवाना पुरुषों का भी नैतिक दायित्व है। उन्होंने विद्यार्थियों से देश के रचनात्मक एवं उत्तरदायी नागरिक के रूप में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सहायक आचार्य भागवंती, डॉ. मनदीप कौर, कृति गोयल, ममता और प्रीति अग्रवाल सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

क्रय-विक्रय सहकारी समिति की वार्षिक आम सभा कल

सीमा सन्देश # टिब्बी। क्रय-विक्रय सहकारी समिति, टिब्बी की वार्षिक आम सभा मंगलवार, 27 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे समिति मुख्यालय में आयोजित होगी। सभा में समिति के वार्षिक कार्यों, आय-व्यय के विवरण सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। समिति के महाप्रबंधक ने जानकारी देते हुए बताया कि वार्षिक आम सभा में समिति से संबंधित विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इस दौरान समिति के कार्यों एवं वित्तीय गतिविधियों से जुड़े विषयों पर चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे।

उत्साह से मनाई महाराजा अजमीढ़ जी की जयंती

सीमा सन्देश # नोहर। श्री मैढ़ क्षत्रिय युवा स्वर्णकार समिति के तत्वावधान में स्वर्णकार समाज नोहर की ओर से सोनी मंदिर में श्री महाराजा अजमीढ़ जी की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। महाराजा अजमीढ़ जी की जयंती प्रतिवर्ष शरद पूर्णिमा के अवसर पर मनाई जाती है। इस अवसर पर स्वर्णकार समाज के लोगों ने एकत्रित होकर महाराजा अजमीढ़ जी को श्रद्धापूर्वक याद किया। कार्यक्रम में युवा स्वर्णकार समिति नोहर के प्रधान कन्हैया लाल नारनौली ने जयंती के अवसर पर समाज के सभी लोगों को बधाई दी। उन्होंने महाराजा अजमीढ़ जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों और समाज के प्रति उनके योगदान को स्मरण किया। उन्होंने समाज के लोगों के एकजुट होकर जयंती मनाने पर प्रसन्नता व्यक्त की।



इस अवसर पर यह लोग रहे उपस्थित

इस अवसर पर स्वर्णकार सभा के प्रधान केशरी चन्द कूकरा सहित अशोक भामा, मंगतुराम नारनौली, सुभाष कड़ेल, शंकर ढल्ला, मनोज भामा, राजेन्द्र सहदेवा, योगेश कड़ेल, मांगीलाल भामा, रामेश्वर कड़ेल, राजेश भामा, डुंगर डांवर, निरंजन भामा, गोरी शंकर सीगड़, सुरेन्द्र सहदेवड़ा, सुरेन्द्र सीगड़, गोपाल ढल्ला, कमल नारनौली, धर्मावतार भामा, गोपीराम डांवर, किशन कड़ेल और मोहित भामा सहित बड़ी संख्या में स्वर्णकार समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से समाज के लोगों ने महाराजा अजमीढ़ जी के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की तथा सामूहिक रूप से जयंती मनाई।



शरद पूर्णिमा पर आज खेजड़ी धाम में भरेगा मेला, तो एक शाम धोरों के नाम में लोक कलाकार जमाएंगे रंग

सीमा सन्देश # शिवशंकर सारड़ा

सूरतगढ़। श्रीगंगानगर स्थापना दिवस के उपलक्ष में सोमवार को यहां श्री हनुमान खेजड़ी धाम में एक शाम धोरों के नाम कार्यक्रम आयोजित होगा। शाम 4 बजे से रात साढ़े 8 बजे तक आयोजित होने वाली इस सांस्कृतिक संध्या में राजस्थान की समृद्ध लोक कला, पारंपरिक नृत्य व लोक गायन की प्रस्तुतियों के साथ रेगिस्तानी पर्यटन की झलक भी देखने को मिलेगी। खास बात यह है कि सोमवार को शरद पूर्णिमा पर खेजड़ी धाम में मेला भी भरेगा। ऐसे में श्रद्धालुओं की खासी भीड़ के बीच लोक संस्कृति व पर्यटन का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। कार्यक्रम में जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव, पुलिस अधीक्षक सहित जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारी शिरकत करेंगे। श्रीगंगानगर स्थापना दिवस पर यह कार्यक्रम लगातार तीसरे वर्ष आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य क्षेत्र की लोक कला, सांस्कृतिक विरासत व पर्यटन की संभावनाओं को सामने लाना है।

लोक नृत्य व गायन से सजेगी सांस्कृतिक संध्या : पर्यटन विभाग के अधिकारी पवन शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में राजस्थान के विभिन्न अंचलों से आए कलाकार अपनी पारंपरिक प्रस्तुतियों से दर्शकों को लोक संस्कृति से रूबरू करवाएंगे। सूरतगढ़ का मस्क बीण लोक नृत्य, बीकानेर की कच्ची घोड़ी, भवई, तराजू व चकरी नृत्य तथा बालोतरा का लालगैर आंगी नृत्य प्रमुख आकर्षण रहेंगे। किशनगढ़ का चरी नृत्य व जोधपुर की कालबेलिया पार्टी भी अपनी प्रस्तुति देगी।इसी तरह जैसलमेर के लंगा-मांगणियार कलाकार लोक गायन व जुगलबंदी पेश करेंगे, वहीं श्रीगंगानगर का पंजाबी ढोल व पंजाबी लोक नृत्य सांस्कृतिक संध्या में अलग रंग भरेंगे। बीकानेर के रौबीले ग्रुप की प्रस्तुति भी कार्यक्रम का हिस्सा होगी। विभिन्न क्षेत्रों की लोक कलाओं के जरिए दर्शकों को राजस्थान की विविधतापूर्ण सांस्कृतिक विरासत देखने को मिलेगी।

कैमल डांस और सफारी का भी रहेगा आकर्षण : सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ रेगिस्तानी पर्यटन से जुड़ी गतिविधियां भी आयोजित होंगी। इनमें कैमल डांस शो, कैमल सफारी, ऊंटगाड़ा सफारी, जीप सफारी और डेजर्ट बाइक सफारी शामिल हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से धोरों की जीवनशैली व रेगिस्तानी पर्यटन के आकर्षण को प्रदर्शित किया जाएगा।

यातायात व्यवस्था रहेगी चुनौती

सोमवार को शरद पूर्णिमा पर श्री हनुमान खेजड़ी धाम में मेला भरेगा, जिसमें शाम के समय हजारों की तादाद में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। स्थापना दिवस का सांस्कृतिक कार्यक्रम व धार्मिक मेला एक ही दिन होने से आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं की आवाजाही, वाहनों की पार्किंग व यातायात व्यवस्था महत्वपूर्ण रहेगी। जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति के मद्देनजर सुरक्षा, यातायात नियंत्रण और पार्किंग की समुचित व्यवस्था पर विशेष फोकस करना भी जरूरी होगा, ताकि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं व सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोगों को किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

श्री बालाजी धाम में अटूट लंगर का आयोजन, श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद



सीमा सन्देश # श्रीविजयनगर। जलदाय विभाग की डिग्गियों के पास स्थित श्री बालाजी धाम हनुमान मंदिर में रविवार को लंगर प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शहर के विभिन्न वार्डों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने बाला जी के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया तथा सेवा कार्य में सहयोग दिया। मंदिर के प्रधान स्टोर मुंशी श्रवन कुमार जोशी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत सुबह मंदिर के पुजारी दीपक शास्त्री द्वारा पूजा-अर्चना के साथ की गई। इसके बाद हवन का आयोजन किया गया। धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होने के पश्चात दोपहर 12 बजे अटूट लंगर शुरू हुआ, इसमें बड़ी संख्या में शहरवासियों ने प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने बताया कि वार्ड संख्या 16, 17, 18, 19 और 20 सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों के श्रद्धालु मंदिर में पहुंचकर बालाजी महाराज के दर्शन किए और लंगर सेवा में सहयोग दिया इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मचारी कैलाश चंद्र,दिलीप कुमार, कान सिंह, चांद रतन जोशी, बलराम वर्मा, लख्मी चंद, सुभाष चंद्र, जगदीश प्रसाद, हरबंस सिंह,पाल सिंह सहित अन्य सेवादारों ने सेवाएं दीं।

श्रीकरणपुर: घर में सो रहे परिवार के बीच चोरों ने उड़ाए गहने-नकदी



सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर। कस्बे के वार्ड संख्या 19 में दूरभाष केंद्र से सेवानिवृत्त कर्मी सीता राम अग्रवाल के घर की दूसरी मंजिल से चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम देते हुए सोने के आभूषण व नकदी पर हाथ साफ कर लिया।

हैरान करने वाली बात यह है कि जिस समय इस घटना को अंजाम दिया गया, परिवार के सदस्य घर के अंदर ही मौजूद थे। चोरों ने शाम करीब 6:00 बजे से रात 10:00 बजे के बीच वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित परिवार के अनुसार, चोर घर से लगभग चार तोले सोने के आभूषण, चांदी के सिक्के और 25,000 रुपये नकद चोरी करके ले गए। परिवार को घटना की भनक तब लगी जब उन्होंने सामान बिखरा हुआ पाया। 12 शब्दों में हैडिंग

आठवां जन्म दहाड़ा मनाया गया



सीमा सन्देश# 15ईईए। धन धन बाबा बडभाग सिंह सोढ़ी पातशाह जी का आठवां जन्म दहाड़ा मनाया गया। डेरा 24 बी बी में आठवा सालाना जोड़ मेला का समापन हुआ। इस दौरान 23 अक्टूबर को श्री अखंड पाठ प्रारंभ किया गया व श्रीखंड पाठ का भोग 25 अक्टूबर को डाला गया और इसके उपरांत गुरु का लंगर बरताया गया। मेले में श्रद्धालुओं द्वारा शब्द कीर्तन कीर्तन का आनंद उठाया गया। इस मौके पर सभी सेवा द्वारा सेवा की। इस मौके पर सभी दूर दराज से संगत ने शब्द कीर्तन का आनंद उठाया। सेवादार बाबा जितेंद्र सिंह उपल ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी का जोड़ मेला लगाया गया है।

गुरुनानक प्रकाशोत्सव पर इस बार करवाए जा रहे 11 श्रीअखण्ड पाठ



सीमा सन्देश# श्रीकरणपुर। श्री अरोड़वंश सनातन धर्म मंदिर समिति की बैठक का आयोजन समिति अध्यक्ष विनय कुमार तनेजा की अध्यक्षता में किया गया।

इसमें श्री गुरु नानक देव जी के 557 वें प्रकाश उत्सव को लेकर तैयारी करते हुए समागम को सफल बनाने को लेकर अलग-अलग कार्यों के लिए सेवाओं का बंटवारा किया गया। समिति सचिव सत्येंद्र सलूजा ने बताया कि हमेशा की तरह श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव के उपलक्ष में 10 नवंबर से प्रभात फेरियां शुरू की जाएंगी।

इस बार श्री गुरु नानकदेव जी के प्रकाशोत्सव पर गुरु नानक नाम लेवा संगतों की ओर से 11 श्रीअखंड पाठ करवाऐ जा रहे हैं । इनके समापन भोग गुरु पर्व के दिन 24 नवंबर को डाले जाएंगें। 24 नवंबर को ही गुरु का अटूट लंगर बताया जाएगा। इसी दिन दोपहर बाद 2 बजे से शोभा यात्रा नगर कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। समिति अध्यक्ष विनय तनेजा ने समूह क्षेत्रवासी संगतों से गुरू पर्व पर अधिकाधिक सहयोग कर गुरु की खुशियों से झोलियां भरने का अनुरोध किया है।

रत्तेवाला धाम में उमड़े श्रद्धालु



सीमा सन्देश # रत्तेवाला। श्री बालाजी धाम रत्तेवाला में सालाना चौदस पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही बाबा के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया, जो देर रात तक जारी रहा। श्रद्धालुओं ने बालाजी महाराज के दरबार में माथा टेककर खुशहाली की कामना की। शाम 4:15 से 6:15 बजे तक हवन हुआ, जिसके बाद महाआरती कर सवामणी चूरमे का भोग लगाया गया। राम नाम कीर्तन और अटूट लंगर-भंडारे का आयोजन हुआ। पुजारी सुशील त्रिपाठी ने पूजा-अर्चना करवाई। प्रधान बसींराम राठौड़ सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

न्यूज इन ब्रीफ

श्री सुंदरकांड का पाठ का आयोजन

सीमा सन्देश # सादुलशहर। श्री मेहंदीपुर बालाजी मंदिर में शनिवार रात्रि सवा आठ बजे संगीतमय श्री सुंदरकांड का पाठ किया गया। इलाके की सुख-शांति एवं खुशहाली की कामना की गई। पाठ महाआरती के पश्चात भंडारा लगाया गया। अनेक श्रद्धालुओं ने पहुंचकर नतमस्तक होकर धोक लगाई। मन्नतें मांगी। इस दौरान प्रेम गर्ग, एडवोकेट महेंद्र शर्मा, पार्षद रणजीत सहारण, प्रवेश गोयल, कुलदीप गोयल, पार्षद सुनीता चौधरी, एडवोकेट धर्मेंद्र शर्मा आदि मौजूद थे।

शरद पूर्णिमा पर हुए धार्मिक आयोजन

सीमा सन्देश # कीकरवाली। शरद पूर्णिमा के अवसर पर रविवार को विभिन्न धार्मिक आयोजन किए गए। इस अवसर पर श्री ठाकुर जी महाराज के मंदिर पर हनुमान जी महाराज की महिमा का गुणगान किया गया। गांव 61 आर बी में सिथत श्री हनुमान जी महाराज के मंदिर पर जागरण हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर जागरण श्रवण किया। ग्रामीणों के सहयोग से अटूट लंगर बरताया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु चाननाधाम पहुंचे।

22 हजार किलो खाद्य तेल सीज

सीमा सन्देश # बीकानेर। केंद्रीय खाद्य सुरक्षा दल ने बीकानेर के बीछवाल औद्योगिक क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए करीब 22 हजार किलोग्राम खाद्य तेल सीज किया। दल ने एक दिन में तीन प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर छह खाद्य नमूने जांच के लिए लिए। मेसर्स लक्ष्मी नारायण भंवरलाल के गोदाम से नेपाल निर्मित 'च्वाइस' सनफ्लावर ऑयल और 'बाबा रामदेव छाप' सरसों तेल सीज किया गया। अन्य प्रतिष्ठानों से नारियल पेड़ा सहित खाद्य सामग्री के नमूने लिए गए। अतिरिक्त आयुक्त भगवत सिंह ने बताया कि दीपावली को देखते हुए मिलावटखोरों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

डम्पर की टक्कर से दो युवकों की मौत

सीमा सन्देश # बीकानेर। बज्जू तहसील के बिकमपुर रोड पर शनिवार देर रात तेज रफ्तार डम्पर ट्रक की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में नागौर निवासी लेखराम जाट (20) और बीकानेर जिले के बलदेव ब्राह्मण (22) की मौके पर ही मौत हो गई। घायल युवक मोहन जाट (18) नागौर का रहने वाला है।

पुलिस के अनुसार तीनों युवक पंचायत चुनाव के दौरान फुलसर छोटा ग्राम पंचायत क्षेत्र में एक प्रत्याशी के घर रसोइये के रूप में कार्य कर रहे थे। मतदान के बाद शनिवार रात वे मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे, तभी बिकमपुर रोड पर सामने से आ रहे डम्पर ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दो युवकों ने मौके पर दम तोड़ दिया। घायल मोहन ने समय रहते बाइक से छलांग लगा दी, जिससे उसकी जान बच गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बलदेव की शादी दो वर्ष पहले हुई थी और उसके परिवार में पत्नी व बेटी है।

पंचायत राज चुनाव में युवा वर्ग बिना डरे निडर होकर भाजपाइयों का मुकाबला करेः जांगिड़

सादुलशहर में कार्यकर्ता सभा को संबोधित करते हुए अघोषित इमरजेंसी व लोकतंत्र पर हमले का लगाया आरोप



सीमा सन्देश # सादुलशहर। एआईसीसी सचिव एवं सादुलशहर के पूर्व विधायक जगदीश चंद्र जांगिड ने कहा कि वर्तमान केंद्र एवं राज्य सरकार जन विरोधी है। वे श्री गोशाला परिसर में आयोजित कार्यकर्ताओं की सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में केंद्र सरकार ने देश में अघोषित इमरजेंसी लगा रखी है। लोकतंत्र पर कुठाराघात दर कुठाराघात किए जा रहे हैं। जांगिड ने कहा, वोट चोरी, लोकतंत्र एवं संविधान को बचाने के लिए कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, सांसद प्रियंका गांधी, युवाओं की धडकन सांसद राहुल गांधी, लोकसभा के साथ-साथ सडकों पर उतरकर संघर्ष कर रहे हैं, ताकि देशवासियों का वोट का अधिकार सुरक्षित रहे। अब मौका आ गया है कि पंचायत राज चुनाव में युवा वर्ग बिना डरे, बिना झुके निडर होकर भाजपाइयों का मुकाबला करे और कांग्रेस प्रत्याशियों को प्रचंड बहुमत से जिताएं। तभी विकास के द्वार खुलेंगे। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव मान सिंह राठौड ने कहा कि युवा कांग्रेस के नव निर्वाचित सचिव शिवा राजपूत ने 22 हजार वोट लेकर कीर्तिमान स्थापित किया है।

ये थे मौजूद : इस दौरान नगर अध्यक्ष भवानीशंकर सोनी, संजय जांगिड, भंवर सिंह सिन्हा, नवीन बिश्नोई, शिवा राजपूत, डूंगरसिंहपुरा के कालूराम तालणियां, बनवाली के राजेंद्र नायक, करण रिणवां, पूर्व सरपंच बिशंबरदयाल निराणियां, मन्नीवाली के पंच प्रवीन यादव, रविंद्र तरडए पूर्व पार्षद छिंद्रपाल चावलाए वरिष्ठ अधिवक्ता कृष्ण अलीपुराए एडवोकेट नरेश गर्गए राधेश्याम जोशी, नंदराम मेघवाल ताखरांवाली, बबनदीप ढिल्लों, हनुमान प्रसाद घोयल, दलीप बीरठ, बलराम लदोइया, संजय खीचड, कुलदीप कटारिया, देवीलाल मेघवाल, मघाराम, बबनदीप ढिल्लों, प्रतीक शर्मा, अनिल ज्याणी, अक्षय सिसोदिया, रोहित स्वामी, राजेश पुरी, कृष्ण स्वामी, अंकुश सुथार, चरणजीत बनवाली, मुकेश नरूका, आर्यन भादू, अमित बिश्नोई, विनोद मांझू, सोनू बिश्नोई, प्रदीप कांवलिया, उमेश बिश्नोई, विनोद श्योराण, विशाल राठौड, श्रवण चौहान, अंकित बिश्नोई, जगतार सिंह सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

सेसोमूं स्कूल के वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां



सीमा सन्देश # श्रीडूंगरगढ़। सेसोमूं स्कूल का 26वां वार्षिकोत्सव रविवार को उत्साह और भव्यता के साथ आयोजित हुआ। इस वर्ष समारोह की थीम ह्यसाधना-लक्ष्य प्राप्ति के लिए समर्पित प्रयासह्न रही। विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति, परंपरा और आधुनिकता का समन्वय प्रस्तुत करते हुए नृत्य, नाटक, योग, संगीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

समारोह में मुख्य अतिथि महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के विज्ञान संकाय अधिष्ठाता एवं पर्यावरण विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. अनिल कुमार छंगाणी रहे। विशिष्ट अतिथि बाल विकास परियोजना अधिकारी प्रमोद भोभरिया और तहसीलदार श्रीवर्धन शर्मा तथा कार्यक्रम अध्यक्ष नगरपालिका अध्यक्ष नारायण कलानी उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने महाकाली-रक्तबीज संहार, नृत्य नाटिका, हिंदी नाटक, डिफेंस डांस, राजस्थानी लोकनृत्य, योग प्रदर्शन और ग्रांड फिनाले जैसी प्रस्तुतियों से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि डॉ. छंगाणी ने आयोजन की सराहना करते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रयासों को प्रेरणादायी बताया। विद्यालय चेयरमैन जे.पी. मूंधड़ा ने विद्यार्थियों को अनुशासन, आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास का संदेश दिया। प्राचार्य सुब्रत कुंडू ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ, अभिभावक और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

पंचायत समिति खाजूवाला के विजयी सरपंचों के हाथ में आई विकास की चाबी

सबसे बड़ी जीत सादुल सिंह व सबसे कम अंतर से ममता मीणा विजयी

सीमा सन्देश # खाजूवाला

पंचायत समिति खाजूवाला की 30 ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के लिए हुए चुनाव के परिणाम घोषित हो गए हैं। पहले चरण में 24 अक्टूबर को मतदान हुआ था। मतगणना के बाद सभी 30 ग्राम पंचायतों में सरपंच निर्वाचित हुए हैं।

पंचायत समिति खाजूवाला की कुल 30 ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत 1 एएलएम (अलदीन) से मुमताज 722 वोट, कमल सिंह 422 वोट, अंतर 280, ग्राम पंचायत 14 बीडी पुष्पा देवी 611 वोट, मजिंद्रपाल 416 वोट, अंतर 195, ग्राम पंचायत 17 केएचएम हबीब खान 734 वोट, रामकुमार 667 वोट, अंतर 67, ग्राम पंचायत 10 बीडी से रामचन्द्र 525 वोट, आदर्श 397 वोट, अंतर 128, ग्राम पंचायत 17 केवाईडी सरदुल सिंह 1609 वोट, पुनाराम 456 वोट, अंतर 1153, ग्राम पंचायत 2 केएलडी कविता खिचड़ 915 वोट, रेखा कंवर 560 वोट, अंतर 355, ग्राम पंचायत 2 केडब्ल्यूएम ममता मीणा 485 वोट, सुमन देवी 442 वोट, अंतर 43, ग्राम पंचायत 20 बीडी विजेंद्र 1097 वोट, अर्जुन राम 704 वोट, अंतर 393, ग्राम पंचायत 22 के वाईडी, सुमित्रा 577 वोट, महमुदा 509 वोट, अंतर 68, ग्राम पंचायत 25केवाईडी केंकू देवी 552 वोट, अरमा देवी 385 वोट, अंतर 167, ग्राम पंचायत 28 केजेडी से मनोज कुमार 603 वोट से, देवी लाल 393 वोट, अंतर 210, ग्राम पंचायत 3पीडब्ल्यूएम विमला देवी 1637 वोट, सुमित्रा 1291 वोट, अंतर 346, ग्राम पंचायत 31 केवाईडी भूपेंद्र 457 वोट, बीरबल 289 वोट, अंतर 168, ग्राम पंचायत 33केजेडी कमला देवी 449 वोट से विजयी, मंजू देवी 325 वोट, अंतर 124, ग्राम पंचायत 34केवाईडी अंजू 630 वोट, कांता 433 वोट, अंतर 197, ग्राम पंचायत 40 केवाईडी, संजना देवी 599 वोट, पुष्पा देवी 376 वोट, अंतर 223, ग्राम पंचायत 5 केजेडी ममता 583 वोट, कलावती देवी 472 वोट, अंतर 111, ग्राम पंचायत 5केवाईडी रामकुमार 1578 वोट, किरन 499 वोट, अंतर 1079, ग्राम पंचायत 7 केएलडी खैरा खातून 964 वोट, माया देवी 547 वोट, अंतर 417, ग्राम पंचायत 7 पीएचएम हुसन बानो 1018 वोट, जरीना 636 वोट, अंतर 382, ग्राम पंचायत 7 रत सर्वजीत कौर 680 वोट, कमलदीप कौर 600 वोट, अंतर 80, ग्राम पंचायत 8केवाईडी सुखप्रीत कौर मान 1404 वोट, शबनम बानो 634 वोट, अंतर 770, ग्राम पंचायत आनंदगढ़ रामी देवी 840 वोट, रामप्यारी 581 वोट, अंतर 259, ग्राम पंचायत बलर से महेंद्र कुमार कुमार 663 वोट, फजला 459 वोट, अंतर 204, ग्राम पंचायत दंतौर रामेश्वर लाल बिश्नोई 1883 वोट, शम्मू खान 1708 वोट, अंतर 175, ग्राम पंचायत गुल्लूवाली जगदीप 800 वोट, महेंद्र 703 वोट, अंतर 97, ग्राम पंचायत कुंडल से असकर अली 573 वोट, आनंद कुमार 371 वोट, अंतर 202, ग्राम पंचायत माधोडिग्गी अमनदीप 1020 वोट, तारा देवी 882 वोट, अंतर 138, ग्राम पंचायत नौसेरा सामरदा से अब्दुल सत्तार 797 वोट, युनुस खान 655 वोट, अंतर 142, ग्राम पंचायत सियासर चौगान से खलील खान को 1123 वोट, नरपत सिंह 796 वोट और जीत का अंतर 327 वोटों का रहा।

आरएसएस का विजयादशमी उत्सव आयोजित, शस्त्र पूजन के बाद निकला पथ संचलन

धर्म व संस्कृति की सुरक्षा के प्रति सभी को सजग रहना आवश्यक

सीमा सन्देश # पदमपुर



सीमा सन्देश# पदमपुर। पब्लिक पार्क में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष एवं विजयादशमी के उपलक्ष्य में उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भामाशाह अशोक शर्मा, मुख्य वक्ता जिला प्रचारक प्रदीप यादव तथा अध्यक्षता खंड संघ चालक आदूराम सहारण ने की। कार्यक्रम में व्यापार मंडल अध्यक्ष बहादरचंद नारंग, पालिका अध्यक्ष जितेंद्र नारंग सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे। स्वयंसेवकों ने शारीरिक प्रदर्शन करते हुए दंड के साथ विभिन्न क्रमिक प्रहारों का प्रदर्शन किया। दंड योग एवं सामान्य व्यायाम के माध्यम से समाज को स्वस्थ रहने का संदेश भी दिया गया। शस्त्र पूजन के उपरांत सनातन धर्म एवं भारत माता के जयघोष से पूरा वातावरण गूंज उठा। मुख्य वक्ता जिला प्रचारक प्रदीप यादव ने कहा कि राष्ट्र के प्रति प्रत्येक हिंदुस्तानी की विचारधारा हमेशा सकारात्मक रहनी चाहिए। अपने धर्म और संस्कृति की सुरक्षा के प्रति सभी को सजग रहना आवश्यक है। आज विश्व में भारत की शक्ति को बेमिसाल रूप में देखा जा रहा है, लेकिन देश के भीतर नकारात्मकता फैलाने वाली ताकतें शांतिप्रिय वातावरण को बिगाड़ने के लिए सक्रिय हैं, जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि अपनी गौरवशाली संस्कृति पर कभी आंच नहीं आने देनी चाहिए। राष्ट्रहित में मजबूत एवं सकारात्मक विचारधारा के कारण ही भारतीय नागरिक देश-विदेश में अपनी कार्यकुशलता के माध्यम से कर्तव्यों का निर्वहन एक सजग प्रहरी के रूप में कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का संगठन समाजहित में अपना दायित्व पूरी जिम्मेदारी से निभाने के लिए हमेशा सक्रिय रहा है, जिस पर प्रत्येक व्यक्ति को गर्व है।

राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा पदमपुर

उत्सव के उपरांत स्वयंसेवकों द्वारा भव्य पथ संचलन निकाला गया। पब्लिक पार्क से प्रारंभ हुआ संचलन सिनेमा रोड, लोहा मार्केट, जैन सभा रोड, मेन रोड, नगर पालिका मार्ग, अनारकली बाजार सहित नगर के अन्य प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा। स्वयंसेवक हाथों में दंड लेकर सीना तानकर अनुशासित ढंग से कदम से कदम मिलाते हुए आगे बढ़े। इस दौरान पूरा वातावरण राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत नजर आया। पथ संचलन के दौरान नगर के विभिन्न स्थानों पर लोगों ने घरों एवं दुकानों से बाहर निकलकर स्वयंसेवकों का पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया। विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए स्वयंसेवकों का अभिनंदन किया। जगह-जगह हुए स्वागत से स्वयंसेवकों में नई ऊर्जा का संचार हुआ और लोगों ने खुशी जाहिर की। कार्यक्रम में खंड संघ चालक आदूराम सहारण, मुख्य अतिथि भामाशाह अशोक शर्मा, मुख्य वक्ता जिला प्रचारक प्रदीप यादव, व्यापार मंडल अध्यक्ष बहादरचंद नारंग, पालिका अध्यक्ष जितेंद्र नारंग, पृथीपाल सिंह संधू, भाजपा मंडल अध्यक्ष अंशु बिलन्दी, पार्षद संदीप सोनी, राहुल मित्तल, मनोहर सोनी, गोकर्ण गर्ग, कमल चावला, राजेंद्र खोथ, ओम प्रकाश खन्ना, सुरेंद्र कंचन, हरीश शर्मा, नगर कार्यवाहक साजन राम, भूषण कांत पालीपल, ऋषभ, मंगा सिंह, सुनील मराठा, राकेश बठेजा, आशीष तनेजा, प्रशांत शर्मा एवं अमित बलाना सहित तहसील क्षेत्र के बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।


ग्लोबल न्यूज

मक्का-मदीना में गिरा मिसाइल का मलबा, सऊदी का दावा; हूती विद्रोहियों ने दिया जवाब



सऊदी अरब के नागरिक सुरक्षा विभाग ने शनिवार को बताया कि उसने यमन के हूती विद्रोहियों द्वारा मक्का-मदीना की तरफ दागी गईं 2 बैलिस्टिक मिसाइलों को रोक दिया। विभाग के मुताबिक, मलबे के टुकड़े जेद्दा और राबिघ सहित कई जगहों पर गिरे। कुछ टुकड़े मक्का के बाहर वादी मुघमास में भी गिरे। हूती ने इसे एक बड़ा झूठ बताया है।

लॉन्च के कुछ घंटों बाद ही एप्पल के पहले फोल्डेबल आईफोन को किया गया 'जेलब्रेक'



अक्टूबर में आम लोगों के लिए उपलब्ध होने के कुछ ही घंटों बाद एप्पल के पहले फोल्डेबल फोन iPhone Duo को हैकिंग टीम कैलिफ ने 'जेलब्रेक' करके दिखाया। टीम ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें फोन के ऐप आइकन और विजेट्स उछलते दिखाई दिए। साथ ही, फोन की स्क्रीन पर एक अल्ल्री कैरेक्टर भी जोड़ा गया।

ल्यूकेमिया से जूझ रहे बांग्लादेशी क्रिकेटर मेहदी हसन हृदोय का 18 वर्ष की उम्र में हुआ निधन



बांग्लादेश के युवा क्रिकेटर मेहदी हसन हृदोय का ढाका में 18-वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अनुसार, मेहदी ल्यूकेमिया से जूझ रहे थे। वह चट्टोग्राम डिवीजन अंडर-18 टीम के लिए खेलते थे और उन्हें होनहार लेफ्ट आर्म पेस बॉलर माना जाता था। बोर्ड ने उनके परिवार-प्रियजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।

न बनाएं मिसाइल-ड्रोन इंटरसेप्शन की वीडियो, हो सकती है कार्रवाई: सऊदी में अपने नागरिकों से भारत



भारतीय दूतावास ने सऊदी अरब में रह रहे अपने नागरिकों को मिसाइल-ड्रोन इंटरसेप्शन की वीडियो न बनाने की हिदायत दी है। दूतावास ने कहा कि मिसाइल और ड्रोन इंटरसेप्शन की कोई वीडियो न बनाएं और न ऐसी जानकारी शेयर करें, वरना कानूनी कार्रवाई हो सकती है। दूतावास ने नागरिकों से स्थानीय नियमों का सख्ती से पालन करने को कहा है।

एंथ्रोपिक एआई के दौर में इंसानी लेखक को दे रही 3.25 करोड़ का वेतन



अककंपनी एंथ्रोपिक एक वरिष्ठ लेखक पद के लिए सालाना 3.25 करोड़ तक की पेशकश कर रही है। इसके लिए कम से कम 8 साल का उच्च-स्तरीय संचार अनुभव जरूरी है। कंपनी का मानना है कि क्लॉड जैसे अकटूल होने के बावजूद रणनीतिक संदेश तैयार करने के लिए इंसानी कौशल अपरिहार्य है।

2030 तक भारत में पैदा होंगी 35 करोड़ नई नौकरियां: रिपोर्ट में खुलासा



एक रिपोर्ट में बताया कि विभिन्न सेक्टर स्किल काउंसिल और उद्योग संगठनों के ताजा अनुमानों के अनुसार, भारत के मैन्युफैक्चरिंग/सर्विसेज सेक्टर में 2030 तक 35 करोड़+ नए रोजगार पैदा होने का अनुमान है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2030 तक ऑटोमोबाइल सेक्टर में 20-25 लाख, लॉजिस्टिक्स में 47 लाख और टेलीकॉम सेक्टर में 10 लाख नई नौकरियां पैदा हो सकती हैं।

स्पेस एक्स ने यूक्रेन में लगाए थे स्टारलिंक इंटरनेट सेवा पर प्रतिबंध, मस्क ने की पुष्टि



एलन मस्क ने पुष्टि की है कि उनकी कंपनी स्पेस एक्स ने यूक्रेन की स्टारलिंक इंटरनेट सेवा पर प्रतिबंध लगाए थे। उन्होंने कहा, यूक्रेनी सेना ने स्टारलिंक सेवा-शर्तों का उल्लंघन किया...और लोगों को मारने के लिए ड्रोन हमलों में इसका इस्तेमाल किया। दरअसल, पिछले हफ्ते स्टारलिंक की स्पीड कम कर दी गई थी जिससे यूक्रेनी ड्रोन-सैन्य अभियानों पर असर पड़ा था।



संध्या आरती में जगमगाया पुष्कर सरोवर

यह तस्वीर राजस्थान के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल पुष्कर सरोवर और उसके घाटों की है। संध्या समय पुष्कर सरोवर का दृश्य बेहद अलौकिक और मनमोहक नजर आया। शाम ढलते ही आकाश के गुलाबी रंग और सफेद मंदिरों की रोशनी पवित्र झील के शांत जल में झिलमिलाने लगी। सरोवर के 52 घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु और देशी-विदेशी पर्यटक आरती देखने पहुँचे। शाम की शांति, घंटियों की गूँज और दीपमालाओं ने तीर्थराज पुष्कर की आध्यात्मिक सुंदरता में चार चाँद लगा दिए।

अनऑफिशियल टेस्ट • देवदत्त पडिक्कल 56 व साई सुदर्शन 39 क्रीज पर

केएल राहुल दोनों पारियों में 4 रन बना सके

यशस्वी भी फेल, दूसरी पारी में इंडिया-ए 106/2

लिंकन (न्यूजीलैंड)।

इंडिया ए ने न्यूजीलैंड ए के खिलाफ पहले अनऑफिशियल टेस्ट के दूसरे दिन दूसरी पारी में वापसी की। पहली पारी में 113 रन पर सिमटने के बाद टीम ने 10 रन पर दोनों ओपनर्स के विकेट गंवा दिए थे। स्टंप्स तक स्कोर 106/2 है।

देवदत्त पडिक्कल 56 और साई सुदर्शन 39 रन बनाकर नाबाद हैं। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 96 रन की पार्टनरशिप हो चुकी है।

केएल राहुल दोनों पारियों में 4 रन ही बना सके। राहुल पहली पारी में खाता नहीं खोल सके थे। जबकि यशस्वी जायसवाल दूसरी पारी में 5 रन ही बना सके। न्यूजीलैंड ए ने पहली पारी में 317 रन बनाकर 204 रन की बढ़त हासिल की थी।

मारियू ने 76 और फॉक्सक्रॉफ्ट ने 51 रन बनाए : सुबह कीवियों ने 135/3 के स्कोर से खेला शुरू किया। न्यूजीलैंड-अ के कप्तान राइस मारियू ने 76 रन की पारी खेली। उन्होंने 137 गेंदों का सामना करते हुए 12 चौके लगाए। डीन फॉक्सक्रॉफ्ट ने 79 गेंदों पर 51 रन बनाए। कर्टिस हीफी ने 44 और क्रिस्टियन क्लार्क ने 42 रन का योगदान दिया। इंडिया ए की ओर से अंशुल कंबोज और औकिब नबी ने 3-3 विकेट लिए, जबकि आकाश दीप ने 2 विकेट हासिल किए।



5 भारतीय बैटर्स पहली पारी में खाता नहीं खोल सके : मैच के पहले दिन शनिवार को न्यूजीलैंड-अ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी थी। भारत-अ की पहली पारी 39.3 ओवर में 113 रन पर सिमट गई।

टीम के 5 बल्लेबाज खाता नहीं खोल सके। इनमें केएल राहुल, साई सुदर्शन, वॉशिंगटन सुंदर, आकाश दीप और मुकेश चौधरी शामिल रहे।

यश राठौड़ ने सबसे ज्यादा नाबाद 44 रन बनाए, जबकि देवदत्त पडिक्कल ने 32 रन की पारी खेली।

कीन ने पहली पारी में 5 विकेट लिए थे : न्यूजीलैंड-अ के गेंदबाज साइमन कीन ने 24 रन देकर 5 विकेट लिए। जक गिब्सन ने 3 विकेट हासिल किए।

पीवी सिंधु फाइनल में हारी

पहला गेम जीतने के बाद लगातार दो गेम गंवाए; साउथ कोरिया की एन से लगातार 11वीं हार



भारत की पीवी सिंधु को फ्रेंच ओपन बैडमिंटन के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। रविवार को हुए मुकाबले में उन्हें वर्ल्ड नंबर-1 साउथ कोरिया की एन से यंग ने 16-21, 21-11, 21-12 से हराया। इस जीत के साथ यंग ने लगातार तीसरी बार फ्रेंच ओपन का खिताब अपने नाम किया।

सिंधु ने पहला गेम जीतकर अच्छी शुरूआत की, लेकिन अगले दोनों गेम गंवा दिए। एन के खिलाफ यह उनकी लगातार 11वीं हार है।

सिंधु के लिए निर्णायक गेम में वापसी करना मुश्किल रहा। एन ने दूसरे गेम में 21-11 और तीसरे गेम में 21-12 से जीत दर्ज की। इस तरह भारतीय खिलाड़ी को खिताबी मुकाबले में हार मिली। सिंधु ने सेमीफाइनल में जापान की हिना अकेची को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी।

पोर्नानोंग फाटलुम ने जीता 'महिला इंडियन ओपन'

गुरुग्राम (वार्ता)। रविवार को थाईलैंड की पोनार्नोंग फाटलुम ने 'हीरो महिला इंडियन ओपन' (इनामी राशि 500,000 अमेरिकी डॉलर) में चौथी बार जीत हासिल करके एक खास उपलब्धि अपने नाम की। उन्होंने भारत की वाणी कपूर की कड़ी चुनौती को पार करते हुए चार शॉट के अंतर से जीत दर्ज की। 36 वर्षीय अनुभवी एलपीजीए खिलाड़ी पोनार्नोंग ने इससे पहले 2008, 2009 और 2012 में डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब के 'अर्नोल्ड पामर कोर्स' पर जीत हासिल की थी। इस बार उन्होंने 'गैरी प्लेयर कोर्स' पर जीत दर्ज करके अपनी जीत का सिलसिला पूरा किया। उन्होंने चार दिनों में कुल 11-अंडर 277 का स्कोर बनाया। 72, 71 और 69 के राउंड खेलने के बाद, पोनार्नोंग ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आखिरी दिन के लिए बचा कर रखा था।

करण सिंह ने आईटीएफ एम25 मुंबई का खिताब जीता

मुंबई (वार्ता) राउंडग्लास टेनिस अकादमी के खिलाड़ी करण सिंह ने आईटीएफ सर्किट पर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। रविवार को मुंबई के कूपरेज स्थित महाराष्ट्र स्टेट लॉन टेनिस एसोसिएशन में आयोजित 30,000 अमेरिकी डॉलर इनामी राशि वाले 'आईटीएफ मेन्स वर्ल्ड टेनिस टूर एम25' टूर्नामेंट में उन्होंने पुरुष एकल का खिताब अपने नाम किया।

तीसरे वरीयता प्राप्त करण ने फाइनल में अपनी अकादमी के साथी खिलाड़ी दिग्विजय प्रताप सिंह को हराया। दूसरे सेट में जब करण 7-5, 3-1 से आगे चल रहे थे, तब दिग्विजय को मैच से हटना (रिटायर होना) पड़ा।

आउटडोर हार्ड कोर्ट पर खेले गए इस मुकाबले में, दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला।

युकी भांबरी-रयान ने टॉप सीड को हराकर जीता युगल खिताब

अल्माटी (वार्ता) भारत के युकी भांबरी और उनके अमेरिकी साथी रयान सेगरमैन ने रविवार को अल्माटी ओपन 2026 टेनिस टूर्नामेंट में टॉप सीड खिलाड़ियों को फाइनल में हराकर डबल्स का खिताब जीत लिया। चौथी वरीयता प्राप्त भारत-अमेरिकी जोड़ी ने टॉप सीड ऑस्ट्रियाई जोड़ी - लुकास मिडलर और नील ओबरलीट्नर - को 7-6(3), 6-7(1), 10-2 से हराकर एटीपी 250 टेनिस खिताब अपने नाम किया। भांबरी और सेगरमैन ने पहला सेट 7-3 के टाई-ब्रेक के साथ कड़े मुकाबले में जीता, लेकिन ऑस्ट्रियाई खिलाड़ियों ने वापसी करते हुए दूसरा सेट 7-1 के टाई-ब्रेक से जीतकर मैच बराबर कर दिया। हालांकि, निर्णायक मैच टाई-ब्रेक एकतरफा रहा, जिसमें भांबरी और सेगरमैन ने 10-2 से जीत हासिल कर मुकाबला अपने नाम कर लिया। पुरुष डबल्स टेनिस में यह युकी भांबरी का पांचवां एटीपी टूर खिताब है। भारतीय टेनिस खिलाड़ी ने 2023 में अपना पहला टूर खिताब जीता था, जब उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के लॉयड हैरिस के साथ मिलकर एटीपी 250 इवेंट, मलोर्का ओपन का खिताब अपने नाम किया था।

दूसरा वनडे • दोनों खिलाड़ियों ने 153 रन की साझेदारी की

हरमनप्रीत-दीप्ति ने ठोके शतक

वड़ोदरा (वार्ता) हरमनप्रीत कौर (126) के बेहतरीन शतक और दीप्ति शर्मा (नाबाद 106 और 32 रन पर तीन विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन तथा वैष्णवी शर्मा (39 रन पर चार विकेट) की घातक गेंदबाजी से भारत ने जिम्बाब्वे को दूसरे वनडे में रविवार को 121 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अपराजेय बढ़त बना ली। भारत ने छह विकेट पर 328 रन का विशाल स्कोर बनाने के बाद जिम्बाब्वे को 48.5 ओवर में 207 रन पर समेट दिया। दीप्ति शर्मा ने ऑलराउंड प्रदर्शन का परिचय देते हुए शतक के अलावा तीन विकेट भी हासिल किए जबकि वैष्णवी शर्मा ने भी चार विकेट हासिल किए। हालांकि भारत के लिए बड़े स्कोर की आधारशिला हरमनप्रीत कौर और प्रतिका रावल ने मिलकर रखी जब भारत ने शुरूआत में ही अपने दो विकेट गंवा दिए थे। 3 मैचों की सीरीज में भारत को अब 2-0 की अजेय बढ़त हासिल हो गई है। हरमन ने 121 गेंदों की अपनी पारी में 15 चौके लगाए जबकि दीप्ति ने 86 गेंदों में 15 चौके लगाए। जिम्बाब्वे की तरफ से ओपनर मॉडेस्टर मुपाचिकवा ने सर्वाधिक 49 रन, चिपो मुगेरी-टिरिपानो ने 46 रन, बीलव्ड बिजा ने 34 रन और कप्तान जोसेफीन अंकोमो ने 22 रन बनाये।



इससे पहले शुरूआती तीन ओवरों में ही स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा के जल्दी आउट हो जाने के बाद, भारतीय खेमे में निराशा और अनिश्चितता का माहौल बन गया था। हालाँकि, जल्द ही यह माहौल आत्मविश्वास में बदल गया।

ऑटो...नए कलर में हीरो करिज्मा एक्सएमआर 250 डीलरशिप पर आई नजर, जल्द हो सकती है लॉन्च

नई दिल्ली। हीरो करिज्मा एक्सएमआर 250 को जल्द नया अपडेट मिलने वाला है। इस बाइक को हाल ही में डीलरशिप पर नए रेड कलर में देखा गया है। ताजा तस्वीरों में बाइक का लाल रंग प्रमुखता से दिख रहा है, जिसमें सफेद और काले एक्सेंट दिए गए हैं।

लाल रंग के साथ स्पोर्टी लुक : नई करिज्मा एक्सएमआर 250 के फ़्यूल टैंक, फ्रंट फेयरिंग और ऊंचे टेल सेक्शन पर लाल रंग का प्रयोग किया गया है। फेयरिंग पर सफेद ग्राफिक्स और आगे के मडगार्ड पर सफेद फिनिश इसे अलग लुक देते हैं। वहीं, काले टैंक इंसर्ट और साइड पैनल लाल बॉडी के साथ अच्छा तालमेल बनाते हैं। बाइक पर करिज्मा और बड़े एक्सएमआर ग्राफिक्स मौजूद हैं। साथ ही काले अलॉय व्हील्स, काले मिरर और सुनहरे रंग के यूएसडी फ्रंट फोर्क्स दिए गए हैं।

अब तक तीन रंगों में दिखी : नए लाल रंग को मिलाकर करिज्मा एक्सएमआर 250 अब तक तीन रंगों में दिख चुकी है। इसे ईआईसीएमए में सफेद रंग



और लाल एक्सेंट के साथ पेश किया गया था। बाद में इसे काले और लाल रंग के मेल में देखा गया। अब सामने आए मॉडल में लाल रंग मुख्य है। हालांकि, लॉन्च के समय कंपनी इनमें से कौन से रंग पेश करेगी, इसकी आधिकारिक पुष्टि होना अभी बाकी है।

दमदार इंजन और फीचर्स : हीरो करिज्मा एक्सएमआर 250 में 250 सीसी का लिक्विड-कूल्ड, सिंगल-सिलेंडर इंजन मिलने की उम्मीद है। यह इंजन लगभग 30 पीएस की पावर और 25 एनएम का टॉर्क जनरेट कर सकता है, जिसे 6-स्पीड गियरबॉक्स से जोड़ा जाएगा। बाइक में ट्रेलिस फ्रेम, यूएसडी फ्रंट फोर्क्स, रियर मोनोशॉक और दोनों पहियों पर डिस्क ब्रेक के साथ ड्यूल-चैनल एबीएस मिलेगा। इसके अलावा डिजिटल कंसोल और नेविगेशन सपोर्ट जैसे फीचर्स भी शामिल हो सकते हैं।

मुकाबला और लॉन्च : बाजार में इसका सीधा मुकाबला यामाहा आर2, सुजुकी जिक्सर एसएफ 250 और केटीएम आरसी 200 से होगा। डीलरशिप पर दिखने से साफ है कि हीरो इसे आने वाले महीनों में लॉन्च कर सकती है। कंपनी ने अभी आधिकारिक तारीख और कीमत की घोषणा नहीं की है।

SUCCESS PICTURES



सीमा सन्देश

पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026, आरएनआई रजि नं. 23665/72

सभी देशों को मिलकर इसके हर रूप और तरीके का मुकाबला करना चाहिए। आतंकवाद के प्रति किसी भी तरह की नरमी वैश्विक शांति के प्रयासों को कमजोर करती है। - **जयशंकर**

न्यूज इन ब्रीफ

प्लास्टिक फैक्टरी में भीषण आग

खैरथल-तिजारा। भिवाड़ी के खुशखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में रविवार सुबह प्लास्टिक उत्पाद बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। प्लॉट नंबर आर-621 स्थित कंपनी में प्लास्टिक और केमिकल की अधिक मात्रा होने से आग तेजी से फैल गई और पूरा प्लांट जलकर नष्ट हो गया। सूचना पर रीको व नगर परिषद की एक दर्जन से अधिक दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। जनहानि की सूचना नहीं है, जबकि लाखों रुपए के नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

धौलपुर; थाने से नशा तस्कर फरार

धौलपुर। दिहोली थाना पुलिस की हिरासत से एनडीपीएस एक्ट का आरोपी श्रीनिवास फरार हो गया। श्रीनिवास को पुलिस पीसी रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही थी। 16 अक्टूबर को एनएच-44 पर कार्रवाई में उसके कब्जे से 1.30 करोड़ रुपए कीमत का 2 क्विंटल 61 किलो गांजा बरामद हुआ था। पुलिस के अनुसार आरोपी खिड़की तोड़कर फरार हुआ।

कृपाण से वार कर पिता की हत्या

गिद्दड़बाहा। मुक्तसर जिले के गिद्दड़बाहा में बहू को मायके से वापस लाने की बात को लेकर हुए विवाद में बेटे ने कथित तौर पर पिता की कृपाण से हमला कर हत्या कर दी। मृतक की पहचान बख्शीश सिंह के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार विवाद के दौरान गुरचरण सिंह ने कृपाण से पिता पर तीन वार किए, जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने मृतक की पत्नी जसपाल कौर के बयान पर बीएनएस की धारा 103 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

धमकी देने वाली युवती की मौत

हैदराबाद। माधापुर में एक आईटी प्रोफेशनल युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, 29 वर्षीय अर्चना चौधरी मलिक रविवार तड़के अपने घर में मृत मिलीं। बताया जा रहा है कि उन्होंने देर रात अपने ब्वॉयफ्रेंड को शादी नहीं करने पर जान देने की धमकी दी थी। अर्चना माइंडस्पेस स्थित एक कंपनी में सीनियर एसोसिएट थीं और पिछले चार साल से सहकर्मी विमल के साथ रिश्ते में थीं।

पोती की हत्या का आरोपी दादा गिरफ्तार

बूंदी। जिले में नाबालिग पोती पूजा की हत्या के आरोप में पुलिस ने दादा मोहननाथ (63) को गिरफ्तार कर लिया है। दुगारी गांव की कालबेलिया बस्ती में हुई इस घटना में नाबालिग पोती खून से लथपथ हालत में घर पर मिली थी। बाद में अस्पताल में उसकी मौत हो गई। आरोपी के पुत्र तथा मृतका पूजा के पिता ने अपने पिता के खिलाफ पुलिस को रिपोर्ट दी थी।

250 किलो गांजा पकड़ा, तीन गिरफ्तार

मथुरा। आगरा की मादक पदार्थ रोधी कार्यबल इकाई और मथुरा पुलिस ने साझा अभियान के तहत, ओडिशा से एक कंटेनर में छिपाकर लाया गया 1.25 करोड़ रुपये मूल्य का 250 किलोग्राम गांजा जब्त कर तीन अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह हरियाणा जाने वाला था। पकड़े गए तस्करों की पहचान नूंह के निवासी सतीश कुमार, नासिर व आशिफ अब्दुल करीम के रूप में हुई।

922 किग्रा मिलावटी खाद्य सामग्री नष्ट

नई दिल्ली। त्योहारी सीजन से पहले, दिल्ली सरकार के खाद्य सुरक्षा विभाग ने निहाल विहार में मिठाई बनाने वाली इकाइयों और मोरी गेट की खोया मंडी में निरीक्षण के दौरान 922 किलोग्राम मिलावटी खाद्य सामग्री को नष्ट कर दिया।

नैरोबी; बस-ट्रक की टक्कर में 22 मरे

नैरोबी। केन्या के मुख्य राजमार्ग पर रविवार सुबह एक यात्री बस और ट्रक के बीच हुई भीषण टक्कर में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, इस दर्दनाक हादसे में कई अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

मन की बात में प्रधानमंत्री ने त्योहारों पर स्थानीय कारीगरों के उत्पाद खरीदने की अपील की

'वोकल फॉर लोकल' से भारतीय उत्पादों को मिल रही वैश्विक पहचान : पीएम नरेन्द्र मोदी

नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश में 'वोकल फॉर लोकल' की भावना मजबूत हो रही है और भारतीय उत्पादों को वैश्विक बाजारों में नई पहचान मिल रही है। रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम में उन्होंने त्योहारों के दौरान स्थानीय कारीगरों के उत्पादों को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार का पूर्णिया मखाना ग्रीस और कर्नाटक की कलबुर्गी अरहर दाल मालदीव तक पहुंच रही है। उन्होंने बताया कि बेहतर गुणवत्ता और आकर्षक पैकेजिंग से स्थानीय उत्पादों का बाजार बढ़ रहा है। उन्होंने खादी की



बढ़ती लोकप्रियता का उल्लेख करते हुए कहा कि गांधी जयंती पर खादी ग्रामोद्योग की बिक्री 28 करोड़ रुपये से अधिक रही। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों की खरीद से कारीगरों का उत्साह बढ़ेगा और आत्मनिर्भर भारत को मजबूती मिलेगी।

ई-संजीवनी से दूरदराज क्षेत्रों तक पहुंची विशेषज्ञ चिकित्सा

प्रधानमंत्री ने कहा कि 'ई-संजीवनी योजना' के माध्यम से देश में अब तक करीब '50 करोड़ टेली-कंसल्टेशन' पूरे हो चुके हैं। यह डिजिटल स्वास्थ्य सेवा तकनीक की ताकत, चिकित्सकों के सेवाभाव और लोगों के विश्वास का उदाहरण है। प्रधानमंत्री ने बताया कि ई-संजीवनी ने दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले मरीजों को विशेषज्ञ डॉक्टरों से जोड़कर स्वास्थ्य सुविधाओं को आसान बनाया है। उन्होंने अंडमान-निकोबार, लक्षद्वीप, लद्दाख और नागालैंड के मरीजों के उदाहरण देते हुए बताया कि इस सेवा से समय पर उपचार संभव हुआ। उन्होंने कहा कि देश में लगभग 1.90 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं। डिजिटल तकनीक से स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच लगातार बढ़ रही है।

पंजाब में जैविक कपास और बुनकरी को बढ़ावा

मोदी ने कहा कि पंजाब के मालवा क्षेत्र में 'नव-त्रिन्जन' पहल के माध्यम से जैविक कपास की खेती और पारंपरिक बुनकरी को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह पहल प्राकृतिक खेती और हथकरघा कौशल को नई पहचान दे रही है। प्रधानमंत्री ने बताया कि खेती विरासत मिशन के तहत बिना रसायनों के जैविक कपास उगाई जा रही है। बुनकरी स्कूलों में महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे वे शॉल, तौलिए और अन्य वस्त्र तैयार कर रोजगार प्राप्त कर रही हैं। उन्होंने कहा कि यह पहल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ पारंपरिक हुनर को भी आगे बढ़ा रही है।

जिला परिषद चुनाव में गरमाई सियासत

जोन-3 की कांग्रेस प्रत्याशी सुमन की फर्जी एनओसी का मामला आया सामने

शिकायत के बाद जिला कलक्टर ने जांच के लिए कमेटी की गठित

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।

जिला परिषद चुनाव 2026 के तहत वार्ड/जोन नम्बर 03 से कांग्रेस पार्टी की उम्मीदवार सुमन पत्नी राकेश कुमार के नामांकन पत्र को लेकर राजनीति गर्मा गई है। निर्दलीय प्रत्याशी बलजीत कौर द्वारा जिला कलक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को लिखित शिकायत देने और इसके तुरंत बाद पंचायत समिति रायसिंहनगर के विकास अधिकारी द्वारा फर्जी अदेयता प्रमाण-पत्र जारी किए जाने की रिपोर्ट देने के बाद राजनीतिक हलकों में हड़कंप मच गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने तुरंत एक जांच कमेटी का गठन कर दिया है। जानकारी अनुसार जोन नम्बर 03 से निर्दलीय प्रत्याशी बलजीत कौर पत्नी स्व. गुरजन्ट सिंह ने जिला



कलक्टर को दिए गए प्रार्थना-पत्र में आरोप लगाया है कि कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती सुमन पूर्व में ग्राम पंचायत लखाहाकम पंस. रायसिंहनगर की सरपंच रह चुकी हैं। उनके कार्यकाल के दौरान पुलिस थाना रायसिंहनगर में फर्जी पट्टों के मामले में एफ.आई.आर. नंबर 0016/2020 धारा 409, 420, 120बी आईपीसी दर्ज हुई थी। सरपंच कार्यकाल के दौरान हुए गबन के मामले में वसूली की राशि अभी तक जमा नहीं कराई गई है, जिसके चलते पंचायत समिति रायसिंहनगर से कोई वैध अनापत्ति प्रमाण-पत्र जारी नहीं किया गया था। आरोप है कि कांग्रेस प्रत्याशी ने नामांकन के साथ दिए गए शपथ पत्र में इन आपराधिक मामलों और तथ्यों की जानकारी जानबूझकर छिपाई है, इसलिए उनका नामांकन तुरंत निरस्त किया जाए।

विकास अधिकारी ने रिपोर्ट में माना फर्जीवाड़ा हुआ

इस मामले में हुई शिकायत के बाद पंचायत समिति रायसिंहनगर के विकास अधिकारी (छगनाराग) ने जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर को पत्र भेजकर सनसनीखेज खुलासा किया है। विकास अधिकारी ने रिपोर्ट में बताया कि कांग्रेस प्रत्याशी सुमन ने पूर्व में पंचायती राज संस्था में जनप्रतिनिधि होने का तथ्य छिपाते हुए, ग्राम पंचायत लखाहाकम के ग्राम विकास अधिकारी के फर्जी हस्ताक्षर और बिना मुहर के प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया। इस फर्जी आवेदन के आधार पर पंचायत समिति से अदेयता प्रमाण-पत्र (क्रमांक 89, दिनांक 21.10.2026) जारी करवा लिया गया। संबंधित ग्राम विकास अधिकारी ने अधोहस्ताक्षरकर्ता (विकास अधिकारी) के समक्ष पेश होकर स्पष्ट किया कि उन्होंने सुमन को एनओसी जारी करने हेतु कोई रिपोर्ट नहीं दी है और आवेदन पर उनके हस्ताक्षर नहीं हैं। ऐसे में एक तरफ जहां निर्दलीय प्रत्याशी ने आपराधिक मामले और तथ्य छिपाने की शिकायत दर्ज कराई है, वहीं दूसरी तरफ विकास अधिकारी द्वारा सरकारी दस्तावेजों में फजीर्वाड़े की आधिकारिक रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी ने तुरंत एक्शन लेते हुए एक उच्च स्तरीय कमेटी का गठन कर दिया है। कमेटी की जांच रिपोर्ट आने के बाद कांग्रेस प्रत्याशी सुमन के नामांकन पर गाज गिरना तय माना जा रहा है।

तीन गाड़ियों में तोड़फोड़, कर्मचारी घायल

सरपंच चुनाव परिणाम के बाद केला गांव में हंगामा



सीमा सन्देश # बीकानेर।

जिले की छतरगढ़ पंचायत समिति की केला गांव में सरपंच चुनाव का परिणाम घोषित होने के बाद विवाद हो गया। जमीला पत्नी इकबाल की जीत के बाद कुछ लोगों ने पत्थरबाजी शुरू कर दी। देखते ही देखते स्थिति तनावपूर्ण हो गई और पुलिस-प्रशासन की तीन गाड़ियों में तोड़फोड़ कर दी गई। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, देर रात तक चली मतगणना के बाद चुनाव परिणाम घोषित किया गया। इसके बाद कुछ लोगों ने विरोध जताते हुए हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान पुलिस और प्रशासन की टीम पर भी हमला किए जाने की सूचना है। पत्थरबाजी में कई पुलिसकर्मियों और कर्मचारियों के घायल होने की बात सामने आई है। हंगामा बढ़ने पर पुलिस ने उपद्रव कर रहे लोगों को नियंत्रित करने के लिए हल्का बल प्रयोग किया। सूचना मिलने पर उपखंड अधिकारी पवन कुमार और थाना अधिकारी नवनीत सिंह सहित पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी हालात संभालने में जुटे रहे।

गांव में तनाव, पुलिस-प्रशासन अलर्ट : घटना के बाद केला गांव में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है। पुलिस और प्रशासन की टीमें स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। सरपंच चुनाव के परिणाम के बाद हुए इस घटनाक्रम से क्षेत्र में हलचल मच गई। फिलहाल, घायल पुलिसकर्मियों और कर्मचारियों की संख्या तथा गाड़ियों को हुए नुकसान के संबंध में विस्तृत आधिकारिक जानकारी सामने आना बाकी है।

सात बंदियों पर हमला करने का आरोप, मामला दर्ज कर शुरू की जांच

जिला कारागृह में भिड़े बंदियों के दो गुट, तीन विचाराधीन बंदियों को चोटें

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।

जिला कारागृह में बंदियों के दो गुटों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। जेल प्रशासन की रिपोर्ट के अनुसार, 24 अक्टूबर को अपराह्न 3.45 बजे बैरक नंबर 8 में तीन विचाराधीन बंदियों पर सात अन्य बंदियों ने हमला कर दिया। मारपीट में तीनों बंदियों को गंभीर चोटें आईं। जेल प्रशासन ने घायलों का जेल अस्पताल में प्राथमिक उपचार करवाने के बाद उन्हें पुलिस अभिरक्षा में राजकीय जिला चिकित्सालय, हनुमानगढ़ टाउन भिजवाया। जंक्शन थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, जिला कारागृह के अधीक्षक सुरेश कुमार ने पत्र जारी कर घटना के संबंध में कानूनी कार्रवाई करने के लिए कहा था। जेल प्रहरी हनुमान सिंह (35) पुत्र प्रतापाराम बिश्नोई निवासी वार्ड नंबर 1, नेवा की ढाणी, कानासर तहसील बाप जिला फलौदी ने हनुमानगढ़ जंक्शन पुलिस थाना में रिपोर्ट पेश की। रिपोर्ट में बताया गया कि 24 अक्टूबर को अपराह्न 3.45 बजे बैरक नंबर 8 में निरुद्ध विचाराधीन बंदी रोहिताश पुत्र नेकीराम, रवि पुत्र दयाराम और विजेन्द्र पुत्र रूलीचन्द पर हमला किया गया। इस घटना में बैरक नंबर 8 के बंदी विशाल उर्फ भईया पुत्र बृजलाल, रोशन पुत्र लालचन्द, राज मोहम्मद पुत्र सतार खां, इमामबक्श पुत्र मोहम्मद अकरम तथा वार्ड नंबर 4 के बंदी हाकम पुत्र सुलेमान, छोटू खां पुत्र अब्दुल सतार और नियामत अली पुत्र बक्खू खां शामिल थे। जेल प्रशासन के अनुसार, मारपीट में रोहिताश, रवि और विजेन्द्र को गंभीर चोटें आईं। तीनों का जेल अस्पताल में प्राथमिक उपचार करवाया गया। इसके बाद उन्हें पुलिस अभिरक्षा में राजकीय जिला चिकित्सालय, हनुमानगढ़ टाउन भेजा गया। जेल प्रशासन ने घटना की सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध होने का उल्लेख करते हुए इसे जेल नियमों का उल्लंघन बताया और आरोपित बंदियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने जेल प्रहरी हनुमान सिंह की रिपोर्ट और जेल अधीक्षक के पत्र के आधार पर प्रथम दृष्टया भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

साड़ियों की आड़ में गांजे की तस्करी

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की एंटी-नारकोटिक्स स्क्वाड ने अंतरराज्यीय गांजा तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। अधिकारियों ने बताया कि गांजे को छिपाने के लिए साड़ियों के डिब्बों, साउंड बॉक्स और आरओ-प्यूरीफायर के कार्टन का इस्तेमाल किया जाता था। आरोपियों के पास से 26.466 किलो गांजा बरामद हुआ है।

मछुआरों को पकड़ा

कच्छ। बीएसएफ ने गुजरात के कच्छ जिले में भारत-पाकिस्तान सीमा के पास भारतीय जलक्षेत्र में 'केकड़े पकड़ने' के लिए घुसे चार पाकिस्तानी मछुआरों को रविवार को पकड़ा और उनकी मछली पकड़ने वाली एक नौका जब्त कर ली। कच्छ के सर क्रीक इलाके से इन मछुआरों को पकड़ा गया।

बैंक खाते से अलग-अलग 10 ट्रांजेक्शन के जरिए निकाली राशि

फर्जी ट्रैफिक चालान का लिंक खोलते ही खाते से 4.31 लाख रुपए हुए पार


सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।

साइबर ठगों ने फर्जी ट्रैफिक चालान का लिंक भेजकर एक युवक के बैंक खाते से 4 लाख 31 हजार 200 रुपए निकाल लिए। युवक के मोबाइल फोन पर ट्रैफिक चालान और सीसीटीवी फुटेज के नाम से मैसेज आया था। लिंक खोलते ही उसका मोबाइल फोन हैंग हो गया। इसके बाद बैंक खाते से अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए राशि निकाल ली गई। पीड़ित की रिपोर्ट पर साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, आदर्श एन्क्लेव, बेनीवाल हॉस्पिटल के सामने, हनुमानगढ़ टाउन निवासी भूपेन्द्र सिंह (28) पुत्र नरवैल सिंह जटसिख ने साइबर पुलिस थाना में रिपोर्ट पेश की। परिवादी ने बताया कि 22 अक्टूबर को शाम करीब 5 बजे उसके मोबाइल फोन पर एक मैसेज आया। इसमें 'ट्रैफिक आरजे31जीबी1956 सीसीटीवी फुटेज' और ऑनलाइन चालान का विवरण देखने के लिए लिंक दिया गया था। मैसेज में रेफरेंस नंबर भी अंकित था। लिंक का पता रीएपडर्स डॉट शॉप/आई था। परिवादी के अनुसार, उसने जैसे ही चालान का लिंक खोला, उसका मोबाइल फोन हैंग हो गया। इसके बाद उसके आईसीआईसीआई बैंक खाते से अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए रुपए निकल गए। परिवादी के अनुसार, उसके खाते से कुल 4 लाख 31 हजार 200 रुपए की धोखाधड़ी हुई। सभी भुगतान गूगल पे यूपीआई के जरिए निकाले गए। भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि घटना का पता चलने के तुरंत बाद उसने संबंधित बैंक को सूचना दी और अपना बैंक खाता ब्लॉक करवा दिया। इसके अलावा साइबर हेल्पलाइन और ऑनलाइन पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस के अनुसार, परिवादी की लिखित रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। प्रकरण का अनुसंधान सहायक उपनिरीक्षक कैलाश नारायण को सौंपा गया है। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है।

अध्ययन में खुलासा; बच्चे नहीं, युवा होते हैं ज्यादा रचनात्मक

नई दिल्ली।

आम धारणा है कि छोटे बच्चे बड़ों से ज्यादा कल्पनाशील और रचनात्मक होते हैं, लेकिन एक नए अध्ययन ने इस सोच को चुनौती दी है। शोध में पाया गया कि युवा अपनी रचनात्मकता का बेहतर उपयोग कर पाते हैं, जबकि बच्चे काम को अधिक उत्साह और आनंद के साथ करते हैं। अमेरिका की येल यूनिवर्सिटी, ऑस्ट्रिया की ग्रॉज यूनिवर्सिटी और बेल्जियम की यूसीएलूवेन यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने 4 से 7 वर्ष के 92 बच्चों और 20 से 29 वर्ष के युवाओं पर यह अध्ययन किया। प्रतिभागियों को खाली टिन के डिब्बों से नई वस्तु बनाने, अपनी पसंदीदा ड्रॉइंग बनाने और आठ मिनट में किसी जानवर की तस्वीर बनाने जैसे कार्य दिए गए। अध्ययन में सामने आया कि युवाओं के विचार अधिक मौलिक और उपयोगी थे। खासतौर पर समय सीमा वाले कार्यों में उनका प्रदर्शन बेहतर रहा। हालांकि, बच्चों ने इन गतिविधियों में अधिक खुशी और उत्साह दिखाया।



शोधकर्ताओं के अनुसार, बच्चों का किसी कार्य में पूरी तरह डूब जाना उनकी अधिक रचनात्मकता का प्रमाण नहीं है। उम्र बढ़ने के साथ सोच और अनुभव का विस्तार होता है, लेकिन बड़े लोग अक्सर डर, तनाव और असफलता की आशंका के कारण अपनी रचनात्मकता को सीमित कर लेते हैं।

कार्यक्रम | शिक्षा के बिना कोई देश विकसित नहीं हो सकता

विकास के साथ सांस्कृतिक जड़ों को मजबूत करना जरूरी : जावेद अख्तर

पुणे।

जाने-माने शायर और गीतकार जावेद अख्तर ने कहा कि समाज तेजी से प्रगति कर रहा है, लेकिन सांस्कृतिक जड़ों की मजबूती पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने इसे भविष्य के लिए एक गंभीर चुनौती बताते हुए कहा कि विकास के साथ अपनी संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों को भी संरक्षित रखना जरूरी है। पुणे के विमान नगर स्थित सिम्बायोसिज इशान्य भवन में आयोजित सातवें सिम्बायोसिज लिटरेरी फेस्टिवल के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए अख्तर ने कहा कि हमारा समाज तेजी से आगे बढ़ रहा है, लेकिन सांस्कृतिक जड़ें उतनी गहरी नहीं हो पा रही हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि कोई भी पेड़ मजबूत जड़ों के बिना लंबे समय तक खड़ा नहीं रह सकता। इसी तरह समाज को भी अपनी जड़ों से जुड़े रहकर आगे बढ़ना चाहिए।

कहानियां जहां मिलती हैं... थी फेस्टिवल की थीम : सिम्बायोसिज इंटरनेशनल (डीम्ड यूनिवर्सिटी) की ओर से आयोजित दो दिवसीय साहित्य महोत्सव की थीम 'वेयर स्टोरीज गैदर' रखी गई। इसका उद्घाटन जावेद अख्तर ने किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने पिता और प्रसिद्ध उर्दू कवि जां निसार अख्तर के संपादित कविता संग्रह 'हिंदोस्तान हमारा' पर आयोजित चर्चा में भी भाग लिया।



शिक्षा को बताया विकास की सबसे बड़ी कुंजी : अख्तर ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा के बिना किसी भी देश को विकसित राष्ट्र नहीं कहा जा सकता। उन्होंने कहा कि जितना अधिक समाज शिक्षित होगा, उतना ही अधिक विकास संभव होगा। उन्होंने कहा कि सरकारों और राजनीतिक दलों ने शिक्षा को उतनी प्राथमिकता नहीं दी, जितनी आवश्यकता थी। उन्होंने सिम्बायोसिज के संस्थापक और अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) एस.बी. मजूमदार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और समाज के लिए जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाई है।

गणमान्य लोग रहे उपस्थित

उद्घाटन समारोह में सिम्बायोसिज के संस्थापक एवं अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) एस.बी. मजूमदार, कुलाधिपति डॉ. विद्या येरवडेकर, निदेशक डॉ. श्वेता देशपांडे सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। महोत्सव में साहित्य, संस्कृति और शिक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

दोस्ती के बहाने छात्रा से ठगी

जयपुर। राजधानी में कोचिंग छात्रा से दोस्ती कर एक लाख रुपए ठगने का मामला सामने आया है। भीलवाड़ा निवासी युवती जयपुर में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही है। पुलिस के अनुसार 25 मई 2026 को उसकी आरोपी युवक से मुलाकात हुई थी। आरोपी ने उसे रेस्टोरेंट में बुलाकर धोखे से मोबाइल ले लिया और 50-50 हजार रुपए के दो ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कर अपने खाते में राशि ट्रांसफर कर ली। रुपए लौटाने से इनकार करने और धमकी देने पर छात्रा ने मामला दर्ज करवाया है।

पूर्व मंत्री का पुत्र गिरफ्तार

बांदा। जिले के नरैनी थाना क्षेत्र में रविवार को मासूम दो सगे भाइयों की हत्या के आरोप में पूर्व मंत्री के पुत्र एवं समाजवादी पार्टी के नेता महेंद्र पाल बर्मा को उसके हिस्ट्रीशीटर साथी सहित गिरफ्तार किया गया। इस हत्याकांड में नौ नामजद आरोपियों में अब तक सात की गिरफ्तारी हो चुकी है जबकि हत्या के मुकदमे में नामजद दो महिलाएं अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर है।

स्वामी सीमा सन्देश के लिए प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक ललित कुमार शर्मा द्वारा हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से प्रकाशित एवं सीमा सन्देश मुद्रणालय चक 7 ई छोटी, हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से मुद्रित। आरएनआई रजि नं. 23665/72, पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026 फोन : 2466402/03, मो. 93528-93528, विज्ञापन विभाग : 0154-2466402/03, जयपुर कार्यालय : जे-2 झालाना संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर, फोन : 0141-2700113

सीमा संदेश

ताकत किसान की, जवान की

सभी पाठकगणों का सीमा संदेश परिवार की ओर से

हार्दिक धन्यवाद

हर खबर से निरंतर जुड़े रहें

/seemasandesh_

/officialseemasandesh

/@OfficialSeemaSandesh

/officialseemasandesh

seemasandeshsgr@gmail.com

Join our WhatsApp community
93528 93528

आपकी अपनी आवाज़ – हमसे जुड़े रहें

Helpline: 93528 93528